

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,रविवार 25 अगस्त 2024 ■ भाद्र कृष्ण पक्ष-06 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-147 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


# नया रायपुर में एनसीबी दफ्तर का शुभारंभ

## युवा पीढ़ी को बचाने एक्शन में अमित शाह; बोले- ड्रग्स तस्करों पर होगी कार्रवाई

**रायपुर,25 अगस्त।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नवा रायपुर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो कार्यालय का उद्धघाटन किया। इस अवसर पर प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय,केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने साल 2047 में जब देश की आजादी की शताब्दी मनाई जाएगी तब इस देश को नशे से मुक्त करने का संकल्प लिया है और धीरे-धीरे यह संकल्प 130 करोड़ की आबादी का संकल्प बनता जा रहा है और मैं मानता हूं कि नशा मुक्त भारत का संकल्प समृद्ध सुरक्षित और वैभवशाली भारत के संकल्प के लिए बहुत महत्वपूर्ण है । एक प्रकार से देखे तो नारकोटिक्स केवल भारत की ही समस्या नहीं है वैश्विक समस्या है, भारत को सबसे ज्यादा जागरूक रहने की जरूरत है। अगर यह लड़ाई अभी से जुनून के साथ लड़े तो यह लड़ाई हम जीत सकते हैं। मुझे यह कहने में कोई झिझक नहीं है दुनिया के कई देश इस लड़ाई से हार चुके हैं। भारत में नारकोटिक्स के दूषण से न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ बल्कि नारकोटिक्स के अवैध व्यापार से जो धन मिलता है वह धन आतंकवाद-नक्सलवाद और भारत के अर्थतंत्र को मजबूत करने के काम में भी आते हैं। युवा पीढ़ी को बर्बाद करने वाले ड्रग्स तस्करों पर लगाम लगेगी, उन्हें बख्शा नहीं जायेगा।




### पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करें

उन्होंने कहा कि जब तक हम पूरी चैन को खत्म नहीं करते तब तक यह पूरे नेटवर्क को ध्वस्त नहीं कर पाएंगे। कुछ लोगों को जद में लेकर नारकोटिक्स कंट्रोल नहीं कर सकते। उनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए प्रयास होना चाहिए। ड्रग डिमांड डिडक्शन के लिए राष्ट्रीय कार्यालय के तहत यहां पर साथ पुनर्वास केंद्र चल रहे हैं। छत्तीसगढ़ के चीफ सेक्रेटरी डीजीपी से अनुरोध है कि सातों पुनर्वास केंद्र में कम से कम तीन-तीन घंटा निकाल जाए और उसके एप्लीकेशन पर ध्यान देना होगा। 14 नशा मुक्ति केंद्र राज्य सरकार भी चल रही है। ये सारे पुनर्वास केंद्र और नशा मुक्ति केंद्र को यह हमारे लड़ाई का महत्वपूर्ण केंद्र योजना का हिस्सा होना चाहिए। जो ड्रग लेता है वह सिस्टम का विक्टम है जो इसका व्यापार करता है वह गुनहगार है। वह इस सूत्र को ध्यान में रखकर ये लड़ाई लड़नी होगी। ड्रग छुपाने के तरीके, सिंथेटिक ड्रग की फैक्ट्रियां और प्रयोगशालाएं नई क्रिप्टो की न्यू एज चैलेंज इन सबको जब तक हम समाहित करके रणनीति नहीं बनाते हैं तब तक हम सफल नहीं हो सकते। कई जगह पर ड्रोन से, मोबाइल एप्स से, हेल्थ सेवाओं के माध्यम से भी ड्रग्स बेचने के किस्से सामने आए हैं। उन्हें ध्यान में रखकर एक रणनीति राज्य में बननी चाहिए।

### हर राज्य में खुलेगा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो

उन्होंने कहा कि यह युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का तरीका है और दूसरे और देश की सुरक्षा के साथ नारकोटिक्स से धन से अर्जित करना विधान है। हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ हम देश को नारकोटिक्स फ्री बनाएं। नशा मुक्त बनाएं। पीएम मोदी ने जो संकल्प है उसे पूरा करें। आज रायपुर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जोनल ऑफिस का वर्चुअल उद्घाटन हुआ। 5 हजार स्क्वायर फीट में ये भवन फैला हुआ है जो नारकोटिक्स कंट्रोल के लिए अपने आप में कंप्लीट ऑफिस है। मैं राज्य सरकार का धन्यवाद करता कि हमें भूमि और बाकी सभी सुविधाएं प्रदान की। इनके अंदर प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम समेत सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। यह नारकोटिक्स कंट्रोल के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। हमारा लक्ष्य है कि हर राज्य में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की स्थापना की जाएगी। इसके माध्यम से राज्य सरकार के सहयोग से इसके दूषण को कंट्रोल करने का काम किया जाएगा।

### ड्रग ट्रैफिकिंग का ट्रेंड बदल रहा

शाह ने कहा कि ड्रग ट्रैफिकिंग का ट्रेंड बदल रहा है। इसके तस्कर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जितनी कम मात्रा में ड्रग्स आती है और सबसे ज्यादा नुकसान और सबसे ज्यादा कम कीमत भी उसी की होती है। छत्तीसगढ़ में इसका उपयोग का प्रतिशत 1.1 है, जो सबसे ज्यादा है। एक प्रकार से छत्तीसगढ़ में गांजा की तस्करी आंध्र और ओडिशा की सीमा से होती है। छत्तीसगढ़ में गांजा के नशे का उपयोग 4 फीसदी है जो राष्ट्रीय औसत से 2.83 प्रतिशत ज्यादा है। यह हमारे लिए चिंता का विषय है। इस देश में एक छोटी सी पुड़िया दुकान से बनती है तो ये कब और कहां से आई। इसे ध्वस्त करने के लिए हमें इन्वेस्टिगेशन करना पड़ेगा। नारकोटिक्स का केस कोई एक केस नहीं हो सकता है। पूरे तंत्र को इसके पीछे के बैकग्राउंड को ध्वस्त करने के लिए इन्वेस्टिगेशन की आदत डालनी पड़ेगी। बॉटम टू टॉप से एप्रोच लेना पड़ेगा। एक बड़ी मात्रा में गांजा या ड्रग्स मिलता है तो यह किस-किस के माध्यम से उपयोगकर्ता तक जाना था, उसका भी सर्च करना पड़ेगा। इससे कंट्रोल करने में मददगार होगा।

### युवा पीढ़ी को बर्बाद करने वाले ड्रग्स तस्करों पर नकेल जरूरी

एनसीबी का परफॉर्मेंस बेहतर है। वर्ष 2004 से 2014 तक 1 हजार 250 कैसे रजिस्टर्ड हुए थे। अब 4 हजार 150 हुए हैं, जो 230 प्रतिशत की वृद्धि है विगत 10 साल। कल तक जो अरेस्ट 1 हजार 360 था अब 6300 हुआ है। 364% की वृद्धि हुई है। पूर्व में 52 लाख किलो नारकोटिक्स पर अब 54 हजार 300 किलो नारकोटिक्स पकड़ा गया है। दो पॉइंट 70% की वृद्धि है। 10 साल में 22 हजार करोड़ के ड्रग्स सीज किए गए हैं। इसे रोकने के लिए मानस पोर्टल का उपयोग करना चाहिए। जॉइंट कोऑर्डिनेशन कमेटी का भी उपयोग करें। फंडिंग के सोर्स की जांच करके संपत्ति को जब्त करें। छत्तीसगढ़ जिस तरह से बीजेपी की नई सरकार काम कर रही है। एक विकसित राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ेगी। युवा पीढ़ी को बर्बाद करने वाले ड्रग्स तस्करों पर नकेल कसना जरूरी है। ये नशा मुक्त भारत का संकल्प है। एनसीबी ऑफिस हमेशा सहयोग के लिए रहेगी।

### हाईटेक सुविधाओं से लैस नवा रायपुर का नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो

बता दें कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रायपुर का आंचलिक इकाई नवा रायपुर सेक्टर 24 के केंद्रीय सचिवालय भवन के तृतीय तल पर स्थित है।

## एससी-एसटी एक्ट तभी लगेगा जब अपमान में हो जाति का जिक्र: सुको

**नई दिल्ली,25 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर किसी अनुसूचित जाति-जनजाति के व्यक्ति को उसकी जाति का नाम लिए बगैर अपमानित किया गया है, तो यह मामला एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत अपराध नहीं होगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने एक ऑनलाइन मलयालम न्यूज चैनल के एडिटर शाजन स्कारिया को अग्रिम जमानत देते हुए यह फैसला सुनाया। स्कारिया पर 1989 एक्ट की धारा 3(1)(R) और 3(1) (U) के तहत केस दर्ज हुआ था। उन पर आरोप था कि उन्होंने स्ट समुदाय से आने वाले कुन्नाथुनाड के CPM विधायक पीवी श्रीनिजन को माफिया डॉन कहा था। इस मामले में ट्रायल कोर्ट और केरल हाईकोर्ट ने उन्हें गिरफ्तारी से पहले जमानत देने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा- वीडियो का एससी-एसटी समुदाय के लोगों से लेना-देना नहीं। आरोपी स्कारिया की तरफ से एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा और गौरव अग्रवाल ने दलीलें रखीं। जिसे मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा- एससी-एसटी समुदाय के किसी सदस्य का



जानबूझकर किया गया हर अपमान और उसे दी गई धमकी जाति आधारित अपमान नहीं माना जाएगा। हमें ऐसा कुछ नहीं मिला जो साबित करे कि स्कारिया ने यूट्यूब वीडियो में एससी-एसटी समुदाय के खिलाफ दुश्मनी या नफरत को बढ़ावा देने की कोशिश की है। वीडियो का स्ट या स्ज्ञ के सदस्यों से कोई लेना-देना नहीं है। उनका निशाना केवल शिकायतकर्ता (श्रीनिजन) ही था। 70 पेज का फैसला लिखते हुए जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि केवल उन मामलों में जानबूझकर अपमान या धमकी दी जाती है, जो छुआछूत की प्रथा या ऊंची जातियों के निचली जातियों/अछूतों पर अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए होते हैं। इन्हें 1989 एक्ट में अपमान या धमकी कहा जा सकता है। बेंच ने कहा कि अपमानित करने का इरादा वही है, जिसे कई विद्वानों ने हाशिए पर पड़ी जातियों के लिए बताया है। यह कोई साधारण अपमान या धमकी नहीं है जिसे अपमान माना जाए और जिसे 1989 के अधिनियम के तहत दंडनीय बनाने की मांग की गई है।कोर्ट की सलाह- श्रीनिजन चाहे तो मानहानि का मुकदमा कर सकते हैं माफिया डॉन के संदर्भ का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा- निंदनीय आचरण और अपमानजनक बयानों को देखते हुए, अपीलकर्ता (स्कारिया) के बारे में केवल यह कहा जा सकता है कि उसने IPC की धारा 500 के तहत मानहानि का अपराध किया है। यदि ऐसा है, तो शिकायतकर्ता (श्रीनिजन) के लिए अपीलकर्ता (स्कारिया) के खिलाफ मुकदमा चलाने के रास्ते हमेशा खुले रहेंगे। हालांकि, शिकायतकर्ता (श्रीनिजन) केवल इस आधार पर 1989 एक्ट के तहत केस दर्ज करने की अपील नहीं कर सकता, क्योंकि वह अनुसूचित जाति से है और वीडियो की कॉपी में भी यह साबित नहीं हुआ कि स्कारिया का श्रीनिजन का अपमान करना उसकी जाति से प्रेरित था।

## आरजी कर अस्पताल में 'वित्तीय अनियमितताओं'को लेकर छापा

**नयी दिल्ली/कोलकाता,25 अगस्त।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में इसके पूर्व प्राचार्य संदीप घोष, पूर्व चिकित्सा अधीक्षक सह उप प्राचार्य (एमएसवीपी) संजय वशिष्ठ और 13 अन्य लोगों के कोलकाता में एवं उसके आसपास स्थित परिसरों में रविवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने मरीजों की देखभाल और प्रबंधन के लिए सामग्री की आपूर्ति से जुड़े लोगों के आवासों और कार्यालयों पर भी छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी के कम से कम सात अधिकारी सुबह आठ बजे से घोष से बेलियाघाटा स्थित उनके आवास पर पूछताछ कर रहे हैं, जबकि अन्य अधिकारी वशिष्ठ एवं चिकित्सा प्रतिष्ठान के फॉरेंसिक-मेडिसिन विभाग के एक और प्रोफेसर समेत अन्य से पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बलों के एक बड़े दल के साथ सुबह करीब छह बजे घोष के आवास पर पहुंची सीबीआई की टीम को करीब डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा, जिसके बाद पूर्व प्राचार्य ने दरवाजा खोला। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी के अन्य अधिकारी हावड़ा में एक आपूर्तिकर्ता के घर गए। उन्होंने कहा, ''वशिष्ठ से पूछताछ की जा रही है कि जब वह एमएसवीपी थे, तब अस्पताल में हुई वित्तीय अनियमितताओं के बारे में उन्हें कितनी जानकारी थी।'' सीबीआई अधिकारियों के एक अन्य दल ने अस्पताल में पूर्व प्राचार्य के कार्यालय पर भी छापा मारा और वह शैक्षणिक भवन की कैंटीन (भोजनालय) में भी गया। उन्होंने वर्तमान प्राचार्य मानस कुमार बंद्योपाध्याय को सुबह अस्पताल पहुंचने और चिकित्सा प्रतिष्ठान में छापेमारी के दौरान उनके साथ रहने को कहा। मेडिकल कॉलेज नौ अगस्त को इसके सम्मेलन कक्ष में एक परास्नातक प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के बाद से सुर्खियों में बना हुआ है। इस मामले में आरोपी संजय रॉय को गिरफ्तार किया गया है।

## देश में बनना चाहिए सनातन बोर्ड: विष्णु शंकर

**रायपुर,25 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राम जन्मभूमि के वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन आज राजधानी रायपुर पहुंचे. वे यहां आयोजित ÷राष्ट्रीय गौरव का पुनर्जागरण÷ कार्यक्रम में शामिल होंगे. एयरपोर्ट में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया. मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि देश में सनातन बोर्ड बनना चाहिए. जितने मंदिर, जो सरकार के कंट्रोल में अलग-अलग राज्यों में है. वह सब मुक्त होना चाहिए. उसके प्रावधान भी मैं लोगों के सामने रखूंगा.

वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा, मेरा जो व्याख्यान है वह उन अंगों पर केंद्रित रहेगा, जो बहुसंख्यक समाज की आत्मा के विरोधी है. जो कानून इस देश में बहुसंख्यक समाज को दूसरे जगह नागरिक बनने में कोशिश करने में मजबूर कर रहे हैं. उसके ऊपर मेरा फोकस रहेगा. समाज से और भी जो जुड़े हुए मुद्दे हैं. जहां पर हिंदू समाज के लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है. उनके लिए क्या न्यायालय प्रकरण चल रहा है. उसको लेकर हमारा व्याख्यान रहेगा. देश में एक साथ



कई कानून को बदलने के बयान पर विष्णु शंकर जैन ने कहा, सीपीसी, आईपीसी का सवाल है. वह एक विषय है. मेरा जो फोकस है. मेरा उन कारणों पर है, जो बहुसंख्यक समाज को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाया है, जो सेकुलर शब्द ऐड किया गया है. आर्टिकल माइनॉरिटी का जो कांसेप्ट है. माइनॉरिटी का जो मिनिस्ट्री है. इन सारे विषयों जो हिंदू समाज की आत्मा को झकझोर कर रखता है. उन सब विषय पर हमारा फोकस रहेगा. ज्ञानवापी, कृष्ण जन्मभूमि, कुतुब मीनार, ताजमहल, मस्जिद का हम केस लड़ने जा रहे हैं. ऐसे मंदिर मस्जिद के केस हैं, जो पहले के इतिहास में मंदिर हुआ करता था. इसको जबरदस्ती कब्जा किया गया. इस पर हमारा फोकस रहेगा. उन्होंने कहा, सनातन बोर्ड बनना चाहिए. जितने मंदिर जो सरकार के कंट्रोल में अलग-अलग

## छग खनिज ऑनलाइन पोर्टल को मिला एक्सीलेंस अवार्ड

**रायपुर,25 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के खनिज ऑनलाइन पोर्टल को एक्सीलेंस अवार्ड मिलने पर खनिज विभाग के अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है. प्रदेश में खान एवं खनिजों के समग्र प्रबंधन के लिए छत्तीसगढ़ के खनिज साधन विभाग द्वारा विकसित वेब बेस्ड पोर्टल खनिज ऑनलाइन को इण्डियन एक्सप्रेस ग्रुप द्वारा इंटरप्राईज एप्लीकेशन्स कैटेगरी अंतर्गत टेक्नोलॉजी सभा एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया है. उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 23 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में खनिज विभाग की ओर से यह अवार्ड ज्वाइंट डायरेक्टर एवं खनिज ऑनलाइन के नोडल ऑफिसर अनुराग दीवान ने ग्रहण किया. किसी शासकीय प्रक्रिया को ऑनलाइन करने की यह योजना छत्तीसगढ़ के खनन क्षेत्र में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में एक प्रमुख कदम साबित हुआ है. खनिज ऑनलाईन की सफलता से विभाग अब खनिज ऑनलाईन 2.0 योजना पर प्रयासरत है. जिसमें खानों का जियोफेंसिंग, व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम,



मोबाईल एप्प आदि के साथ-साथ आरटीओ. रेलवे आदि से इंटीग्रेशन सहित निगरानी एवं नियंत्रण के लिए एक सेन्ट्रल कमाण्ड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की योजना पर कार्य कर रही है. वर्ष 2018-19 में खनिज ऑनलाईन परियोजना को शासकीय प्रक्रिया एवं व्यवस्था का डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन के माध्यम से रि-इंजीनियरिंग करने के लिए किये गये पहल एवं क्रियान्वयन में उत्कृष्टता को पहचान एवं बढ़ावा देने हेतु भारत सरकार द्वारा नेशनल अवार्ड फॉर ई-गवर्नेंस भी दिया गया है. गौरतलब है खनिज ऑनलाइन पोर्टल 21 जून, 2017 से संचालित किया जा रहा है. इस पोर्टल में खनन संक्रिया से संबद्ध स्टेकहोल्डर्स जैसे खान मालिकों, प्रोसेसिंग, परिवहनकर्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं, एण्ड यूज प्लांट ऑनर्स को कार्य में सुगमता की दृष्टि से विभिन्न प्रायोजनों के लिए ऑनलाइन आवेदन, सिंगल क्लिक पेमेंट, सिस्टम जनरेटेड बार कोडेड ई-ट्रांजिट पास, एंड-टू-एंड ट्रैकिंग की व्यवस्था की गई है. पोर्टल के माध्यम से खनन संक्रिया, प्रसंस्करण, परिवहन, एंड-यूज आदि में संलग्न सभी स्टेकहोल्डर्स सिंगल प्लेटफार्म में कार्य करते हैं. खनन संक्रिया में संलग्न देश की नवरत्न कंपनियां जैसे एनएमडीसी, एसईसीएल आदि के साथ-साथ निजी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों यथा बालको, हिण्डालको, अल्ट्रोटेक, श्री सीमेंट, ईमामी, जायसवाल निको, गोदावरी पॉवर, जेके लक्ष्मी, नुवोको, अम्बुजा के साथ-साथ छोटे-छोटे डोलोमाईट उत्खनिपट्टाधारकों द्वारा भी खनिज ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से सफलतापूर्वक खनन व्यवसाय किया जा रहा है.

छत्तीसगढ़ में ओलंपिक खेलों को प्रोत्साहन, भाग-4 कैनोइंग

jasclaudius@gmail.com

## बड़े तालाब भी हैं, बांध भी, तो खेलते क्यों नहीं?

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण को 25 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। अन्य क्षेत्रों में इस प्रदेश की उपलब्धि से इंकार नहीं किया जा सकता लेकिन खेलकूद के क्षेत्र में अब तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छाप छोड़ने वाले खिलाड़ियों का अभाव है। ओलंपिक खेलों में हाकी, हैंडबाल, नेटबाल, कराते, व्हालीबाल, कैनोइंग, भारोत्तोलन, बैडमिंटन, फुटबाल, गैर ओलंपिक खेलों में क्रिकेट, शतरंज, मार्शल आर्ट, किक बाक्सिंग, साइकल पोलो आदि खेलों में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। जहां तक ग्रीष्मकालीन या शीतकालीन ओलंपिक खेलों की बात है तो सिर्फ हाकी की खिलाड़ी राजनांदगांव की रेणुका यादव ने 2016 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में रियो द जनेरिया ब्राजील में भारतीय महिला हाकी टीम में शामिल छत्तीसगढ़ की एक मात्र ओलंपियन है। इस प्रकार छत्तीसगढ़ प्रदेश बनने के बावजूद खेल के क्षेत्र में इस राज्य की कोई खास उपलब्धि नहीं रही है। इसके लिए हमें व्यवस्थित तैयारी करनी होगी। सबसे पहले चूंकि बहुखेल स्पर्धा ओलंपिक का सबसे ज्यादा महत्व है अतः उसके 28 कोर खेलों पर विशेष ध्यान देना होगा। छत्तीसगढ़ में ओलंपिक खेलों को प्रोत्साहित करने के इन्हीं 28 खेलों से अधिकाधिक पदक वाले खेलों का चयन करके उसकी तैयारी करवाना या अकादमी की स्थापना करवाना अत्यंत जरूरी है। इसके पहले के तीन आलेखों में क्रमशः एथलेटिक्स, तैराकी, साइकलिंग की महत्ता के बारे में बताया जा चुका है। आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में केनोइंग भी एक खेल है। इसे डोंगी चालन भी कहते हैं। इसमें दो इवेंट होते हैं एक है सालालोम तथा स्प्रिंट दूसरा इवेंट होता है। सालालोम इवेंट के अंतर्गत 6 प्रकार की स्पर्धा होती है। जिसमें तीन राउंड फारमेट होता है। अर्थात् हिट्स, सेमीफाइनल और फाइनल राउंड। एक केनोई कोर्स की लंबाई 250 मीटर होती है जिसमें 25 गेट लगे होते हैं जिसे सही तरीके से पार करना होता है। प्रतिभागी को दो बार ऐसा करना होता है। हिट्स में से पहले 16 स्थानों पर आये प्रतिभागी सेमीफायनल में फिर 12 स्थानों पर आने वाले प्रतिभागी को फायनल में प्रवेश दिया जाता है। इसकेि लए 95 सेकंड होते हैं। इस तरह पुरुष सलालोम सी-1 का इवेंट होता है। पुरुषों के लिए के-1, पुरुषों का कयाक क्रास, फिर महिला सी-1, महिला के-1 तथा महिला कयास क्रास मिलाकर 6 स्वर्ण, 6 रजत, 6 कांस्य पदक सहित 18 पदक होत हैं। इसी तरह स्प्रिंट में पुरुष व महिला वर्ग में सी-1, 1000 मीटर, सीट-2, 500 मीटर, के-1 1000 मीटर के-2, 500 मीटर के-4, 500 मीटर मिलाकर 10 स्वर्ण, 10 रजत, 10 कांस्य पदक सहित 30 पदक होते हैं। इस प्रकार कैनोइंग में 48 पदक होते हैं इसी तरह केनोइंग की विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, एशियाई स्पर्धा, राष्ट्रमंडल खेल में भी लगभग 48 पदकों के लिए मुकाबला होता है। छत्तीसगढ़ में खेल की बहुत संभावना है हमारे कुछ खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस खेल में भाग लिया है। हमारे प्रदेश के लगभग 500 प्रतिशत गांवों में बड़े तालाब हैं जिसमें 50 मीटर तक की स्पर्धा आसानी से हो सकती है। इसके अलावा कम से कम 15 बांध हैं जिनमें एक किलोमीटर तक की प्रतियोगिता हो सकती है। आज भी हम देखते हैं कि राज्य के कई तालाबों में आज भी लोग बांध का, खाली मटके का, ट्यूब आदि का डोंगी बनाकर परंपरागत कार्य करते हैं या फिर उसमें सैर करते हैं अतः छत्तीसगढ़ से इस खेल में प्रतिभा खोजना काफी आसान होगा अगर उन्हें प्रशिक्षित कर दिया जाए तो छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत सकते हैं। याने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष कैनोइंग की स्पर्धा में 48 पदक होते हैं।



### भाजपा सदस्यता अभियान वार रूम का उद्घाटन

**रायपुर,25 अगस्त।** भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन,प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण देव,केंद्रीय मंत्री श्री तोखन साहू,मुरलीधर मोहोल,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडे, मंत्री केदार कश्यप , सदस्यता अभियान के प्रभारी अनुराग सिंहदेव,भाजपा,विधायक गुरु खुशवंत , प्रदेश उपाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सव्वनी, महामंत्री संजय श्रीवास्तव ,रामू रोहरा ,पूर्व विधायक ,नारायण चंदेल ,रजनीश सिंह ,नवीन मार्कण्डेय सहित वरिष्ठ नेतागण मौजूद थे।

### तेंदुए ने किया तीन बकरों पर हमला

**कांकेर,25 अगस्त।** कांकेर जिला मुख्यालय से लगे गोविंदपुर गांव में खूंखार तेंदुआ आ धमका है. देर रात तेंदुआ एक घर में घुसा और तीन बकरों पर हमला कर दिया है, जिससे दो बकरों की मौत हो गई है. वहीं एक बकरे को मारकर अपने साथ जंगल की ओर ले गया. इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है. जानकारी के अनुसार गोविंदपुर निवासी मनोज पाल के घर तेंदुए ने हमला किया है. तेंदुए ने दो छोटे बकरी के बच्चे को मार दिया और एक बकरा को जंगल उठा ले गया.

# संक्षेप

### छुट्टी मिलेगी इसी वजह से मदरसे में तीन नाबालिगों ने मासूम की कर दी हत्या

**नई दिल्ली,25 अगस्त।** नई दिल्ली के दयालपुर के बृजपुरी में एक दर्दनाक घटना घटी, जहाँ तीन नाबालिग बच्चों ने एक पांच वर्षीय मासूम की हत्या कर दी. इन बच्चों की सोच थी कि इस मौत के बाद मदरसे में छुट्टी हो जाएगी. मृतक बच्चे का नाम रोहान था. हत्या में शामिल आरोपियों में दो 11 वर्षीय और एक 9 वर्षीय नाबालिग हैं. उत्तर पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की के अनुसार, इन नाबालिगों का दावा है कि रोहान ने उन्हें अपशब्द कहे थे, जिसके बाद उन्होंने यह योजना बनाई. पुलिस तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकरउनसे पूछताछ कर रही है. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, मृतक के पेट और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रोहान के लिवर और फेफड़ों में गंभीर चोटें थीं, और पेट के अंदर रक्तस्राव हुआ था. पुलिस ने संबंधित मदरसे के सीसीटीवी फुटेज को भी जांच में शामिल किया है.

### हनुमान मंदिर से तीन दानपेटियों की चोरी

**जांजगीर-चांपा,25 अगस्त।** जिले में अपराधियों के हौंसले बुलंद हो गए है और लगातार चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं. शनिवार की रात चोरों ने लोगों के आस्था के केंद्र प्रसिद्ध नहरिया बाबा हनुमान मंदिर में चोरी की घटना की अंजाम दिया और तीन दान पेटी उठा ले गए. घटना की सूचना के बाद पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है और टेक्निकल टीम की मदद से जांच में जुटी है. जांजगीर-चांपा जिला के प्रसिद्ध मंदिरों में एक नहरिया बाबा हनुमान मंदिर है. जहां छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि अन्य प्रांतों लोग अपनी मनोकामना लेकर आते हैं. हनुमान जी के मंदिर में मंगलवार और शनिवार को विशेष भीड़ होती है.

### अनुकम्पा नियुक्ति की याचिकाएं हाईकोर्ट ने की खारिज

**बिलासपुर,25 अगस्त।** अनुकम्पा नियुक्ति को लेकर हाईकोर्ट में लगाई गई तीन अलग-अलग याचिकाओं को रद्द कर दिया है. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि परिवार के मुखिया की मौत के बाद परिवार के सामने आने वाला आर्थिक संकट या गरीबी अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए तय बुनियादी मापदंड हैं. कोर्ट ने यह भी कहा कि इसके अलावा अनुकंपा नियुक्ति के लिए अधिकार के तौर पर दावा नहीं किया जा सकता.

### संकट में सुनीता विलियम्स, बोइंग कैप्सूल का उपयोग नहीं करेगा नासा

**वाशिंगटन,25 अगस्त।** नासा ने शनिवार को घोषणा की कि वह दो फंसे हुए अंतरिक्ष यात्रियों को वापस धरती पर लाने के लिए संकटग्रस्त बोइंग कैप्सूल का उपयोग नहीं करेगा। यह संघर्षरत कंपनी के लिए एक और झटका है। यह कंपनी के लिए आर्थिक से अधिक प्रतिष्ठा को सबसे बड़ा नुकसान है। आपको बता दें कि महीनों से सुनीता विलियम्स अपने एक और साथी के साथ अंतरिक्ष में फंसी हुई हैं। कभी अमेरिकी इंजीनियरिंग और तकनीकी कौशल का प्रतीक रहे बोइंग ने 2018 और 2019 में दो 737 मैक्स विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद अपनी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचते देखा है, जिसमें 346 लोग मारे गए थे। इस जनवरी में एक उड़ान के दौरान मैक्स का पैनल फटने के बाद इसके उत्पादों की सुरक्षा नए सिरे से जांच के दायरे में आ गई। और अब नासा ने फैसला किया है कि अंतरिक्ष यात्रियों को फरवरी तक अंतरिक्ष में रखना ज्यादा सुरक्षित है, बजाय इसके कि बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल का उपयोग करने का जोखिम उठाया जाए। कैप्सूल अपने प्रणोदन प्रणाली में समस्याओं से ग्रस्त है। एयरोस्पेस विश्लेषक रिचर्ड अबौलाफ़िया ने कहा, 'यह सब बोइंग के लिए एक और अपशकुन है। यह थोड़े समय तक चुभने वाला है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है जो उसके साथ पहले न हुआ हो।'

# बीएसपी की रावघाट परियोजना में जुड़े 38 नए गाँव, 22 युवाओं को आईटीआई प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट सीएसआर परियोजना के अंतर्गत, इस शिक्षण सत्र से कई नए कार्यक्रम जुड़ रहे हैं। बीएसपी के सीएसआर विभाग ने अपने कार्य क्षेत्र का विस्तार करते हुए बफर जोन के और भी ग्रामों को सम्मिलित कर सीएसआर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गतिविधियों और परियोजनाओं से भी जोड़ लिया है। अब रावघाट सीएसआर परियोजना के अंतर्गत आने वाले गाँवों की संख्या बढ़कर 60 हो चुकी है। रावघाट सीएसआर गतिविधि के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा रावघाट माइंस क्षेत्र के 10 वीं पास युवाओं को रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा संचालित, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र नारायणपुर में 22 युवाओं का चयन किया गया है। इन युवाओं का चयन 2 वर्षीय निःशुल्क आवासीय आईटीआई प्रशिक्षण हेतु किया गया है। यह रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दिया जा रहा है। आईटीआई प्रशिक्षण के दौरान इन युवाओं को बीएसपी द्वारा रामकृष्ण मिशन छात्रावास में छात्रावास की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में




सीएसआर योजनाओं के तहत रावघाट माइंस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय विद्यालयों में फोर्टिफाइड दूध का वितरण किया जाता है। 2023-2024 सत्र में लगभग 1700 विद्यार्थियों को इस स्कीम का लाभ प्राप्त हुआ था। बफर जोन गांवों की संख्या में वृद्धि के साथ ही इस शिक्षण सत्र से रावघाट क्षेत्र के कुल 82 शासकीय विद्यालयों के लगभग 2500 विद्यार्थियों को प्रतिदिन 200 मिली फोर्टिफाइड दुध का वितरण किया जायेगा। जिससे बढ़ते बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायता मिलेगी और कुपोषण जैसे बीमारी को भी हराने में यह योजना लाभकारी सिद्ध होगी। वर्तमान में रावघाट परियोजना के बफर जोन ग्रामों में, कांकेर जिले के अंतागढ़ ब्लॉक की 8 पंचायतें और 37 गांव शामिल हैं। जबकि नारायणपुर जिले के नारायणपुर ब्लॉक से 9 पंचायत और 23 गांव अब इस परियोजना से जुड़ चुके हैं। 22 मूल बफर जोन गांव की 12370 जनसंख्या इन परियोजनाओं से लाभान्वित हो रही है, जिसमें अंतागढ़ की 5704 और नारायणपुर की 6666 जनसंख्या शामिल है। अब बीएसपी के सीएसआर विभाग ने इसका विस्तार करते हुए इस परियोजना में 38 नए बफर जोन गांवों को शामिल किया है। जिसके अंतर्गत कुल 10086 जनसंख्या इन परियोजनाओं से लाभान्वित हो रही है, जिसमें अंतागढ़ की 5635 और नारायणपुर की 4451 जनसंख्या शामिल है। इस तरह वर्तमान में अंतागढ़ से कुल 11339, नारायणपुर से 11117 सहित वनांचल क्षेत्र से 60 ग्रामों के कुल 22456 ग्रामीण जनसंख्या सीएसआर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न परियोजनाओं से लाभान्वित होगी। अब इन नए गांवों में भी बीएसपी का काम होगा तथा स्कूल, नर्सिंग, आईटीआई, दूध उपहार आदि योजनाओं के माध्यम से नये गांवों को भी बढ़ावा मिलेगा और इनका विकास होगा। इन नए गावों में कोसरोंदा, सत्तीघाट, रेखाभट, हुरतराई, भटनार, छोटेजैतपुरी, टोटिनडंगारा, तहसील डंगारा, सरायपारा, पल्लेकासा, झपमरका, पीढ़ाबेड़ा, सुपगांव, तेलसी, सुलेंगा आदि सहित कुल 38 गांव जोड़े गए हैं।

## एक नजर

### आप सभी की शुभकामनाओं के लिए आभार एवं धन्यवाद:भावना बोहरा



**कवर्धा 25 अगस्त।** आप सभी के स्नेहपूर्ण बधाई, शुभकामनाओं और आशीर्वाद रुपी संदेशों से अभिभूत हूँ। अपने परिवार की भांति इतना अपनापन एवं स्नेह प्रदान किया उसके लिए मैं आप सभी को हृदय से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ। आप सभी का यह स्नेह, आशीर्वाद, सहयोग और विश्वास ही मेरी ऊर्जा है, जो आपकी सेवा और अपने कर्तव्यों एवं संकल्पों को पूरा करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करती है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा की मुझे विश्वास है कि जीवन के हर पथ में आप सभी का मार्गदर्शन एवं सहयोग व आशीर्वाद मुझे प्राप्त होता रहेगा। आप सभी के इसी आशीर्वाद से हम मिलकर समृद्ध पंडरिया के संकल्प को जरूर पूरा करेंगे।

### मारपीट मामले में आरोपी को भेजा जेल

**भिलाई 25 अगस्त।** छावनी पुलिस ने सजायाफ्त दीपक सिंह नेपाली को कोर्ट में पेश किया उसे जेल भेजा गया छावनी पुलिस ने धारा 327 के एक मामले में कोर्ट से चार दिन का रिमांड लिया था तीन दिन में ही पूछताछ कर उसे जेल वाखिल कराया गया पुलिस ने बताया कि 20 अगस्त को कोर्ट से पुलिस रिमांड लेकर उसे थाना लाया गया था मारपीट के प्रकरण में 72 घंटे तक पूछताछ की इसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर दिया।

### आपसी विवाद में मौत,एक गिरफ्तार

**भिलाई 25 अगस्त।** रानीतराई थाना अंतर्गत ग्राम खपरी में आपसी विवाद में एक व्यक्ति की अचानक तबीयत बिगड़ने से उसे रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उसकी मौत हो गई। इस मामले में रानीतराई पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम खपरी में 9 अगस्त को फकीरा प्रसाद शुक्ला (82 वर्ष) दीवाल खड़ी कर रहा था। भगत पटेल (60वर्ष) ने दीवाल को बनाने से मना किया और दीवाल को पैर से मार कर गिरा दिया जब फकीरा पटेल को इस बात की जानकारी हुई तो गोठान के पास भगत को थप्पड़ मार दिया इसके बाद भगत पटेल ने भी फकीरा प्रसाद शुक्ला से गाली गलौच किया दोनों के बीच में गांव के समझाइश के बाद सभी लोग अपने अपने घर चले चले कुछ देर बाद शाम को फकीरा प्रसाद शुक्ला फिर से भगत पटेल के घर चला गया, विवाद के बाद भगत पटेल के बेटे ईश्वर पटेल ने फकीरा प्रसाद शुक्ला को उसके घर छोड़ दिया। 9 अगस्त की रात 8 से 9 बजे उसकी तबीयत बिगड़ी तो उसे पाटन अस्पताल ले जाया गया जहां से रायपुर अस्पताल रिफर कर दिया गया रायपुर के मेकाहारा अस्पताल मे उसी रात्रि करीब 3 बजे फकीरा प्रसाद शुक्ला ने दम तोड़ दिया था प्रोफेसर से।

### हुडको में पूर्व छात्रों ने सुभाष चंद्र पार्क में किया पौधरोपण



**भिलाई, 24 अगस्त ।** आमदी नगर हुडको में पूर्व छात्रों द्वारा वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता तिमिर भट्टाचार्य के नेतृत्व में सुभाष चंद्र पार्क में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने अपने पुराने छात्र जीवन की स्मृतियों को याद करते हुए समाज सेवा का संकल्प लिए।

### बृजेश तिवारी ने चित्रकला के क्षेत्र में हासिल की एक और उपलब्धि



**भिलाई, 25 अगस्त ।** प्रसिद्ध चित्रकार बृजेश तिवारी ने चित्रकला के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। बृजेश ने चौदहवीं अंतरराष्ट्रीय वाटर कलर पेंटिंग प्रतियोगिता 2024 अजमेर (राजस्थान) में प्रसिद्ध चित्रकार एम. एफ. हुसैन आइकन अवार्ड (प्रथम पुरस्कार) प्राप्त किया। वर्तमान में बृजेश दुर्ग जिला चित्रकार एवं मूर्तिकार संघ के सचिव हैं। छत्तीसगढ़ कला बिरादरी ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाईयाँ और शुभकामनाएं दी।

## निधन

### छन्नू लाल चंद्राकार

**उतई 25 अगस्त।** ग्राम डिडगा निवासी छन्नू लाल चंद्राकार सेवानिवृत्त शिक्षक आयु 81 का 23 अगस्त को निधन हो गया जिसका अंतिम संस्कार 24 अगस्त शनिवार को गृह ग्राम डीडगा मुक्तिधाम में किया गयास्वर्गीय छन्नू लाल चंद्राकार जिसे चंद्राकार गुरुजी के नाम से जाने जाते थे श्रीमति लता चंद्राकार व श्रीमति नीलकुमारी के पिता जी और श्रीमति सुरजा बाई चंद्राकार के पति थे ।



# बीएसपी की नंदिनी खदान को मिली अत्याधुनिक मशीनों की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नंदिनी खदान को 2 अत्याधुनिक मशीनें काकंस (सतत परिवेशीय वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन) एवं उच्च गुणवत्ता व नवीन तकनीक से लैश ड्रिल मशीन प्राप्त हुई हैं। ये अत्याधुनिक मशीनें नंदिनी खदान में, सुरक्षित वातावरण के निर्माण में सहायक होंगी। नंदिनी खदान में वर्ष 1958 से चूना-पत्थर का उत्खनन हो रहा है। चूना-पत्थर के उत्खनन के साथ-साथ पर्यावरण के बचाव हेतु नंदिनी खदान प्रबंधन द्वारा विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। इस क्षेत्र में प्रबंधन द्वारा अब तक लगभग 9.2 लाख पौधा रोपण किया गया है। जिससे खदान के चारों ओर वृहद हरितमा देखने मिलती है। खनन के दौरान धूल एवं हानि कारक गैस की मॉनिटरिंग करना आवश्यक होता है। इसकी निगरानी छतीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर द्वारा की जाती है जो कि पर्यावरण मंत्रालय से सम्बद्ध है। नंदिनी खदान में चूना पत्थर का उत्खनन करने के लिए ड्रिलिंग ब्लास्टिंग की आवश्यकता होती है। वर्तमान में प्रयुक्त ड्रिल मशीन पुरानी होने के वजह से उत्पादकता एवं उत्पाद की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए, भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा नंदिनी खदान में 2.15 करोड़ की लागत से निर्मित यह विश्वस्तरीय आधुनिक ड्रिल मशीन उपलब्ध कराई गयी है। इस ड्रिल मशीन से अब खदान से उच्च गुणवत्ता युक्त चूना-पत्थर, भिलाई इस्पात सयंत्र को आपुर्ति करने में सहायता मिलेगी तथा उत्पादन लागत में कमी आएगी।




# उमरपोटी की महिलाओं ने धूमधाम से मनाया कमरछठ का पर्व



**भिलाई, 25 अगस्त ।** वेदांत नगर फेज-1 उमरपोटी की महिलाओं ने कमरछठ (हलषष्ठी) का पर्व धूमधाम से मनाया। कथावाचन पं ऋषिकेश अवस्थी ने किया। इस आयोजन में रेणु साहू, डॉ. सत्यभामा देशमुख, ऋतु यादव, रानू साहू, तुलेश्वरी साहू, अन्नपूर्णा वर्मा, कल्पना साहू, भुनेश्वरी साहू, भूमिका साहू, रेणुका बघेल, रामकली बंधे, चंपा साहू, हेमलता, सरिता साहू, लता साहू, उषा साहू, पुष्पा देवांगन, अंजू भोजा, सकुन, लोकेश्वरी, प्रगति, रेखा, अपराजिता, मधु पांडेय, डॉ. शिखा पांडेय उपस्थित थीं। आयोजन को मूर्त रूप देने में नीलकंठ साहू की प्रमुख भूमिका रही।

# बीएसपी शिक्षा विभाग ने खेल प्रतिभाओं का सम्मान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 25 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को भिलाई निवास में इन स्पर्धाओं के प्रतिभागी, विजेता एवं पदक प्राप्त खिलाड़ी विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता द्वारा की गयी। साथ ही मंच पर मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, महाप्रबंधक श्रीमती शिखा दुबे, उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित थे। अपने उदबोधन में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी व शिक्षा विभाग की प्रशंसा की। मुख्य महाप्रबन्धक उत्पल दत्ता ने अपने उद्बोधन में कहा विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी संयंत्र एवं राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं। महाप्रबंधक (शिक्षा) श्रीमती शिखा दुबे ने स्वागत भाषण में अतिथियों के स्वागत के साथ, खेल की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व निर्माण में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के कड़े परिश्रम, त्याग एवं दृढ़संकल्प की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उपमहाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। संचालन श्रीमती आर सिसिली छाया दिनकर एवं सुश्री महुवा चटर्जी द्वारा किया गया।

# एनसीसी कैडेटों ने मनाया प्रथम अंतरिक्ष दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 अगस्त ।** कल्याण महाविद्यालय के एनसीसी एसडी कैडेटों ने शुक्रवार को प्रथम अंतरिक्ष दिवस मनाया। एनसीसी अधिकारी ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री ने 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान के लैंडिंग साइट का नाम शिव शक्ति पॉइंट रखा और इस दिन को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस घोषित किया। कैडेट दुर्गाशंकर ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के जीवन पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को सफल बनाने में कैडेट ऋषि सोनी, कैडेट सोमदत्त, एसयूओ जय कुमार, जेयूओ भावेश कुमार सार्जेंट विक्रम सरकार, उमेश कैडेट दुष्यंत, नागेश्वर, अर्पित, हंसराज, हरीश मोटघरे, राजीव, रोहन, घनश्याम, सहित 17 कैडेटों ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम में डॉ0 शिप्रा सिन्हा विभागाध्यक्ष जुलॉजी, डॉ0 मयूरपुरी गोस्वामी विभागाध्यक्ष गणित, डॉ0 नरेश देशमुख विभागाध्यक्ष रसायन व नितेश गुप्ता सहा0 प्राध्यापक कम्प्यूटर विभाग के साथ विज्ञान संकाय के दो सौ पचास से अधिक छात्र - छात्रा भी उपस्थित रहे। संचालन ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप ने किया।




# डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में मनाया गया जन्माष्टमी का उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 अगस्त ।** डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर-2 में जूनियर और सीनियर विंग के विद्यार्थियों द्वारा जन्माष्टमी का उत्सव बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। यह दिन नंदोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला येलो डे से कम नहीं था। नन्हे-मुन्ने बच्चे पीले परिधान में आए, उनमें से अधिकांश श्री कृष्ण की तरह सजे-धजे थे और बच्चियां राधा के रूप में रंगीन परिधानों में थीं। भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का उत्सव वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ। इसके बाद कई तरह के मनोरंजक कार्यक्रम और गतिविधियां हुईं, जहाँ बच्चों ने समूह नृत्य, गीत और दिन के महत्व से संबंधित भाषण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रिंसिपल प्रियंका शुक्ला ने नन्हे-मुन्नों से दिन के महत्व के बारे में बातचीत की और सभी को कृष्ण जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। सबसे अच्छे कपड़े पहनने वाले लड़के और लड़की को क्रमशः मिस्टर नटखट और मिस राधा की उपाधि से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले और सबसे अच्छे कपड़े पहनने वाले बच्चों को विशेष उपहार भी दिए गए। नन्हे-मुन्नों ने दोनों छोर पर रस्सियों से बंधे छोटे मिट्टी के बर्तन (हांडी फोड़) को तोड़ने में भी भाग लिया और अपने शिक्षकों की देखरेख में अपनी पहुंच के भीतर रखे छोटे बर्तनों को तोड़ने के लिए आगे बढ़ते हुए नन्हे-मुन्नों को देखना एक आकर्षक कार्यक्रम था।



### माँ शेरावाली के मंदिर में जन्माष्टमी-उत्सव 26 को

**भिलाई, 25 अगस्त ।** माँ शेरावाली का दरबार मंदिर मे जन्माष्टमी का उत्सव सोमवार 26 अगस्त को मनाया जायेगा। रात्रि 8 बजे से भजन एवं मध्य रात्रि 12 बजे जन्मोत्सव मनाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए के एन प्रेमनाथ ने सभी भक्तजन से मंदिर में आकर जन्मोत्सव में उपस्थित होकर अपने जीवन को धन्य बनाने का आग्रह किया है।

## समाचार संक्षेप

### रानीतराई अंचल में माताओं ने व्रत रख संतानों की लंबी आयु के लिए किया हलषष्ठी पूजन



**उतई 25 अगस्त।** रानीतराई अंचल में ग्रामों रानीतराई,असोगा, कौही , बोरेंदा ,केसरा, डिडगा,औंसार,दिघारी,करेला,खपरी, चुलगहन , निपानी , पहन्दा,बीजाभाठा, सहित पुरे क्षेत्रों में हलषष्ठी मनाया गया। पुजारी ने बताया कि यह पर्व श्री बलरामजी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। चूंकि बलराम जी का प्रधान शस्त्र 'हल' और 'मूसल' है। अस्तु इस दिन को हलषष्ठी, हरछठ या ललही छठ के रूप में मनाया जाता है और श्री बलराम को 'हलधर' के नाम से जाना जाता है। इस दिन गाय के दूध और दही का सेवन करना भी वर्जित है। इस दिन व्रत करने का भी विधान है। व्रत करने से जो संतानहीन है, उन्हें श्रेष्ठ संतान की प्राप्ति होती है और जिनकी पहले से संतान है, उनकी संतान की आयु, आरोग्य और ऐश्वर्य में वृद्धि होती है। हलषष्ठी व्रत के दिन श्री बलराम के साथ-साथ भगवान शिव, पार्वती जी, श्री गणेश, कार्तिकेय जी, नंदी और सिंह आदि की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। हलषष्ठी व्रत का शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और व्रत कथा के बाद विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर, पूजा के लिए सतनाजा (यानी सात तरह के अनाज जिसमें आप गेंहू, जौ, अरहर, मक्का, मूंग और धान) चढ़ाएं। इसके बाद हरी कजरियां, धूल के साथ भुने हुए चने और जौ की बालियां चढ़ाएं। अब कोई आभूषण और हल्की से रंगा हुआ कपड़ा चढ़ाएं। उसके बाद भैंस के दूध से बनें मक्खन से हवन कर कथा सुनें।

### पंडरिया विधायक भावना बोहरा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**कवर्धा 25 अगस्त।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा के जन्मदिन के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने गुलदस्ता और गणेश जी की प्रतिमा भेंटकर जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी । सुबह से ही पंडरिया विधायक को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा । जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी , युवा बीजेपी नेता रूपेश जैन , सरपंच प्रदीप गोस्वामी , साजा , कवर्धा , बेमेतरा और थान खमहरिया और बेमेतरा , सहसपुर लोहारा , पांडातराई और पंडरिया से लोगो ने रणवीरपुर पहुंचकर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को गुलदस्ता भेंटकर और केक , मिठाई खिलाकर जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी ।

### इस वर्ष मेरा जन्मदिन मेरे लिए बहुत ही ख़ास और भावनाओं से भरा हुआ है: भावना बोहरा



**कवर्धा 25 अगस्त।** ग्राम सेमरहा के बच्चों के साथ केक काटकर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जन्मदिन मनाया । अपना जन्मदिन मनाने का अवसर मिला। यह पल मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगा। मेरे जन्मदिन पर बच्चों ने मुझे उपहार भी दिया जिसे पाकर मन बहुत ही भावुक और खुश भी है। मेरे प्रति उन बच्चों का यह स्नेह देखकर मन को बहुत ही प्रसन्नता हुई। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि मुझे इसी प्रकार अपना आशीर्वाद और शक्ति प्रदान करते रहे ताकि मैनें उन सभी 24 बच्चों के अभिभावक के रूप में जो जिम्मेदारी ली है उसे पूरी निष्ठा से निभा सकूँ। बधाई और शुभकामनाओं के लिए सभी बच्चों को बहुत सारा स्नेह और धन्यवाद।

### संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने की भगवान बलराम की पूजा-अर्चना की

**कवर्धा 25 अगस्त।** प्रोफेसर कॉलोनी के माताओ ने हलषष्ठी त्योहार उपवास रहकर बड़े धूमधाम से अपने बच्चों का उज्जवल भविष्य के लिए उपवास रखें । पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती आशा तंबोली सहित उपवास करने वाली माता उपस्थित रही ।



## एक नजर

### भालू के हमले से ग्रामीण जख्मी



**डोंगरगढ़ 25 अगस्त।** भालू के हमले एक अधेड़ ग्रामीण गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसको ईलाज के लिए शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में प्राथमिक रूप से ईलाज के बाद गंभीर रूप से ग्रामीण को ईलाज के पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया। बताया जाता है कि कुरेंझर बोरतलाव निवासी चैनलाल उईके पिता परसराम उईके 24 अगस्त की सुबह 08 बजे के आसपास जंगल गया हुआ था इस दौरान मादा भालू और उसके दो शावक बच्चों के द्वारा अधेड़ ग्रामीण के ऊपर हमला कर दिया। ग्रामीण ने अपने पास रखे टंगीया का उपयोग कर गम्भीर रूप से घायल स्थिति में अपनी जान बचाकर घर पहुंचा जिसके बाद परिजनों के द्वारा घायल अधेड़ ग्रामीण को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ लाया गया। जिसका प्राथमिक उपचार के पश्चात पेंड्री स्थित मेडिकल कालेज भर्ती किया गया। इसकी सूचना मिलने के बाद वन विभाग के उप वन मंडलाधिकारी पूर्णिमा सिंह राजपूत व वन परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पेंद्र गोस्वामी सहित डिप्टी रेंन्जर शैलेश उजवने, वनपाल दामोदर कोसरे मौके पर पहुँचकर पीड़ित परिवार को ईलाज के लिए विभाग के द्वारा दिये जाने वाले राहत राशि देकर पीड़ित ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज भेजा गया। गंभीर रूप से घायल श्री उईके को सर पर गंभीर चोट आई है इसको लेकर वनपाल दामोदर कोसरे का कहना है कि अधेड़ ग्रामीण जंगल में फुटु खोजने गया था और इस दौरान मादा भालू और उसके दो शावक बच्चे ने प्राणघातक हमला कर दिया होगा।

### दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि पर ऋषि भवन में श्रद्धांजलि दी गई



**नगरी 25 अगस्त।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राज ऋषि भवन नगरी में आज ( 25 अगस्त ) को आदरणीय राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 17वीं पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। उक्त अवसर पर ब्रह्मकुमारी पार्वती बहन तथा ब्रह्मकुमारी परमेश्वरी बहन सहित सेंटर के भाई-बहनों ने दादी जी को दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस मौके पर ब्रह्मकुमारी पार्वती बहन ने कहा कि ईश्वरी यज्ञ की मुख्य प्रशासिका आदरणीय दादी जी के नेतृत्व में देश-विदेश में परमात्म संदेश पहुंचाने की बेहद सेवाएं हुई है। दादी जी की श्रेष्ठ पालन व अनमोल शिक्षाओं ने लाखों मनुष्यों के जीवन में को श्रेष्ठ बनाया है, ऐसी महान विभूति की गुणों व विशेषताओं को जीवन में धारण करने का संकल्प लेकर उन्हें स्नेहांजलि अर्पित करते हैं इस अवसर पर ईश्वरीय परिवार के समस्त भाई बहन उपस्थित रहे।

### ओमकार साहू बने प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता गौसेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष



**डोंगरगांव 25 अगस्त।** पशुधन विकास विभाग में कार्य आधारित मानदेय में कार्य करने वाले प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, मैत्री और पशुसेवक का शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय गठन पशु चिकित्सालय परिसर में हुआ जिनमे सर्वसम्मति से डोंगरगांव ब्लॉक का अध्यक्ष श्री ओमकार साहू, उपाध्यक्ष श्री टिकेश्वर साहू, सचिव श्री सेवक दास साहू और संरक्षक के रूप में होमप्रकाश साहू को चुने गए। अध्यक्ष साहू ने बताया कि हम लोग पशुधन विकास विभाग का प्रमुख कार्यों में पशुओं में नस्ल सुधार, टीकाकरण, बधियाकरण होता है, जिनमे हम लोगो का कार्य में विशेष योगदान रहता है इनके अलावा विभागीय अन्य गतिविधियों में कार्य करते है और हम लोग लंबे समय से कार्य कर रहे है पर समय में मानदेय नहीं मिलता। हम लोगो की शासन प्रशासन से मांग करते है कि कार्य आधारित मानदेय को बंद करके एक निश्चित मासिक मानदेय दिया जाये जिसने परिवार का भरण पोषण हो सके। बैठक में धर्मेश साहू, गैंदलाल साहू, खोलबहरा राम यदु, गजेंद्र साहू, भुनेश्वर साहू, ललित मेश्राम, पीलू राम साहू ने गठन में भाग लिया और सभी पदाधिकारी को बधाई दिया।

### सट्टा खेलाने वाले पर पुलिस चौकी तुमडीबोड ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव 25 अगस्त।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहूल देव शर्मा एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देशन पर अवैध रूप से अंको का रूपये पैसे का दाव लगाकर सट्टा लिखने वालो पर अंकुश लगाने हेतु कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 24/08/2024 को हमराह स्टाप के जुर्म जरायम पतासाजी दौरान मुखबीर से सुचना प्राप्त हुआ कि गुड्डू उर्फ श्रीकांत सोनवानी नाम व्यक्ति ग्राम तुमडीबोड गौठान गणेश मंच के पास अंको पर पैसा का दाव लगाकर सट्टा लिख रहा है। कि सुचना पर गवाहों को तलब कर हमराह आर के साथ ग्राम तुमडीबोड गौठान गणेश मंच के पास जाकर रेट कार्यवाही किया। मौके पर एक व्यक्ति अवैध रूप से अंको पर पैसों का दाव लगाकर सट्टा लिख रहा था। आरोपी के कब्जे से 02 नग सट्टा पट्टी, 01 नग नीला रंग का डॉट पेन, नगदी रकम 1800/रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 00/24 धारा छ.ग.जुआ प्रति.अधि.की धारा 06 कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरी.कैलाश चंद्र मरई, सउनि तुलाराम बांक, आर. 494 चंद्रशेखर यादव, आर. 74 दुर्गा प्रसाद साहू की भूमिका सराहनीय रहा है।

# ब्लाक आयुष स्वास्थ्य मेला में 467 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी

■ मुख्य अतिथि खुज्जी विधायक भोलाराम साहु

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता, जसीम कूरैशी




**छुरिया 25 अगस्त।** संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम् स्न्नष्टयोपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं ज़िला आयुष अधिकारी राजनांदगाँव के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 23/08/2024 दिन शुक्रवार को एकदिवसीय विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन, जिसमें निःशुल्क आयुर्वेद एवम् होम्योपैथी शिविर का आयोजन व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु आयुष काढ़ा का वितरण चिरचारी खुर्द, विकासखंड छुरिया, ज़िला राजनांदगाँव में किया गया ।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमान भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, श्री गिरधारी लाल साहू कार्यकारिणी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा, श्री डुमेश्वर साहू पूर्व जनपद सदस्य, कमता प्रसाद साहू उपाधयक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा, श्रीमति चित्ररेखा साहू सरपंच ग्राम पंचायत चिरचारी खुर्द, कृष्ण कुमार साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति चिरचारी खुर्द, श्री राजकुमार सिन्हा, श्री पूरन नेताम, श्री हरिराम पुजारी,श्री देवेंद्र कुमार साहू, श्री ऐंद्रं कुमार साहू ग्राम पटेल एवं ग्राम के समस्त पंचगण व ग्राम के गणमान्य नागरिकों, शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, डॉ वर्षा नागवंशी विशेषज्ञ चिकित्सक,डॉ तपेश्वर सिंह, डॉ हर्षा चौरसिया, के द्वारा भगवान धन्वन्तरि की पूजा अर्चना कर किया गया। जनप्रतिनिधियो ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराकर शासन के योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुँचाने के प्रयासों को खूब सराहना किया । इस शिविर में कुल 467 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें लोगों को निःशुल्क आयुर्वेद / होम्योपैथी औषध एवं आयुष काढ़ा प्रदान किया गया । निःशुल्क औषधि वितरण के साथ ही शिविर में निःशुल्क बी पी की भी जाँच किया गया । इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, डॉ वर्षा नागवंशी, डॉ तपेश्वर सिंह, आदि आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ हर्षा चौरसिया,होमियोपैथी चिकित्सा अधिकारी, देवदास साहू, बसंत राजपूत, धीरजी राम सिंन्हा, भारत सूर्यवंशी सूर्यवंशी, आदि आयुर्वेद फ़ार्मासिस्ट, तोमन लाल ठाकुर, दीपक कुमार कोर्राम, गजेंद्र ठाकुर, रूपेश कुमार, औषधालय सेवक, शंकर लाल कंवर, तेजपाल यादव, श्री छगन राम वर्मा (योग प्रशिक्षक)इत्यादि ने अपनी सेवाये दी ।

# विपक्ष की आवाज दबा रही साय सरकार:चौबे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 25 अगस्त।** प्रदेश की भाजपा सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदा बाजार में आगजनी जैसी भयावह घटना घटी है अब प्रदेश की भाजपा सरकार अपनी नाकामी छिपाने तानाशाही रवैया अपनाते हुए कांग्रेस नेताओं पर षडयंत्रपूर्वक कार्यवाही कर कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव एवं युवक कांग्रेस-एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर 24 अगस्त को कांग्रेस द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन कर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाएं।

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन प्रभारी रविन्द्र चौबे की उपस्थिति में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को दोपहर 12 से 03 बजे तक महावीर चौक फ्लाई ओव्हर के नीचे धरना-प्रदर्शन कर प्रदेश की तानाशाह भाजपा सरकार पर कांग्रेसजनों ने जमकर हल्ला बोला। इससे पूर्व सर्वप्रथम अंहिसा के पुजारी बापू महात्मा गांधी जी के तैलचित्र पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

धरना-प्रदर्शन प्रभारी व पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ने उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे युवा विधायक देवेन्द्र यादव सहित कांग्रेस नेताओं पर षडयंत्रपूर्वक राजनैतिक द्वेष के चलते पुलिस कार्यवाही कर जेल भेज रही है। हम कांग्रेस अंग्रेजों से नहीं डरे तो इस भाजपा सरकार से क्या डरेंगे। प्रदेश की भाजपा सरकार सतनामी समाज को बदनाम कर उनकी एकता को तोड़ने की कोशिश कर रही है। आठ माह की साय सरकार पूर्णतः विफल सरकार है। पूर्ववती कांग्रेस सरकार की जनहितकारी योजनाओं को साजिश के तहत बंद कर रही है। आज गौठान बंद हो गए है आवारा मवेशी रोड़ में आ रहे हैं जिससे दुर्घटनाएं बढ़ गई है वहीं आत्मानंद स्कूल बंद होने के कगार पर है। राज्य की भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का कार्य का रही है और अपनी सारी विफलताओं को साय सरकार छूपा रही है और ईडी और सीबीआई भेजकर कांग्रेस नेताओं को डराने का असफल प्रयास कर रही है।

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने प्रदेश की साय सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार व पुलिस बताये कि किन भाजपा नेताओं को नोटिस दिया है किससे पूछताछ की गयी। भाजपा सरकार का चरित्र और व्यवहार 8 माह में ही अलोकतांत्रिक हो गया है। विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमें में फंसा कर गिरफ्तार किया गया। मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगों को चिन्हांकित करके उनको जेलों में डाला गया। हम सरकार से न्याय संगत कार्यवाही की माग करते है।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा अजा मोर्चा ने लोगों को पौधे बांटे



**राजनांदगांव 25 अगस्त।** जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राजनंदगांव के कार्यकर्ताओ ने बाटे पौधा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर जिला राजनांदगांव भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने दिनांक 23 अगस्त को पोस्ट ऑफिस चौक राजनांदगांव में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आयोजन किया गया है जिसमे पोस्ट आफिस के सामने हर आने जाने वालों को मां के नाम एक पेड़ लगाने के लिए सभी लोगों को प्रेरित किया गया और 2000पौधा का वितरण किया गया । इस कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष रवींद्र रामटेके, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महामंत्री जितेन्द्र गेन्डरे, दीपेश शेन्डे, एवं जिला मंत्री प्रकाश गोण्डाने ,संकेत रामटेके,एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राजनंदगांव के कार्यकर्ताओ ने बाटे पौधा।माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर जिला राजनांदगांव भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने दिनांक 23 अगस्त को पोस्ट ऑफिस चौक राजनांदगांव में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आयोजन किया गया है जिसमे पोस्ट आफिस के सामने हर आने जाने वालों को मां के नाम एक पेड़ लगाने के लिए सभी लोगों को प्रेरित किया गया और 2000पौधा का वितरण किया गया । इस कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष रवींद्र रामटेके, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महामंत्री जितेन्द्र गेन्डरे, दीपेश शेन्डे, एवं विनोद रामटेके,संकेत रामटेके, प्रवेश रामटेके,लखन देशलहरे , ललित रामटेके,शहर अध्यक्ष विनोद भारती, उपाध्यक्ष अनिल तुरकने, महेश महोबे, शहर मंत्री प्रवेश इलमकार ,लखन देशलहरे , कृष्णा तिवारी ( बॉबी ), एवं समस्त मंडल मोर्चा के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### असामाजिक तत्वों के खिलाफ डोंगरगढ़ पुलिस ने की कार्रवाई




**डोंगरगढ़ 25 अगस्त।** गोविन्दा उत्सव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देश पर अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी महोदय डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोंलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है इसी अभियान के तहत 24 अगस्त 2024 को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा शहर में आम जनता शांति एंव सैहाद्रपूर्ण से गोविन्दा उत्सव मना सके इसे ध्यान में रखते हुये शहर के आदतन बदमाश, हुडदंगियो, असमाजिक तत्व एवं हमेशा मारपीट लड़ाई-झगड़े में संलिप्त रहने वाले 09 व्यक्तियों जिसमें मोन्टु निषाद पिता मुधलाल निषाद उम्र- 29 साल साकिन खुंटापारा डोंगरगढ़ धनेश यादव पिता फगुवा यादव उम्र- 24 साल साकिन कश्मीरी पारा डोंगरगढ़। लक्ष्मण राठौर पिता हीरालाल राठौर उम्र- 27 साल साकिन इंदिरा नगर डोंगरगढ़। समसुद्दीन कुरैशी पिता कुदबुद्दीन कुरैशी उम्र- 26 साल साकिन कश्मीरी पारा डोंगरगढ़। भास्कर वर्मा पिता परदेशी राम वर्मा उम्र- 30 साल साकिन अछोली डोंगरगढ़। पियुष परिहार पिता विजय परिहार उम्र- 24 साल साकिन पटेल वार्ड डोंगरगढ़। भोजराज सिंह राजपुत पिता संघा सिंह राजपुत उम्र- 55 साल साकिन भगत सिंह चौक डोंगरगढ़। सुमीत कुमार घरड़े पिता रमेश कुमार घरडे उम्र- 27 साल साकिन भुरवाटोला अटल आवास डोंगरगढ़। सन्जु थापा पिता स्व0 धन बहादुर थापा उम्र- 30 वर्ष साकिन रजानगर डोंगरगढ़ को धर पकड़कर परेड कराया गया एवं बदमाशो के विरूद्ध, प्रतिबंधित करने हेतु धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की जाकर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है।

# किसान के खाते से दे दिया 2.61 लाख का लोन और किसान को पता ही नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 25 अगस्त।** राजनांदगांव जिले के आराध्य नगरी डोंगरगढ़ के जनपद पंचायत डोड़की छिपा सोसायटी में किसानों के द्वारा केसीसी लोन अपनी जरूरत के हिसाब से पैसे व खाद निकाल के अपनी खेती किसानी में लग जाते है क्योंकि ये भोले भाले होते हैं अपने काम से काम गंगा राम से क्या काम यह कहावत चरितार्थ सामने आ गई पर इन्हें कहा पता था की इनके साथ ऐसा भी हो सकता है आइए जानते है इन भोले भाले किसानों के साथ छल कैसे हुवा है ग्राम डोडकी छिपा सोसायटी के प्रबंधक के द्वारा या यु कहे जिनकी पकड़ अच्छी खासी हो डोडकी छिपा सोसायटी धान खरीदी केन्द्र में आकर संपर्क कर सकता है क्योंकि यहाँ हर असंभव कार्य को संभव किया जाता है।।पीड़ित किसान जितेन्द्र पिता सुखराम यादव ग्राम पलांदुर निवासी द्वारा बताया गया कि मेरी जमीन कुल रकबा सिर्फ 2 एकड़ जमीन हैं और मेरे द्वारा सिर्फ खाद लिया गया था जिसकी राशि 9229 रुपये कुल राशि है जिसे मेरे द्वारा धान बेच कर जमा कर दिया गया था और मेरा कर्ज समाप्त हो गया था और जब किसानी करने के लिए खाद व नकद लिखाने गया तब नये सोसायटी प्रबंधक व बैंक मैनेजर द्वारा बताया गया कि आपके ऊपर 2 लाख 61 हजार का कर्ज है तब मेरे पैरो तले जमीन खिसक गई क्योकि मेरी खुद की जमीन कुल रकबा 2 एकड़ है जिसमें ज्यादा से ज्यादा 45000 हजार की ही राशि रवि व खरीफ फसल को मिलाकर मिल सकती है अब यहाँ आप खुद सोच सकते हो की डोडकी छिपा सोसायटी प्रबंधक के द्वारा जमीन की लिमिट को बढ़ाकर कुल रकबा 13 एकड़ जमीन किया होगा पंजीयन नया किया होगा बी 1 पी 2 जमा किया होगा तब उसे कंप्यूटर ऑपरेटर के द्वारा ऑनलाइन सबमिट किया होगा अपने उच्च अधिकारियों को कहा कहा से गुजर रही हैं फाइले, मामला यही समाप्त नही होती अब उसी किसान का डीएमआर भी दो है जो बैंक से बनती है जबकि एक किसान का एक डी एमआर बनता है यहाँ जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के सुपरवाइजर जिन्हें किसानों की फाइल को देखने के लिए नियुक्त किया गया मामले को देखने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे ये बैंक सुपरवाइजर भी इस पूरे चार सौ बीसी के मामले में शामिल है अब देखना ये की इन अधिकारियों को कौन कौन सी पार्टी के नेता बचाने का प्रयास करते है या छत्तीसगढ़ में बैठी सुशासन की भाजपा सरकार भोले भाले किसानों के साथ भ्रष्टाचार करने वाले लोगो से रकम रिकवरी करा कर जेल भेजती है या इन्हें देती है बेल ?



### शांति समिति की बैठक में गोविन्दा उत्सव शांतिपूर्वक मनाने का निर्णय



**डोंगरगढ़ 25 अगस्त।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी गोविन्दा उत्सव 27 अगस्त 2024 को मनाया जायेगा। डोंगरगढ़ शहर गोविन्दा उत्सव के नाम से पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है, यहां गोविन्दा उत्सव बड़ी धुमधाम से मनाया जाता है जिसे देखने एवं दही हाण्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रदेश के दुर्ग, भिलाई, राजनाँदगांव सहित ग्रामीण मटकी लूट टोली आती है जिससे शहर में काफी भीड़ की स्थिति बनी रहती है जिसको ध्यान में रखते हुये शहर में गोविन्दा उत्सव शांति पूर्वक मनाने थाना परिसर डोंगरगढ़ में एसडीएम मनोज मरकाम, एसडीओपी आशीष कुंजाम, तहसीलदार मुकेश ठाकुर एवं थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा द्वारा शांति समिति की बैठक आहुत किया गया जिसमें डोंगरगढ़ शहर के गोविन्दा उत्सव समिति के सदस्यगण, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधियों एवं सर्व समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित हुये। बैठक में गोविन्दा उत्सव को लेकर विभिन्न मुद्दाओं पर चर्चा की गई एवं चर्चा दौरान मीटिंग में उपस्थित हुये सम्मानित नागरिकों से सुझाव प्राप्त कर, आवश्यक दिशा-निर्देश देकर शांति पूर्वक साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखते हुये बिना किसी लड़ाई-झगड़ा, बिना मारपीट, बिना हुड़दंग किये गोविन्दा उत्सव मनाने की अपील की गई है।

# ओलंपिक हॉकी में भारतीय खिलाड़ियों ने सभी का दिल जीता:पारख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 25 अगस्त।** स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा आयोजित कि जा रही 24वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रिडा प्रतियोगिता का शुभारंभ आज राजनांदगांव में श्री खुबचंद पारख पूर्व उपाध्यक्ष 20सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के मुख्यआतिथ्य श्री भरत वर्मा पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्षता श्री राजेन्द्र गोलछा समाजसेवी डॉ श्रीमति रेखा मेश्राम समाजसेवी के विशिष्ठ आतिथ्य एवं आयोजन सचिव व जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल,हॉकी इंडिया के सहसचिव एवं छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी सहायक संचालक श्री आदित्य खरे, श्री देवेन्द्र ठाकुर, प्रभारी जिला खेल अधिकारी, की उपस्थिति में आयोजित हुआ इस अवसर पर प्रतिभागियों ने बैण्ड की धुन पर मार्चपास्ट व बालिकाओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आज से प्रारंभ हुई 24वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रिडा प्रतियोगिता के तहत नेहरू हॉकी बालक 15 व 17 वर्ष व बालिका 17 वर्ष की स्पर्धा का शुभांरभ करते हुए समारोह के मुख्यअतिथि खुबचंद पारख पूर्व उपाध्यक्ष 20सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि ओलंपिक हॉकी में इस बार हमारी टीम गोल्ड मेडल लेकर भारत आऐगी लेकिन संयोग ऐसा रहा कि हमें कास्य पदक प्राप्त हुआ मगर हमारे खिलाडियों ने अच्छे खेल से लोगो का दिल जीत लिया खिलाडियों को हमेशा कोशिश करना चाहिए कि वे अपना अच्छा प्रदर्शन करे खेल में अनुशान के साथ खेल भावना की उदारता है इस प्रकार का भाव पैदा हो जाए तो सभी रागद्धेष खत्म हो जाता है उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी खेलो इंडिया के मध्याम से खेलो को बहुत आगे बढता देखना चाहते है और भाविष्य में भारत में ओलंपिक खेल भी हो सके इसके लिए प्रयासरत भी है समारो के अध्यक्ष श्री भरत वर्मा ने कहा कि राजनांदगांव की पहचान हॉकी की नर्सरी के रूप में बनी है ।

# अपने नेता पर झूठे मुकदमे दर्ज करने पर कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन



**मोहला 25 अगस्त।** बलौदाबाजार हिंसा मामले में विधायक देवेन्द्र यादव एवं कांग्रेस नेताओ के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करने तथा दुर्भावनापूर्ण पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में आज नवीन जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जिला कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में भाजपा की प्रदेश सरकार के खिलाफ एक दिवसीय जंगी धरना प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओ ने आरोप लगाया की भाजपा सरकार अपनी नाकामी छिपाने एवं अपनी साख बचाने के लिए घटना को विपक्षी साजिश बताते हुए बदले की भावना से कांग्रेस नेताओ को परेशान व प्रताडित कर रही है।

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में शनिवार को जिला मुख्यालय मोहला में जिला कांग्रेस कमेटी मोहला मानपुर अंबागढ चौकी की अगुवाई में जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन किया। भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आंदोलन के लिए नियुक्त जिला प्रभारी गुंडरदेही विधायक कुवरसिंह निषाद व मोहला मानपुर विधायक इन्द्रशाह मंडावी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। तीन घंटा चले धरना प्रदर्शन का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पूजा अर्चना से हुआ। सभा को विधायक कुवरसिंह निषाद, विधायक इन्द्रशाह मंडावी , जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, पूर्व विधायक तेजकुवर नेताम, अजय राजपूत, बालचंद कोरेटी, कुमार कोरेटी, दिनेश शाह मंडावी, लच्छु साबले, शाहिदा बेगम, घसियाराम नाग, मिर्जा नूर बेग, लगनूराम चन्द्रवंशी, अवध चुरेन्द्र इत्यादि प्रमुख पदाधिकारियो ने संबोधित किया। सभी वक्ताओ ने बलौदाबाजार हिंसा के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार को आडे हाथो लेते हुए कांग्रेस नेताओ के खिलाफ किए जा रहे झूठे मुकदमे व पुलिसिया कार्रवाई का जमकर विरोध किया। कांग्रेसी नेताओ ने चेतावनी दी, कि भाजपा सरकार बदले की भावना से किए जा रहे पुलिसिया कार्रवाई बाज आए। अन्यथा आने वाले समय में गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सभा का संचालन जिला कांग्रेस महामंत्री दिलीप सिंगने व आभार ज्ञापन अभिमन्यु मंडावी ने किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के वरिश्ठ नेता अगनूराम कुमेटी, कन्हैया राजपूत, कविता राणा, रामकेवल विष्वकर्मा, अब्दुल खालिक जानू, सुरजीत सिंह ठाकुर, दादु शेडें, गमिता लोन्हारे, दिनेश साहू, पन्ना मेश्राम, राजकुमार धुर्वे, योगेश पटेल, चंदूलाल पटेल, कपिल कोमरे सहित बडी संख्या में जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। बलौदाबाजार हिंसा के मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बालोद जिले के गुंडरदेही विधायक कुवरसिंह निषाद ने कहा की इस घटना से छग की छुवी पुरे भारत देश में खराब हुई है। उन्होने कहा की इस घटना से भाजपा की निकम्मी सरकार की कमिया एवं प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था तथा विष्णुदेव साय सरकार का कुशासन उजागर हुआ है। विधायक श्री निषाद ने कहा की जब से भाजपा सकरार आई है प्रदेश में कानून व्यवसथा की स्थिती बदतर हो गई हे। प्रदेश में आपराधिक घटनाओ में तेजी से वुद्धि हुई है। रक्षाबंधन के दिन बहनो की अस्मत लूटी जा रही हे। प्रदेश में महिलाओ पर अत्याचार व दुष्कर्म की घटनाए बढ गई है। राजधानी में दिनदहाडे गोलिया चल रही है। उन्होने जनता से आहवान किया की आने वाले चुनाव में भाजपा को उखाड फेके। मोहला मानपुर के आदिवासी विधायक इन्द्रशाह मंडावी ने कहा की भाजपा की सरकार कठपुतली सरकार है। सरकार के मुख्यमंत्रियो व मंत्रियों के पास निर्णय लेने की शक्तिया ही नही है। कांग्रेस विधायक ने कहा की यदि सीएम के पास शक्तिया एवं निर्णय लेने की क्षमता होती तो बलौदाबाजर हिंसा की घटना ही नही होती। उन्होने कहा की यह रिमोट कंट्रोल सरकार है। दिल्ली के फैसले आने पर ही निर्णय होते है। जब तक निर्णय आते है तब तक घाटनाए घट जाती है। आदिवासी विधायक श्री मंडावी ने कहा की आदिवासी को सीएम बनाने के नाम पर प्रदेश में आदिवासियो से ही भाजपा छल कर रही है। उन्होने कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार को आडे हाथ लिया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में भाजपा की प्रदेश सरकार पर प्रहार करते हुए आरोप लगाया की विष्णु देव साय सरकार हर मोर्चे में फैल हो गई है। उन्होने कहा की बीजेपी सरकार के नौ महिनो के कामकाज की तुलना करे तो यह साफ पता चल जाएगा की प्रदेश में कानून व्यवस्था पुरी तरह फेल हो गई है। छग में नक्सली, हिंसा, हत्या, बलात्कार, लूट, चोरिया एवं महिलाओ पर अत्याचार जैंसी गंभीर घाटनाओ में काफी वुद्धि हुई है। सरकार ने मोदी जी की गांरटी के नाम पर जो सत्ता हासिल किया था वह सभी चुनावी जुमले निकल रहे है।

अभिषेक बनर्जी आज के समय के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक हैं। अभिनेता अपनी हाल ही में रिलीज़ हुई फ़िल्मों स्त्री 2 और वेदा के लिए मिल रहे प्यार और प्रशंसा का आनंद ले रहे हैं, क्योंकि उन्होंने दोनों फ़िल्मों में बिल्कुल अलग-अलग किरदार निभाए हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में, अभिषेक बनर्जी ने भेड़िया के सेट से एक मज़ेदार किस्से को याद किया। अभिनेता ने कहा, शूटिंग के बीच में, वरुण धवन ने मुझसे मेरी सेलेब्रिटी क्रश के बारे में पूछा, और मैंने तुरंत बताया कि मुझे कियारा आडवाणी पसंद हैं।



# गुलज़ार, पं. भवदीप जयपुरवाले और सुमित टप्पू का नया एल्बम दिल परेशान करता है लॉन्च




मुंबई में सितारों से सजे एक समारोह में 23 अगस्त को, दिग्गज गीतकार गुलज़ार साहब, संगीतकार और कम्पोज़र पंडित भवदीप जयपुरवाले और गायक सुमित टप्पू ने अपना नया एल्बम दिल परेशान करता है लॉन्च किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पद्मविभूषण पंडित हरिप्रसाद चौरसिया, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और अद्भुत बल्लेबाज सुनील गावस्कर, पद्मश्री अनूप जलोटा, ग़दर निर्देशक अनिल शर्मा, गायक नितिन मुकेश, चंदन दास, घनश्याम वासवानी, श्याम सिंघानिया, ललित पंडित, अरुण गोविल, जे डी मजीठिया, विजय दयाल, आनंद डाबरे, अशोक खोसला, कुणाल गांजावाला सहित कई हस्तियां मौजूद थीं। सुमित टप्पू के पिता महेंद्र टप्पू और सुमित की पत्नी भी विशेष रूप से यहां हाजिर रहीं। रखशिन्दा ने कार्यक्रम की बखूबी एंकरिंग की। अल्बम के दो वीडियो सॉन्ग दर्शाए गए जो सभी ने खूब पसन्द किए। एक गीत है हमने तुम्हारी याद का मौसम बुला लिया, इक गम बुझा दिया कभी इक ग़म जला लिया÷ जबकि दूसरा गीत था समंदर जिसे समंदर किनारे फिल्माया गया है और इसमे सुमित टप्पू ने फीचर किया है।÷ इस खास अवसर पर एक शानदार केक काटकर गुलज़ार साहब का 90वां जन्मदिन भी मनाया गया। सुनील गावस्कर ने गुलज़ार साहब से सेंचुरी पूरी करने की रिक्वेस्ट की तो उन्होंने कहा कि वह पूरी कोशिश करेंगे। पद्मश्री अनूप जलोटा ने कहा कि उन्हें बेहद खुशी हो रही है कि उनका शिष्य सुमित टप्पू इतना बढ़िया सिंगर बन गया है। जो गायक गुलज़ार साहब का एक गीत गा देता है वह काफी लोकप्रिय हो जाता है यहाँ तो सुमित ने गुलज़ार साहब के लिखे 7 गीतों को अपनी आवाज़ से सजाया है। सुमित ने बहुत आत्मविश्वास के साथ गाने गाए हैं। इस एल्बम में सात ओरिजनल गीत हैं जो संगीत कला की एक उत्कृष्ट रचना है, जिसमें गुलज़ार साहब द्वारा सात अलग-अलग शायरी प्रस्तुत की गई हैं, जो प्रख्यात संगीत निर्देशक पं. भवदीप जयपुरवाले की कम्पोज़िशन पर आधारित हैं और सुमित टप्पू की भावपूर्ण एवं मंत्रमुग्ध कर देने वाली आवाज़ ने इन्हें जीवंत कर दिया है। पंडित भवदीप जयपुरवाले का म्युज़िक अरेंजमेंट्स, लाइव इंस्ट्रूमेंट्स और एक सुंदर वायलिन सिम्फनी से सजा यह अल्बम गैर-फिल्मी संगीत के क्षेत्र में एक दुर्लभ आवाज़ का एहसास कराता है। गुलज़ार साहब की समय से परे और गहरी सोच से भरी शायरी दिल को छूती है जो प्रेम, जीवन और दर्शन के सार पर चिंतन के लिए आमंत्रित करती है। भावनात्मक शायरी और अल्फ़ाज़ में गहराई के लिए मशहूर गुलज़ार ने ऐसे गीत गढ़े हैं जो प्रेम से लेकर उम्मीद तक कई तरह के विषयों को छूते हैं। गुलज़ार साहेब के पैर छू कर ?क्टर अरुण गोविल ने कहा कि फिजी में सुमीत के साथ कुछ शोज़ किए थे तब से उनके साथ सम्बंध है। ÷दिल परेशान करता है÷ टाइटल गुलज़ार साहेब ही दे सकते हैं। वह जब बात भी करते हैं तो लगता है कि शायरी कर रहे हैं उन्होंने अभी कहा कि मेरे लफ़्ज़ों को पनाह मिल गई। इनका लिखा हुआ हम पढ़ते सुनते हैं तो लगता है कि यह बात अब तक समझ मे क्यों नही आई। अनूप जलोटा को बधाई कि उनके शिष्य सुमित ने यह मुकाम हासिल किया है। सुमीत टप्पू, जिन्होंने पहले भी भारतीय संगीत जगत में अपने योगदान के लिए प्रशंसा हासिल की है, इस अल्बम को लेकर बेहद रोमांचित हैं। उन्होंने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा,गुलज़ार साहब के साथ काम करना किसी सपने के सच होने से कम नहीं है। वह साहित्य के क्षेत्र में एक महान व्यक्ति के रूप में खड़े हैं, जिन्हें महानतम कवियों में से एक माना जाता है। उनके भावपूर्ण शब्द मुझमें गहराई से समाए हैं, जिन्होंने कविता के प्रति मेरी समझ और प्रशंसा को आकार दिया है। उनकी गहरी और जटिल कविताओं को अपनी आवाज़ देने का मौका न सिर्फ मेरे लिए एक प्रोफ़ेशनल के रूप में यादगार है, बल्कि एक ऐसा सम्मान है जो शब्दों से परे है। उनके साथ जुड़ने से मुझे एक ऐसी विरासत से जुड़ने का मौका मिला है जिसने अनगिनत लोगों के जीवन को छुआ है। सुमीत टप्पू ने पंडित भवदीप जयपुरवाले की कम्पोज़िशन और संगीत निर्देशन की भी प्रशंसा की। ÷अल्बम में भवदीप जी की कम्पोज़िशन और संगीत निर्देशन बेहतरीन है।

## नालंदा थिएटर-कला एवं सांस्कृतिक संस्थान ने किया रश्मिरथी नाट्य मंचन का भव्य और सफल आयोजन



78वे स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नालंदा थिएटर द्वारा मुंबई के वर्सोवा स्थित वेदा फैक्टरी में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी रचना रश्मिरथी का भव्य नाट्य मंचन अत्यंत सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष आयोजन का नेतृत्व नालंदा थिएटर के संस्थापक शक्ति कुमार और आयोजक विनायक त्रिपाठी ने किया, जिन्होंने दर्शकों को साहित्य और नाट्यकला का एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया। इस नाट्य मंचन को और भी गरिमामयी बनाने के लिए कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें प्रमुख थे प्रसिद्ध अभिनेता, लेखक और गायक पीयूष मिश्रा, वेटरन अभिनेता अखिलेन्द्र मिश्रा, वरिष्ठ क्रिटिक अजीत राय और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एवं थिएटर जगत के अन्य कई प्रतिष्ठित कलाकार। इसके अलावा, फिल्म निर्माता श्री दिनेश गुप्ता (दिल्ली), डॉ. संयुक्ता थोरात, प्रमुख, ललित कला विभाग, नागपुर विश्वविद्यालय, और भी विशेष रूप से इस प्रस्तुति को देखने के लिए मुंबई से बाहर से पधारे थे। इनकी उपस्थिति ने इस आयोजन को एक ऐतिहासिक क्षण बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत बेगूसराय, बिहार की सांस्कृतिक संस्था सुरभि के द्वारा प्रस्तुत एकल नाटक ÷रश्मिरथी÷ नाटक से हुई। संस्था के संस्थापक हैं अजय कुमार भारती , और इस नाटक मंचन् की परिकल्पना एवं निर्देशन किया है हरीश हरिऔध ने। संगीत निर्देशन- विष्णु देव भारती और गणेश गौरव ने किया है । प्रकाश परिकल्पना - संजय कुमार सोनू, जबकि पार्श्व संगीत दिया आशीष कुलकर्णी ने। वादक के रूप में सदा मुलिक ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। मंच व्यवस्था आशुतोष दुबे द्वारा की गई थी और मंच संचालन का कार्यभार जयंत गडेकर ने संभाला।

हरीश हरिऔध जी के दमदार निर्देशन और अद्वितीय अभिनय ने मंच पर हिंदी साहित्य के सभी रसों को जीवंत कर दिया, और दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने ऐसा वातावरण बनाया कि कोई भी दर्शक ऐसा नहीं था, जिसके चेहरे पर आनंद का भाव न हो और जिसने बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट न की हो। इसके पश्चात, वेटरन अभिनेता अखिलेन्द्र मिश्रा जी ने नाटक पर अपनी विशेष टिप्पणी में कहा, ऋग्वेद से संवाद निकला है, यजुर्वेद से अभिनय, सामवेद से संगीत और अथर्ववेद से रस, और चारों का समागम हमने %रश्मिरथी% की आज की प्रस्तुति के रूप में देखा। दरअसल, हम वेद देख रहे थे। उनकी इस गहन टिप्पणी ने इस नाट्य प्रस्तुति की महानता को और भी ऊँचाई दी, इसे एक ऐतिहासिक और अविस्मरणीय क्षण बना दिया।

## मैं सलमान खाने के बिग बास-18 का हिस्सा बनना चाहती हूं: मल्लोबिका बनर्जी

मल्लोबिका बनर्जी ने बिग बॉस बंगाली का हिस्सा होने की झूठी खबरों पर भी सफाई देते हुए कहा, मैं कभी भी बिग बॉस परिवार का हिस्सा नहीं रही, बिग्ग बॉस बंगाली के हाउस से मेरी एक भी फुटेज नहीं है, इसके बजाय मैं सलमान खान के बिग्ग बॉस 18 का हिस्सा बनना चाहती हूं। बंगाली फिल्म उद्योग की एक प्रमुख अभिनेत्री मल्लोबिका बनर्जी ने हाल ही में लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस 18 में शामिल होने में अपनी इच्छा व्यक्त की है। स्क्रीन पर अपनी बहुमुखी प्रतिभा और मजबूत उपस्थिति के लिए जानी जाने वाली मल्लोबिका ने साझा किया कि उन्हें पिछले बिग्ग बॉस बंगाली के लिए लगभग फाइनल कर लिया गया था लेकिन पूर्व कार्य प्रतिबद्धताओं के कारण पीछे हटना पड़ा। मल्लोबिका ने बंगाली बिग बॉस में प्रतिभागी होने के बारे में हालिया अफवाहों पर स्पष्टीकरण दिया। अपने बयान को स्पष्ट करते हुए अभिनेत्री कहती हैं, मैं लगभग बिग बॉस में भाग लेने ही वाली थी, लेकिन अपनी कार्य प्रतिबद्धताओं के कारण मैं हिंसा नहीं ले पाई। ऑनलाइन और सोशल मीडिया यह कहता है की में बिग्ग बॉस का हिस्सा रह चुकी हु पर यह खबर पूरी तरह से झूठ है । घर में मेरी कोई फुटेज नहीं है, इसलिए कृपया उन अफवाहों पर विश्वास न करें। लेकिन अब मैं सलमान खान के बिग बॉस 18 का हिस्सा बनना चाहती हूं, खुद को साबित करना चाहती हूं और अपनी रियल पर्सनालिटी लोगो को दिखाना चाहती हु जिस से मेरे दर्शक मुझसे जुड़ेंगे। मल्लोबिका के प्रशंसकों और अनुयायियों ने शो में उनकी उपस्थिति का लंबे समय से इंतजार किया है, विशेष रूप से उनके आकर्षक व्यक्तित्व और मजबूत प्रशंसक आधार को देखते हुए, उनकी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के साथ, मल्लोबिका शो में एक अनोखा स्वाद ला सकती है। हाल ही में एक्ट्रेस विजय देवरकोंडा पर अपने कमेंट को लेकर भी चर्चा में थीं और उन्होंने विरोध प्रदर्शन का हिस्सा बनकर कोलकाता में हुई जघन्य घटना को लेकर प्रोटेस्ट भी किया था।

## पालतू जानवरों को गोद लेने को बढ़ावा

आज की दुनिया में, जब मशहूर हस्तियां नियमित रूप से आंदोलनों और सामाजिक विचारों को प्रभावित करती हैं, तो सितारों की बढ़ती संख्या पालतू जानवरों को गोद लेने को बढ़ावा देती है। बॉलीवुड के ये नाम न केवल बिड स्क्रीन पर दर्शकों को आकर्षित करते हैं, बल्कि वे अपने जीवन में पालतू जानवरों का स्वागत करने के मामले में %गोद लें, खरीदें नहीं% के सिद्धांत को भी बढ़ावा देते हैं। ये कलाकार अपने व्यक्तिगत अनुभव, मार्मिक किस्से और अपने चार पैरों वाले दोस्तों के प्रति दृढ़ निष्ठा साझा करके ज़रूरतमंद जानवरों के प्रति करुणा और सहानुभूति को प्रेरित करते हैं।



## गायिका नेहा करोडे ने फिल्म वर और वधू के लिए सिरी सिरी हवा गाने में दी अपनी मधुर आवाज़

नेहा करोडे ने अपनी संगीत यात्रा की सीमाओं को किया पार नेपाली संगीत उद्योग में गाने , सिरी सिरी हवा के साथ रखा कदम, केवल 2 दिनों में 2 लाख से अधिक व्यूज पार कर चुका है गाना , बना दिया उसे नेपाली उद्योग का एक सुपरहिट गाना - अभी गाना देखें बेहद व्यक्तिगत गीतों और मधुर रचनाओं के साथ एक इंडी संगीतकार के रूप में अपनी अनोखी पहचान के लिए जानी जाने वाली नेहा करोडे ने त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर (2024), ब्लडी डैडी जैसी प्रसिद्ध फिल्मों और श्रृंखलाओं में अपने योगदान के साथ बॉलीवुड में भी महत्वपूर्ण छाप छोड़ी है। अनेक (2022), निकम्मा (2022), टाइम टू डांस (2021), और मिलन टॉकीज (2019) जैसी फिल्मों और सीरीज में उनकी सुरीली आवाज दी है और बॉलीवुड में अपनी एक अलग जगह बनाई है।हाल ही में, नेहा ने अपनी संगीत यात्रा को भारत की सीमाओं से परे ले जाकर नेपाली संगीत उद्योग में अपनी शुरुआत की है। उन्होंने नेपाली फिल्म वर और वधु के लिए सिरी सिरी हवा नामक एक रोमांटिक गाने में अपनी आवाज दी है। यह गाना सिर्फ 2 दिनों में 2 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है और तेजी से नेपाली संगीत उद्योग में एक बड़ा हिट बन गया है। नेपाली उद्योग में अपनी शुरुआत और गाने के साथ अपने अनुभव पर, नेहा ने साझा किया, नेपाली गाने गाना मुझे बहुत पसंद है वे मेरी पसंदीदा भाषा है। मैं इसे समझ नहीं पाती हूं लेकिन मैंने हमेशा लोक संगीत का आनंद लिया है। मैं युग भुसाल और सुगम पोखरेल के साथ काम करके बहुत खुश हूं जो नेपाली उद्योग में बड़े नाम हैं। जिस भाषा को कोई नहीं जानता उसमें प्रदर्शन करने की चुनौती हमेशा रोमांचक होती है और मुझे बेहद खुशी है कि दर्शक गाने का आनंद ले रहे हैं। मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं वर और वधु की पूरी टीम की आभारी हूं। मैं आशा करती हूं कि दर्शक इस गाने को अधिक से अधिक पसंद करेंगे और इसे एक जबरदस्त हिट बनाएंगे। नेहा करोडे का विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों को अपनाने और प्रस्तुत करने की उनकी क्षमता उनकी कला के प्रति उनके समर्पण को उजागर करती है। सिरी सिरी हवा में अपनी सफलता के अलावा, नेहा के पास एक और रोमांचक प्रोजेक्ट है जिसका नाम है ÷मूव ऑन इज़ीली जो 12 सितंबर को को रिलीज़ होगा। यह एक बहुत ही अंतरंग गीत है जिसे उन्होंने स्वयं लिखा और संगीतबद्ध किया है और आधुनिक डेटिंग पर एक आश्चर्यजनक स्पिन के साथ एक व्यंग्यपूर्ण संगीत वीडियो साथ रिलीज़ किया जायेगा।




## एन. माही फिल्म प्रोडक्शन एवं निर्माता मोहित कुमार साहू की प्रस्तुति




**रायपुर ।** एन.माही फिल्मस प्रोडक्शन के सफल निर्माता मोहित साहू, सहनिर्माता आनन्द दास मानिकपुरी की बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी फिल्म ए ददा रे प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में 30 अगस्त को एक साथ रीलिज होने जा रही है। रियल इंसीडेंट पर आधारित इस फिल्म में हॉरर, संस्पेंस, थ्रिल और कॉमेडी का तड़का है। फिल्म के लेखक, निर्देशक आनन्द दास मानिकपुरी ने बताया कि आज से 40-45 साल पहले मेरी नानी और पिता ने अपने साथ घटित घटना को आपबीती में बताया था कि किस तरह उनका सामना अलग-अलग रूप से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में प्रचलित मटिया और रक्सा से हुआ था, उस दौरान उनके मुंह से निकले भय स्वरूप शब्द थे -ए ददा रे, जिसे इस्तेमाल करते हुए इस फिल्म का नाम ए ददा रे रखा गया। फिल्म के गीत चॉदी के गोला...समझ नई आये गोरी रे और टॉईटल सांग कर्णप्रिय हैं, जो सोशल मीडिया में भी पहले से ही छाया हुआ है। आनन्द दास ने बताया कि फिल्म का आरंभ ही इसी रियल इंसीडेंट के साथ किया गया है, गांव में प्रचलित चटिया-मटिया और रक्सा की संस्पेंस कहानी, गांव में अप्रत्याशित होने वाली घटना व कॉमेडी के घालमेल इस फिल्म को फूल मनोरंजक बनाता है।

## मैं अपनी पीढ़ी का शायद एकमात्र व्यक्ति हूं जिसने सलीम-जावेद के साथ काम किया है:आशुतोष गोवारिकर

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर ने हाल ही में सोशल मीडिया पर दिग्गज जोड़ी सलीम-जावेद के साथ अपने जुड़ाव के बारे में एक दिल को छू लेने वाली पोस्ट शेयर की। उन्होंने 1986 में फिल्म नाम में सलीम खान के साथ एक अभिनेता के रूप में काम करने और उसके बाद जावेद अख्तर के साथ सात फिल्मों में निर्देशक के रूप में सहयोग करने के अपने अनुभव को याद किया।

फिल्म नाम में उन्होंने टैक्सी ड्राइवर जय सिंह कलेवर का किरदार निभाया था। हालांकि यह एक सहायक भूमिका थी, लेकिन यह कहानी के लिए महत्वपूर्ण थी। इसके बाद उन्होंने लगान (2001), स्वदेस (2004), जोधा अकबर (2008), व्हाट्स योर राशि? (2009), खेलें हम जी जान से (2010), मोहनजो दारो (2016) और पानीपत (2019) में जावेद अख्तर के साथ मिलकर निर्देशक के रूप में काम किया।

उन्होंने आगे कहा कि उनकी शानदार स्क्रीनप्ले और डायलॉग्स ने उनकी रचनात्मक दृष्टि को आकार देने में मदद की। निर्देशक ने उनकी अनगिनत बातचीत को भी श्रेय दिया - जो बुद्धि, ज्ञान और जीवन के सबक से चिह्नित थी - जिसने वास्तव में उनकी यात्रा को समृद्ध किया।



उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया और लिखा, मैं शायद अपनी पीढ़ी का एकमात्र व्यक्ति हूं जिसने सलीम अंकल के साथ नाम में एक अभिनेता के रूप में और फिर जावेद साहब के साथ 7 फिल्मों में निर्देशक के रूप में काम किया है। न केवल उनकी शानदार स्क्रीनप्ले और डायलॉग्स ने मुझे आकार दिया है, बल्कि उनके साथ हुई बहुत सी बातचीत - मजाकिया, ज्ञानवर्धक और जीवन के सबक से भरपूर - ने मुझे समृद्ध किया है! मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे यह कहने का अवसर मिलेगा- सलीम-जावेद को उनकी नई ब्लॉकबस्टर की सफलता की शुभकामनाएं!! उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दोनों के साथ एक तस्वीर साझा की और आभार व्यक्त करते हुए एक कैप्शन लिखा। आशुतोष ने दोनों के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की तथा उनकी आने वाली फ़िल्म एंग्री यंग मेन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## डायरेक्टर सनोज मिश्रा के गायब होने के मामले में कंगना रनोट ने गृह मंत्रालय से बात की

पश्चिम बंगाल की सत्य घटनाओं पर आधीरित फिल्म 'द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल' के डायरेक्टर सनोज मिश्रा कई दिनों से गायब हैं। डायरेक्टर की पत्नी श्रुति मिश्रा आज आज लखनऊ से कोलकाता ढूंढने निकल चुकी हैं। इसी बीच कंगना रनोट ने इस मामले में गृह मंत्रालय से बात की है। कंगना ने आश्वाशन दिया है कि जल्द ही डायरेक्टर सनोज मिश्रा को ढूंढ निकाला जाएगा। डायरेक्टर सनोज मिश्रा 14 अगस्त से ही गायब हैं। उनका फोन तभी से बंद आ रहा है। डायरेक्टर की पत्नी ने किसी अनहोनी की आशंका के मद्देनजर लखनऊ के गोमती नगर पुलिस थाने स्न.ढ्ढ.ऋदर्ज कराई है। सनोज मिश्रा की पत्नी मदद के कई लिए कई लोगों से गुहार लगा चुकी हैं। उन्होंने रवि किशन और मनोज तिवारी से भी कई बार मदद की गुहार की, लेकिन उनके तरह से कोई मदद नहीं मिली। ऐसे समय में जब सनोज मिश्रा की पत्नी ने कंगना रनोट से बात की तो कंगना ने उन्हें आश्वाशन दिया कि वो खुद इनके पति को ढूंढकर लाएंगी। इस केस के सिलसिले में कंगना ने गृह मंत्रालय से भी बात की है। दरअसल, डायरेक्टर सनोज मिश्रा की परेशानी तब से बढ़ी हुई है जब से उन्होंने फिल्म 'द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल' बनाई है। उन्हें पिछले डेढ़ साल से लगातार इनको धमकियाँ मिल रही थीं। यह फिल्म इसी महीने रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कोलकाता पुलिस की तरफ से एक नोटिस मिला। पश्चिम बंगाल पुलिस की तरफ से इसी केस के सिलसिले में मिलने के लिए कोलकाता बुलाया गया । सनोज मिश्रा 14 अगस्त को ही कोलकाता में पुलिस से मिलने के लिए गए थे जब वे कोलकाता में पुलिस से मिले तभी से उनके दोनों मोबाइल नम्बर लगातार स्विच ऑफ जा रहे हैं और उनका कोई खोज खबर भी नहीं मिल पा रहा है । ऐसे में उनके परिवार में अफरातफरी का माहौल है। ऐसे माहौल में कंगना रनोट ने पूरी तरह से मदद करने का भरोसा दिलाया है।



## पंकज त्रिपाठी पीपुल्स एक्टर कह लाए जाने टाइटल पर खरे उतरे

बॉलीवुड में पीपुल्स एक्टर के नाम से मशहूर बहुमुखी अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने एक बार फिर अपने प्रशंसकों के साथ अपने गहरे संबंध का प्रदर्शन किया है। पंकज त्रिपाठी, जिन्हें हमेशा उनकी विनम्रता और शांत स्वभाव के लिए सराहा गया है, उन कुछ अभिनेताओं में से एक हैं जिन्हें सोशल मीडिया पर लगातार प्यार और प्रशंसा मिलती है, वस्तुतः कोई नकारात्मक प्रतिक्रिया या ट्रोलिंग नहीं होती है। वर्तमान में स्त्री 2 की सफलता से उत्साहित पंकज त्रिपाठी को हाल ही में न्यूयॉर्क में वार्षिक इंडिया डे परेड के लिए सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था, जहां उन्होंने अपने परिवार के साथ भाग लिया था। यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति का एक भव्य उत्सव था, और त्रिपाठी की उपस्थिति ने उपस्तिथ लोगों के लिए उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी। परेड के बाद बड़ी संख्या में दर्शकों और प्रशंसकों ने उत्सुकता से अभिनेता के साथ सेल्फी लेने का अनुरोध किया। सुरक्षा प्रोटोकॉल के कारण, क्षेत्र को बैरिकेड कर दिया गया था, जिससे पंकज त्रिपाठी और उनके प्रशंसकों के बीच बातचीत सीमित हो गई थी। हालाँकि, पंकज त्रिपाठी, लोगों के पसंदीदा के रूप में अपनी प्रतिष्ठा के प्रति सच्चे रहते हुए, अपने प्रशंसकों से जुड़ने के लिए हर संभव प्रयास करते रहे। बैरिकेड्स के पीछे मौजूद लोगों के साथ सेल्फी लेने के लिए वह शालीनता से फर्श पर झुक गए, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि जितना संभव हो उतने लोग उनके साथ एक सेल्फी ले सकें। इस हृदयस्पर्शी भाव ने उनके प्रशंसकों को गहराई से प्रभावित किया, कई लोग उनकी विनम्रता और दयालुता से इस हद तक अभिभूत हो गए कि उनकी आँखों से आँसू निकल पड़े। इस अनुभव पर विचार करते हुए, पंकज त्रिपाठी ने कहा, मैंने हमेशा माना है कि एक अभिनेता की असली सफलता दर्शकों के प्यार और सम्मान में निहित है। मेरे प्रशंसकों ने मेरी पूरी यात्रा में मेरा समर्थन किया है, और मुझे लगता है कि यह मेरा कर्तव्य है कि मैं जिस भी तरीके से उस प्यार का प्रतिदान कर सकूं। न्यूयॉर्क में भारत दिवस परेड एक विशेष अवसर था और मैं वहां के लोगों की गर्मजोशी और स्नेह से अभिभूत था। जब मैंने देखा कि मेरे साथ तस्वीर लेना उनके लिए कितना मायने रखता है, तो मैं रास्ते में कोई बैरिकेड खड़ा नहीं होने दे सकता था। उन्होंने मुझे जो प्यार दिखाया है, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं और ऐसे क्षण मुझे याद दिलाते हैं कि मैंने यह पेशा क्यों चुना। न्यूयॉर्क में पंकज त्रिपाठी का हालिया प्रदर्शन उनके प्रशंसकों के दिलों में एक प्रिय व्यक्ति के रूप में उनकी स्थिति को और मज़बूत करता है। असामान्य से कम स्थितियों में भी लोगों से जुड़ने की उनकी क्षमता, अपने दर्शकों के प्रति उनकी विनम्रता और वास्तविक सम्मान को उजागर करती है।



# छत्तीसगढ़ में पहली बार मल्टीस्टार छत्तीसगढ़ी फिल्म आखिरी फैसला 13 को होगी रिलीज

**रायपुर।** भाई भाई फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म आखिरी फैसला जिसके मुख्य कलाकार रवि साहू है इस फिल्म में अपना जलवा बिखेरीगी बी.ए. फाईनल ईयर की हीरोईन दीक्षा जायसवाल एवं बी.ए. सेकेंड ईयर, की हीरोईन सोनाली सहारे इसके अलावा इस फिल्म में अमित चक्रबर्ती, तरूण देवांगन, गणपति देवांगन, पूजा टांडेकर, सिमरन देवांगन है। इस फिल्म की प्रस्तुति श्रद्धा सिनेमा प्रोडक्शन के द्वारा किया जा रहा है। इस फिल्म में बॉलीउड के कलाकार दीपक सिर्क (प्रलयनाथ गेंडा स्वामी फेम) अब्दुल गफार खान जिन्होने रामायण सिरियल में कुंभकरण का रोल अदा किया है। इस फिल्म की शूटिंग रायपुर, बिलासपुर, कोनी, रानीगांव, कोरबा, सतरेंगा में हुई है। बिलासपुर के लोकेशन हैप्पी स्ट्रीट, स्मृति यन, बिलासा ताल, बंधवा तालाब, सरकंडा पूल रोड, रेल्वे स्टेशन, बिलासा एयरपोर्ट, बस स्टैण्ड में किया गया है। रायपुर के नया रायपुर में इसकी शुटिंग हुई।

इस फिल्म का पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम रायपुर में 1 सितम्बर 2024 को किया जायेगा जिसमें सभी कलाकार, सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहेंगे एवं 4 सितम्बर 2024 को बिलासपुर में ओपन मिट का कार्यक्रम रखा गया है।




इस फिल्म में आपको प्रदीप शर्मा, धर्मेंद्र चौबे, सलीम अंसारी, क्रांति दिक्षीत, अजय पटेल, जेटू साहू, नरेन्द्र चंदेल सम्राट तिवारी, महावीर सिंह चौहान, स्व. सूरज मेहर, अमित मनहर, यशवंत साहू, रमेश बघेल, जय बरेठ, राजा पंकज, अखिलेश वर्मा, सूनील तत्त मिश्रा, विश्वनाथ राव, अजय शर्मा, लक्की राजा, शैलेंद्र बाजपेयी, विनोद नेताम जॉनी, नवीन सोनी, विजय भौमीक, सत्यनारायण देवांगन, इश्वर देवांगन, अमृतिश मिश्र, सनी भटेजा, परस देवांगन, रवि देवांगन, प्रवेश पटवा, धनश्याम खाण्डे, अरूण देवांगन है। इस फिल्म के गीतकार ओम परमानंद वैष्णव, नीलम पैकरा, संगीतकार ओम परमानंद वैष्णव, इस फिल्म में अपनी आवाज का छत्तीसगढ़ मे जादू बिखैरने वाले सिंगर सूनील सोनी, अनुराग शर्मा, अनुपमा मिश्रा, कंचन जोशी, ओम परमानंद वैष्णव, सूनीता वस्त्रकार, है। इस फिल्म की कथा पटकथा संवाद योगेश देवांगन का है। छत्तीसगढ़ी फिल्म आखिरी फैसला का भाई भहन वाला गाना (तोला मया देवव मोर भाई) 14 अगस्त 2024 को एवीएम म्यूजिक कंपनी के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ हो चूका है एवं जिस गाने का हीरो हीरोईन से लेकर पूरी टीम को बेसब्री से इंतजार था वह गाना 21 अगस्त 2024 को एवीएम म्यूजिक कंपनी के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुई जिसके बोल है मोर सोना रे मोर सोना इसके बाद सितम्बर माह में आखिरी फैसला का एक और गाना देवांगन समाज का हे परमेश्वरी हे आदि शक्ती रिलिज होगी। जिसे संजू टांडी एवं नन्दु टांडी के द्वारा कोरियोग्राफी किया गया है। इसके अलावा इस फिल्म में सदाबाहार कलाकार उपासना वैष्णव, उषा विश्वकर्मा, उर्वसी साहू, भानूमति कोसरे, सरला सेन, बुधवारा देवांगन, राखी सिंह, करीश्मा सारवा, गौरी शुक्ला, सरोज यादव, निशा चेलकर, निशा जायसवाल, यामिनी देवांगन है। बाल कलाकार राहूल देवांगन, निकीता यादव, श्रद्धा देवांगन, आयुष देवांगन भी है।

फिल्म के निर्माता यामिनी गणपत्ति देवांगन, डी.के. देवांगन, निर्देशक आदिश कश्यप, विफ असिस्टेंट डारेक्टर सलीम अंसारी एसोसियेट डारेक्टर अनुनय शर्मा, सहायक निर्देशक डी. के. देवांगन, कैमरामेन राहूल वर्मा, एडीटर एवं पोष्ट प्रोडक्शन शिवनरेश केशरवानी, आर्ट डारेक्टर ओम तिवारी, प्रोडक्शन मैनेजर राजेश चौबे, साउथ के फाईट मास्टर के. सतिश अन्ना है। निर्देशक का कहना है कि इस फिल्म की कहानी कुछ अलग हटकर है जो दर्शको को पसंद आयेगी इसके गीत भी लाजवाब है जो आपका मन मोह लेंगे। फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर अमन पिक्चर्स (अलक राय) है। इस फिल्म में रामभरोस निराला, मनोज ठाकुर, प्रदिप चंद्रा, अखिलेष देवांगन, सोनू महंत, संतोष राठौर, अभिलाष कुमार, भालचंद मरोठे, योगेश मानीकपूरी, प्रदीप निरनिजक, अशोक साहू, देवकमल, सूरज दिवाना, विनायक अग्रवाल, रामअवतार निर्मालकर, भागचंद गहरे, दीपक वर्मा, साजिद अली, अरिद कुमार सागर, विनेन्द्र यादव, दीपक देवांगन, दद्दू वेष्णव, हेमंत तिवारी, बी.आर. साहू, सतनाम, बालचंद साहू, पवन सोनी, विनोद बघेल, विनय कश्यप, कल्का सोनटके, आदि कलाकारो ने अभिनय किया है।

## राशा थडानी ने अनामिका खन्ना की लॉन्च पार्टी में एक अंतर्राष्ट्रीय फैशन ब्रांड का प्रतिनिधित्व किया

राशा थडानी ने मुंबई में एक अंतर्राष्ट्रीय फैशन ब्रांड के साथ मिलकर अनामिका खन्ना की सबसे प्रत्याशित लॉन्च पार्टी में शिरकत की। यह कार्यक्रम एक ऐसे सहयोग का आधिकारिक अनावरण है जो समकालीन डिज़ाइन संवेदनाओं के साथ कालातीत भारतीय सिल्हूट को सहजता से मिश्रित करता है। फैशन में युवा जीवंतता की सच्ची प्रतिनिधि राशा ने कलेक्शन की भावना को पूरी तरह से मूर्त रूप दिया। कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति ने युवा पीढ़ी के लिए कलेक्शन की अपील को और मजबूत किया। राशा थडानी ने कहा, यह उत्सव वास्तव में अनामिका खन्ना सहयोग की भावना को दर्शाता है। इस अविश्वसनीय सहयोग का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। अनामिका खन्ना की दृष्टि और फैशन को आम लोगों तक पहुँचाने के लिए रूका समर्पण मिलकर कुछ खास बनाने के लिए साथ आए हैं। अनामिका खन्ना ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैं आज रात राशा थडानी के हमारे साथ शामिल होने से रोमांचित हूँ। उनकी जीवंत ऊर्जा और ताजा दृष्टिकोण रूके साथ हमारे सहयोग की भावना को पूरी तरह से पूरक करता है। फैशन की दुनिया में एक उभरते सितारे के रूप में, राशा का समर्थन अमूल्य है। वह भारतीय फैशन के भविष्य का प्रतिनिधित्व करती हैं और हमारे देश की प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रमाण हैं।



# पूरा प्रदेश,हम सब देवेंद्र व सतनामी समाज के साथःलखेश्वर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







नारायणपुर, 25 अगस्त। जयस्तंभ चौक के समक्ष भिलाई विधायक देवेंद्र यादवको द्वेषपूर्ण राजनीतिक षड्यंत्र के तहत गिरफ्तार करने के विरोध में कांग्रेस के साथियों के साथ एक दिवसीय धरना देकर अपना विरोध दर्ज कराया। विष्णुदेव सरकार ध्यान रखे कि वो चाहे कितनी भी ताकत लगा ले, कांग्रेस को जनहित की आवाज उठाने से नहीं रोक सकती

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा की पुलिस से कहना चाहता हूं कि सरकार आती-जाती रहती है लेकिन कोई ऐसा काम मत करो, जिससे नजरें मिलाने में आपको दिक्कत हो विधायक देवेंद्र यादव को जेल में डालने का निर्णय मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री का है ये दोनों मिलकर अपनी नाकामी छिपाना चाहते हैं अगर प्रदेश के मुखिया को ये लगता है कि एक युवा विधायक को गिरफ्तार करके अपने 8 महीने के कलंकित कार्यकाल को ढंक लेंगे, तो यह उनकी गलतफहमी है सतनामी समाज के साथ हुए अन्याय को एक और अन्याय करके आप समाज को धोखा दे रहे हैं।

पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने कहा की अपनी नाकामी छुपाकर, विपक्षी नेताओं पर बिना किसी ठोस सबूत के कार्यवाही साय सरकार की प्रतिशोध की राजनीति को दर्शाता है बलौदाबाज़ार में सतनामी समाज के लोगों पर हुई हिंसा में साय सरकार का यह रवैया राजनैतिक षड़यंत्र के सिवा कुछ नहीं लगता। इस दौरान मौजूद रहें देवनाथ उसेंडी, दिनेश यदु, राजेश दीवान, रवि देवांगन, सेख तौहीद, मानसिंह कवासी, रघु मानिकपुरी, गुड्डू राव, अमित भद्र, बोधन देवांगन, विजय सलाम, दीपक गांधी, रमेश धुर्वे, रमेश शोरी, तुलसीराम ठाकुर, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, एवं समस्त कार्यकर्तागण, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

**समाचार संक्षेप**

## आकांक्षी ब्लॉक कोंटा में फलोद्यान को बढ़ावा देने हो रही सार्थक पहल



■ शिक्षक एम. परमेश्वर सिंह ने पौधे लगाकर प्रकृति प्रेम को किया प्रदर्शित

**सुकमा, 25 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दक्षिण भारत से लगे होने के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश के सुकमा जिले की जलवायु आम के लिए बहुत ही अनुकूल मानी जाती है। सुकमा जिले के विकासखण्ड कोन्टा के कई किसानों ने आम वृक्ष लगाकर सफलता हासिल किया है। जिला प्रशासन के पहल से जिले के किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में काम किया जा रहा है। सामुदायिक उद्यान से वृक्षारोपण को तेजी से महत्व दिया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा नीति आयोग के सहयोग से कोंटा ब्लॉक के अंदरूनी क्षेत्रों में सामूहिक रूप से आम के फसल को करवाने का फैसला लेते हुए जगह का चिन्हांकन कर इस वर्ष सफलतापूर्वक पौधारोपण करवाया गया है। ये कहानी जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर कोन्टा ब्लाक में एक शिक्षक श्री एम परमेश्वर सिंह की है, जिन्हें प्रकृति से बहुत प्रेम है उन्हें फलदार पौधा लगाना बहुत पसन्द है। जिसके कारण उन्हें वनप्रेमी शिक्षक के नाम से जाना जाता है। ऐसे तो शिक्षक श्री सिंह अपने जीवन में कई उद्यान निर्माण कर चुके हैं। उनका मानना है कि कोंटा ब्लाक मुख्य रूप से आम की खेती के लिए यहाँ की जलवायु के अनुरूप उपयुक्त माना जाता है यहाँ की मिटटी में आम की उपज में बहुत ही अच्छा परिणाम मिल रहा है। शिक्षक श्री सिंह कहते हैं कि हमें फलदार पौधों का रोपण करके पर्यावरण को आक्सीजन हेतु संतुलित करने के साथ-साथ हमें लिए फलाहार भी प्राप्त होगा। जिससे किसानों को निश्चित रूप से आय में वृद्धि होगी साथ ही व्यवसायिक कृषि बढ़ेगा। उनका कहाना है कि शासन चाहे तो कोन्टा ब्लाक को आम का हब (घर) बनाया जा सकता है जिसकी क्षमता पूरे छत्तीसगढ़ को आम की मांग को पूर्ति कर सकता है। कलेक्टर श्री हरिस. एस ने कहा कि दूरस्थ वंनाचल ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में लोग तेजी से आगे बढ़ने के साथ ही उनके अजीविका को आगे बढ़ाना है। उन्होंने समूह को प्राथमिकता देकर आधुनिक तरीके से फलोद्यान कराया गया है। किसानों को पारंपरिक कृषि के साथ ही फलोद्यान की दिशा में काम करने को कहा, ताकि किसान आर्थिक रुप से ज्यादा सक्षम हो सकेंगे। कलेक्टर श्री हरिस. एस के निर्देशन में कोंटा ब्लॉक के ग्राम करिगुण्डम ग्राम पंचायत एलमागुण्डा, ग्राम बुर्कापाल ग्राम पंचायत ताड़मेटला, ग्राम मुकरम एवं ग्राम गोरगुण्डा का चयन कर चारों जगहों में क्रमशः 22 एकड़, 8 एकड़, 20 एकड़ एवं 10 एकड़ कुल 60 एकड़ हर जगह में 5 से 7 किसानों को सामूहिक लाभ दिलाने के उद्देशों से फेन्सिंग (तार), 10 नलकूप खनन, ड्रिप स्थापना सहित साफ-सफाई एवं तीन वर्ष के 8 से 10 फिट के बैगनपल्ली ग्राफ्टेड़ पौधों के साथ ही आम, नींबू और नारियल के पौधों का रोपण कराया गया है। शिक्षक एवं वनप्रेमी श्री एम. परमेश्वर सिंह कहते हैं कि पहले आम आन्ध्रप्रदेश से आयात करते थे, कोंटा ब्लॉक में किसानों ने आम की फसल करने से वर्तमान में हमें हमने ही जिले की मीठे-ताजा और रसीले आम की फल आसानी से मिल जाते हैं। वे कहते हैं कि पौधारोपण करने से अंदरूनी क्षेत्रों में किसानों को पारंपरिक कृषि के साथ ही फलोद्यान की ओर लोगों को ध्यानाकर्षण करना है। जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है।

**एक नजर**

## दिव्यांगजनों को मिली छड़ी और व्हीलचेयर



**उत्तर बस्तर कांकेर, 25 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समाज कल्याण विभाग द्वारा आज नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम अभनपुर निवासी 97 वर्षीय दयाराम नाग और उनकी पत्नी 95 वर्षीय श्रीमती पाचोबाई को मांग अनुसार छड़ी और व्हीलचेयर प्रदाय की गई। इसी प्रकार कांकेर तहसील के ग्राम सिंगारभाट निवासी रंजीत यादव 80 प्रतिशत पैर से दिव्यांग को व्हील चेयर और उनके पिता फत्तेसिंग को छड़ी प्रदाय किया गया। उक्त दिव्यांगजनों ने सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण प्रदान किया गया। उक्त दिव्यांगजनों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होंगे प्रधान पाठक जयमाला और हपका मुत्ता

**सुकमा, 25 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस पर सभी राज्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन 05 सितंबर 2024 को रायपुर में स्थित राज भवन के दरबार हाल में किया जा रहा है। जिसमे सुकमा जिले के प्रधान पाठक श्रीमती जयमाला और श्री हपका मुत्ता शामिल हैं। इन्हे 5 सितंबर 2024 को शिक्षक दिवस के दिन सम्मानित किया जाएगा। विकास खंड सुकमा अन्तर्गत प्राथमिक शाला गोलागुड़ा मूरतोड़ा की प्रधान पाठक श्रीमती जयमाला और बालक आश्रम झापरा की प्रधान पाठक श्री हपका मुत्ता को करियर मार्गदर्शन, विद्यार्थियों की मदद, विषयों में नवाचार, सार्वजनिक व राष्ट्रीय एकीकरण के कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यों में सहभागिता के साथ शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान मिला है। इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन एवम् जिला शिक्षा विभाग ने बेहतर काम करने प्रेरित किया। उल्लेकनीय है कि 05 सितंबर 2023 को राज्य शिक्षक सम्मान 2024 के लिए 52 शिक्षकों के नामों की घोषणा की गई थी।





## मतदाता जागरूकता के लिए जिला एवं खंड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त

**उत्तर बस्तर कांकेर, 25 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन-2024-25 कराये जाने हेतु आयोग द्वारा मतदान प्रक्रिया सरलता से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्य का प्रचार-प्रसार अभियान की योजना ''जागव बोटर'' (जाबो) के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा जिला स्तर एवं खंड स्तर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार मतदाता जागरूकता कार्य के प्रचार-प्रसार हेतु जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल को नियुक्त किया गया है।

### बलौदाबाजार प्रकरण में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी पर दंतेवाड़ा में कांग्रेसियों ने दिया धरना

# भाजपा सरकार पर जमकर बरसे कांग्रेसी नेता



- पत्रकारों की गिरफ्तारी पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया
- भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर हुई नारेबाजी
- भाजपा सरकार अपनी नाकामी छुपाने बौखलाहट में कांग्रेस नेताओं पर बेवजह में कर रही है कार्रवाई-रेखचन्द जैन
- छविंद्र कर्मा, विमल सुराना, तुलिका कर्मा ने सरकार की जमकर कोसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 25 अगस्त।** बलौदाबाजार में हुए घटना में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को गिरफ़्तार कर जेल में डाल दिया गया है, इसके विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे प्रदेश में ज़िला स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में ज़िला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा द्वारा एक दिवसीय ज़िला स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

ज़िला कांग्रेस दंतेवाड़ा के प्रभारी पूर्व विधायक जगदलपुर रेखचन्द जैन ने अपने सम्बोधन में प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों में लेकर कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार जन हित कार्य करने में पूरी तरह से विफल रही है पिछले 8 माह में पूरे प्रदेश भर में हाहाकार मचा हुआ है बलौदाबाज़ार ज़िले के सबसे बड़े अधिकारी कलेक्टोरेट एवं एसपी कार्यालय में आगज़नी की घटना की जाँच करने के बजाय पूरी घटना का ठीकरा कांग्रेस के विधायक और कार्यकर्ताओं पर फोड़ रही है। अपनी नाकामी छुपाने के साजिश के तहत पूर्वाग्रह में कांग्रेस नेताओं एवं सतनामी समाज पर कार्यवाही कर रही है।

रेत माफ़िया पर खबर बनाने पहुंचे दंतेवाड़ा व सुकमा के चार पत्रकारों की गाड़ी में गांजा रखकर जेल भेज देती है। कांग्रेस पार्टी इस कृत्य की पुरजोर विरोध करती है।जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तब से पूरे प्रदेश में आपराधिक गतिविधियां चरम पर है, पूरे प्रदेश में असुरक्षा का वातावरण बना हुआ है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छविंद्र कर्मा ने कहा कि भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को षड्यंत के तहत फ़साया जा रहा है जब बलौदाबाज़ार में इतना बड़ा धरना प्रदर्शन का आयोजन सतनामी समाज के द्वारा किया जा रहा था तो वहाँ की पुलिस, ज़िला प्रशासन, खुफ़िया तंत्र को पता कैसे नहीं चला कि इतनी बड़ी घटना हो गई।

प्रदेश की भाजपा सरकार सिर्फ़अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए विधायक देवेंद्र यादव को फँसा रही है। प्रदेश की भाजपा की सरकार बिचौलिये और उद्योगपतियों की सरकार है सिर्फ़ बलौदाबाज़ार ही नहीं पूरे प्रदेश की क़ानून व्यवस्था चरमराई हुई है प्रदेशभर में हो रहे घटनाओं से यह साफ़ नज़र आ रहा है कि भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ राज्य को बर्बाद कर देना चाहती है ज़िले में कांग्रेस की सरकार द्वारा बैलाडिला- दंतेवाड़ा सड़क मार्ग स्वीकृत किया गया।

भाजपा की सरकार आने के बाद से निर्माण कार्य लचर स्थिति में है दंतेवाड़ा जैसे संवेदनशील ज़िले में जहां पुर्व में बड़ी- बड़ी घटनाएँ हो चुकी है इसके बाद भी सरकार और ज़िले के विधायक सुस्त है ज़िला पंचायत अध्यक्ष तुलिका ने कहा प्रदेश की भाजपा की सरकार के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए वे कभी ईडी तो कभी झूठे मामलों में कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को परेशान करती है लेकिन इससे कांग्रेस के कार्यकर्ता कमज़ोर नहीं होंगे बल्कि वे डटकर इसका मुक़ाबला करेंगे।

तूलिका ने पत्रकारों की गिरफ़्तारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि हमारे बस्तर के पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर जन समस्याओं को सामने लाते है उनके साथ इस तरह का घिनौना हरकत करना उन्हें शोभा नहीं देता दंतेवाड़ा और सुकमा के पत्रकारों को जिस तरह झूठे आरोप में उनके गाड़ी में गाँजा डालकर कोंटा पुलिस और भाजपा सरकार द्वारा फँसाया गया इससे उनका दोहरा चरित्र दिखता है। पूर्व जिलाध्यक्ष विमल सुराना ने कहा कि सरकार कितना भी तानाशाही रवैया अपना ले, कांग्रेस डरने वाली नही है। कांग्रेस हरएक कार्यकर्ता मजबूती के साथ विधायक देवेंद्र यादव के साथ खड़ा हुआ है।

धरना प्रदर्शन में शहर महिला अध्यक्ष इंद्रा शर्मा, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोपा कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य शंकर कुंजाम, सरपंच अनिल कर्मा, राकेश मंडावी ने भी अपना उदबोधन दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवती कर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, महामंत्री सलीम रज़ा उस्मानी, मनीष भट्टाचार्य, नगरपालिका अध्यक्ष पूजा साव, नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी सुराना, ब्लॉक अध्यक्ष राजू रेड्डी, जितेंद्र कश्यप, अमजद खान, हेमू उपाध्याय, संतोष सिंह, जीएस कुमार, बीना साहू, किरण जायसवाल, दमयंती साहू, राधा साहू, शिवकुमारी ध्रुव, रामनाथ राठौर, बाल सिंह कश्यप, नाहरू राम कोवासी, सोहन भवानी, रविश सुराना, मनोज साहा, अमृत टण्डन, संजीव साव, आसिफ रज़ा, अजय मरकाम, अनिल सोनी, नरेन्द्र सोनी, अविनाश सरकार, आकाश विश्वास, प्रवीण राणा, दीपक गोस्वामी, सत्य भान जादौन, लखमू राम नेताम, अजय तेलाम, संदीप राठौर, सलमान नवाब, राकेश कर्मा, ब्रम्हा सोनानी, रघु कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## गाजर घास उन्मूलन के लिये चलाया गया अभियान




**सुकमा, 25 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृषि विज्ञान केंद्र में घास उन्मूलन जागरूकता सप्ताह में बताया गया कि गाजर घास विदेशी घास है जो मानव एवं अन्य जीवों के स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि पर्यावरण को भी आघात पहुंचा रहा है। इसके स्पर्श मात्र से ही खुजली, एलर्जी और चर्म रोग एवं अस्थमा जैसी गंभीर बीमारियां पैदा हो सकती हैं। यह एक शाकीय पौधा है जो किसी भी वातावरण में तेजी से उगकर मानव एवं प्रकृति के सभी जीवों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। इसके उन्मूलन के लिए गंभीर प्रयास करने की आवश्यकता है। इसी तारतम्य में कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा द्वारा 16 से 22 अगस्त 2024 तक गाजर घास उन्मूलन जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इसके अंतर्गत पौध रोग विशेषज्ञ राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कार्यक्रम सहायक मत्स्य डॉ. संजय राठौर एवं चिराग परियोजना के एस.आर.एफ यमलेश्वर भोयर ने पुजारीपाल, धोबनपाल, गुडरा, गंजेनार, कवासीरास, नीबूपदर एवं मुरतोन्डा इत्यादि गांवों में जाकर किसान भाईयों एवं स्कूली छात्रों को गाजर घास के उन्मूलन हेतु जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इस खरपतवार में ऐस्क्युटरपिन लेक्टोन नामक विषाक्त पदार्थ पाया जाता है, जो फसलों की अंकुरण क्षमता और विकास पर विपरीत असर डालता है। इसके परागकण पर परागित फसलों के मादा जनन अंगों में एकत्रित हो जाते है, जिससे उनकी संवेदनशीलता समाप्त हो जाती है। दलहनी फसलों में नाइट्रोजन स्थिरीकरण करने वाले जीवाणुओं की क्रियाशीलता को भी कम करता है।

# बिजली की अघोषित कटौती से उपभोक्ता परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



❛ दोरनापाल जेईई अनिल कुमार साई ने बताया कि ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आई है, जिसका सुधार कार्य किया जा रहा है। जल्द ही बिजली व्यवस्था सुचारू हो जाएगी।

**सुकमा, 25 अगस्त।** दोरनापाल में बिजली गुल व अघोषित बिजली कटौती के वजह से उपभोक्ता परेशान है। इधर मेंटेनेंस के नाम पर करीब दो महीने से दोरनापाल सहित अलग-अलग क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। नगर में हल्की बारिश होने पर विद्युत विभाग की आंख मिचौली शुरू हो जाती है प्रतिदिन दो से तीन घंटे बिजली बंद की जा रही है लगातार विद्युत सप्लाई ठप होने की वजह से बिजली उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश भी देखने को मिल रहा है।

बिजली गुल मीटर चालू ये कहावत दोरनापाल नगर में चरितार्थ होती नजर आ रही है क्योंकि नगर सहित अन्य इलाकों में लगातार बिजली कटौती के नाम लाइट बंद किया जा रहा है किंतु इससे आम आदमी काफी परेशान हो चुके हैं।बिजली कटौती के नाम पर घंटो लाइन बंद कर दी जाती है लेकिन हर महीने समय पर बिल न पटाने पाने पर बिजली कनेक्शन काट दिया जाता है इसमें विभाग द्वारा कोई समझौता नहीं किया जाता है लेकिन बिजली कटौती के नाम पर लाइन घंटो तक बंद कर आमजनता को परेशान किया जा रहा है और लो वोल्टेज की परेशानी भी नगर में लगातार बनी रहती है जिससे काफी समस्या हो रही हैं ये उक्त बातें नगर के एक व्यक्ति ने कही है।

**मेंटेनेस से नाम से झाडते है पल्लाः** दिन हो या रात बेवजह किसी भी समय लाइट बंद कर दिया जाता है और जब किसी तरह उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत दर्ज करवाने बिजली विभाग के दफ़्तर फोन लगाया जाता है तो विभाग का टेलीफोन बंद आता है किसी तरह कर्मचारियों के निजी नंबर पर संपर्क हो जाता है तो अधिकारी या कर्मचारियों द्वारा भी जवाब देने में ताल मटोल किया जाता है मेंटेनस करने के नाम ठीकरा फोड़ कर अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पल्ला झाड़ लिया जाता है।

**मेंटनेंस के नाम पर खानापूर्ति-** बिजली विभाग द्वारा मानसून और त्यौहारों के पहले साल में चार से पांच बार मेंटेनेंस किया जाता है। इस दौरान पांच से छह घंटे बिजली बंद कर लाइनों से पेड़ों की शाखाओं को काटने, ट्रांसफॉर्मर में मरमत करने समेत अन्य बिजली संबंधी कार्य किए जाते हैं। पिछले कुछ सालों में मेंटेनेंस के नाम पर केवल खानापूर्ति चल रही है। मेंटेनेंस के लिए घंटों बिजली बंद तो रखी जाती है, लेकिन मामूली सी हवा और बारिश में बिजली बंद हो जाती है। कई स्थानों पर लाइनों पर पेड़ों की शाखाएं गिर जाती हैं। मेंटनेंस के लिए बिजली कंपनी को अलग से राशि भी प्रदान की जाती है।

## छात्रा रश्मि कलमू ने की राष्ट्रपति से मुलाकात



**सुकमा, 25 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रपति भवन में रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिले की कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय छिंदगढ़ की छात्रा कुमारी रश्मि कलमू मुलाकात कर दिल्ली से वापस आने पर, उसका संस्था में स्वागत किया गया। छात्रा रश्मि ने बताया कि 19 अगस्त को रक्षाबंधन का कार्यक्रम था जिसमें बच्चों ने माननीय राष्ट्रपति महोदया को राखी बांधी एवं समस्या छात्राओं में माननीय राष्ट्रपति महोदया से अपने क्षेत्र के सांस्कृतिक धरोहर एवं शैक्षिक उपलब्धि पर चर्चा करते हुए मुलाकात की। 20 अगस्त को टीम ने दिल्ली के प्रमुख दर्शनीय स्थल संरक्षण संस्थाओं का भ्रमण किया। जिसमें राष्ट्रपति भवन, संसद भवन , लाल किला, कुतुब मीनार,लोटस टेंपल, राजघाट जमा मस्जिद , इस्कॉन मंदिर और महत्वपूर्ण स्थल शामिल है। संस्था में आयोजित कार्यक्रम में सभी ने छात्रा की सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। विद्यालय अधीक्षक श्रीमती विशाखा कश्यप ने बताया कि रश्मि के दिल्ली से वापस आने और माननीय राष्ट्रपति महोदया से मुलाकात के सुनहरी यादों को अपने साथियों शिक्षक को समस्त कर्मचारी से साझा किया। उल्लेखनीय है कि राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा राज्य के बच्चों का चयन का रक्षाबंधन के अवसर पर माननीय राष्ट्रपति महोदया से राष्ट्रपति भवन में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें जिले की छात्रा कुमारी रश्मि कलमू और अधीक्षक श्रीमती विशाखा कश्यप भी शामिल हुई थी।

### बलौदाबाजार मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के बाद फूटा गुस्सा

# विरोध में कांग्रेसियों ने बस स्टैंड में किया धरना-प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 25 अगस्त।** बलौदाबाजार मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में सुकमा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला मुख्यालय सुकमा स्थित बस स्टैंड परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रदेश की भाजपा सरकार पर कोई गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वरी बघेल, कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष करण सिंह देव, जिपं अध्यक्ष हरीश कवासी, नपा अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सुनिल यादव, शेख सज्जर, राजेश नारा, गीता कवासी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

शनिवार को सुकमा जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड परिसर में कांग्रेस पार्टी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए बलौदा बाजार घटना मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर सभा को संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार की कड़ीं आलोचना की। जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारों को फर्जी तरीके से फसाने का काम भाजपा की विष्णु देव सरकार में की जा रही है, ऐसे में हम लोगों का क्या होगा।

पूर्व मंत्री एवं कोन्टा विधायक कवासी लखमा ने कहा कि बलौदाबाजार के मामले में साय सरकार अपनी नाकामी और पूरे देश में हुई बदनामी को छुपाने विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट को दर्शाता है। यह विपक्ष को बदनाम करने की साजिश है। विधायक देवेन्द्र यादव बलौदाबाजार में न भाषण दिए और न ही कलेक्टर ऑफिस प्रदर्शन में शामिल हुए। वे भीड़ में पांच मिनिट रूक कर वापस आ गये थे। कही भी किसी हिंसक घटना में उनके संलिप्तता का कोई भी साक्ष्य नहीं और न ही वे किसी भी प्रकार की घटना में शामिल थे, पुलिस ने उनको गलत तरीके से गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि सरकार, पुलिस बताये किन भाजपा नेताओं को नोटिस दिया, पूछताछ की गयी। न्याय संगत कार्यवाही होनी चाहिये। भाजपा सरकार का चरित्र और व्यवहार 8 माह में ही अलोकतांत्रिक हो गया है।

विधायक कवासी लखमा ने कहा कि पत्रकारों को गलत तरीके से फंसाने उनकी गाड़ी में गांजा रखा जाता है। विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमे में फंसा कर गिरफ्तार किया गया। बलौदाबाजार के मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगों को चिन्हांकित करके उनको जेलों में डाला गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा सरकार के इस आताताई चरित्र से डरने वाली नहीं। इस प्रकार के कृत्यों से हमारा कार्यकर्ता और मजबूती से सरकार के खिलाफ जनता की आवाज उठायेगा। बलौदाबाजार में हुई आगजनी की भयावह घटना शासन प्रशासन की बड़ी लापरवाही व सरकार की इंटेलीजेंट के फैल हो जाने के कारण हुई। समय रहते सरकार व प्रशासन सचेत हो जाता समाज के द्वारा सीबीआई जांच की मांग को पूर्व में ही मान लेता तो प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना से बचा जा सकता था।

# माओवादी विरोधी अभियान के हर मोर्चे पर सरकार को मिली अच्छी सफलता: अमित शाह

## छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से लड़ाई में जैसी मदद की आवश्यकता होगी भारत सरकार उपलब्ध कराएगी




**रायपुर, 25 अगस्त।** केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ तथा पड़ोसी राज्यों में चल रहे माओवादी आतंक विरोधी अभियान की आज रायपुर में समीक्षा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में माओवादी आतंक विरोधी अभियान में छत्तीसगढ़ सरकार को हर मोर्चे पर बहुत अच्छी सफलता मिली है। पिछले आठ माह में माओवादी आतंक को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ में जितना कार्य हुआ है, उतना कभी नहीं हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की प्रशंसा करते हुए कहा कि माओवादियों का एरिया बहुत सीमित रह गया है। छत्तीसगढ़ सरकार नक्सल विरोधी अभियान में बहुत अच्छी कार्रवाई कर रही है। जितनी तेज और प्रभावी कार्यवाही साय सरकार ने 8 माह में की, जिसमें 150 माओवादी आतंकवादी न्यूट्रेलाइज किए गए और इससे 4 गुना ज्यादा लोगों ने आत्मसमर्पण किया, वह पूरे भारत में आज तक कहीं नहीं हुआ। इस कार्यवाही में उन्होंने और तेजी लाने के उन्होंने निर्देश दिए। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री से मैं लगातार बात करता हूं, छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से लड़ाई में जिस मदद की आवश्यकता होगी उसे भारत सरकार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य की एजेंसियों को मिलकर नक्सलियों की वित्तीय कड़ी को तोड़ने का कार्य करना चाहिए। टैक्स एजेंसियों को भी संवेदनशील होकर नक्सलियों की वित्तीय कड़ियों को तोड़ने के लिए करवाई करनी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने नक्सल प्रभावित इलाकों में कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को शासकीय योजनाओं, प्रक्रियाओं और इंटेंट के बारे में सही इन्फॉर्मेशन दी जाए।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी जाए। ये हमें सुनिश्चित करना होगा कि केंद्र और राज्य की सभी 300 योजनाओं का शत प्रतिशत सैचुरेशन हो, उनका पूर्ण क्रियान्वयन हो। ऐसे क्षेत्र जहां माओवादी आतंक खत्म हो गया है, वहां ये समस्या दोबारा पैदा ना हो, ये सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इन क्षेत्रों में लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी हथियार वाले आन्दोलन को लोगों में सरकार के प्रति विश्वास पैदा करके ही समाप्त किया जा सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए 30 करोड़ देने की घोषणा की।

छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, माओवादी आतंक विरोधी अभियान की प्रगति और भावी योजनाओं पर प्रस्तुतिकरण दिया। इस पर विचार-विमर्श के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ के माओवादियों में से अधिकाधिक, आत्म समर्पण करना चाहते हैं, हमें समर्पण योजना की व्यापक जानकारी रखनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव श्री गोविंद मोहन, आईबी, एनआइए, सीआरपीफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी के महानिदेशक, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा सहित झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### ग्रंथपाल ,डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं भृत्य के पदों के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**बीजापुर 25 अगस्त।** सेन्ट्रल लाइब्रेरी बीजापुर के लिए अस्थाई रूप से एक वर्ष की अवधि के लिए गैर शैक्षणिक पदों ग्रंथपाल, डाटाएंट्री ऑपरेटर एवं भृत्य पदों पर भर्ती 26 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। उक्त विज्ञापन के अनुक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बीजापुर को निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त आवेदनों की सूची दावा आपत्ति आवेदन प्रारूप के साथ जिले के साथ जिले की वेब साईट पद में दावा आपत्ति हेतु प्रकाशित की गई है। किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति होने पर 30 अगस्त 2024 तक सायं 5:30 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### नक्सलियों ने मुखबिरी.का आरोप लगाते एक ग्रामीण की हत्या की

**बीजापुर 25 अगस्त।** गंगालूर थाना क्षेत्र के पुसनार गांव में लांचा पुनेम नामक एक ग्रामीण की गुरुवार को नकसलियों ने हत्या कर लाश के पास.एक पर्चा फेककर उस पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए हत्या की. जिम्मेदारी ली है यहां बतादे पुलिस के लगातार बढते दबाव से नकसली ऐसे वारदातो को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत फैलाने का काम कर रहे है ये उनकी बौखलाहट को स्पष्ट करता है नकसलियों ने शव के पास जो पर्चा रखा था उसमे यह उल्लेख किया गया है कि लांचा पुनेम को जन अदालत मे चार बार चेतावनी दी गई थी उसके बाद भी वह नहीं. माना तब उसे मौत की सजा.दी गई

### तोते और संरक्षित पक्षियों को कैद में रखने एवं खरीदने-बेचने पर होगी कार्रवाई

**महासमुंद 25 अगस्त।** तोते और अन्य संरक्षित पक्षियों को कैद में रखने, उनकी खरीदी-बिक्री या घर में पालन करने के खिलाफ सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 में संशोधन करते हुए मई 2022 में पक्षियों की कैद, खरीद-फरोख्त और पालन पर सख्त कदम उठाए हैं। इस अधिनियम के तहत किसी भी पक्षी, विशेष रूप से तोते और अन्य अनुसूचित पक्षियों को कैद में रखना एक दंडनीय अपराध माना गया है। अपराधियों के लिए तीन वर्ष तक की कारावास और जुर्माने का प्रावधान है। सभी नागरिकों को सूचित किया गया है कि जिनके पास कोई भी संरक्षित पक्षी या वन्यजीव है, वे उन्हें तुरंत संबंधित अधिकारियों को सौंपें। इस कार्य के लिए श्री अब्दुल वहीद खान उप वनमण्डलाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

# राजनैतिक द्वेष से काम कर रही भाजपा सरकार:लालू राठौर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 25 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने आज जिला मुख्यालय बीजापुर में शनिवार को भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया है। कॉंग्रेस भवन के सामने आयोजित धरना प्रदर्शन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार राजनैतिक द्वेष से काम कर रही है भाजपा की साय सरकार अपनी नाकामी और पूरे देश में हुई बदनामी को छुपाने विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है।कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा की नाकामी और बौखलाहट को दर्शाता है। यह विपक्ष को बदनाम करने की साजिश है। भिलाई के विधायक देवेन्द्र यादव ने बलौदाबाजार में न भाषण दिये और न ही कलेक्टर ऑफिस प्रदर्शन में शामिल हुये। वे भीड़ में पांच मिनिट रूक कर वापस आ गये कही भी किसी हिंसक घटना में उनके संलिप्तता का कोई भी साक्ष्य नहीं और न ही वे किसी भी प्रकार की घटना में शामिल थे। पुलिस ने भाजपा सरकार के दबाव में उनको गलत तरीके से गिरफ्तार किया है। जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए कहा है कि भाजपा की यह कारवाई बताती है कि उसका भरोसा समाज एवं संस्थाओं के प्रति नही है। विधायक यादव के खिलाफ पुलिस ने राज्य सरकार के निर्देश पर यह कारवाई की है। बलोदाबाजार में सतनामी समाज के आंदोलन से घबराकर यह कदम उठाया गया है जिसकी सर्वत्र निंदा हो रही है। विधायक के खिलाफ कारवाई कर भाजपा सरकार ने बता दिया है कि लोकतंत्र व संवैधानिक संस्थाओं के प्रति उसकी जवाबदेही नहीं है। भाजपा के दमन के खिलाफ देश- प्रदेश की जनता जिस प्रकार से प्रतिकार कर रही है भाजपा उससे घबरा गई है।बलोदाबाजार की घटना के लिए जिम्मेदार भाजपा नेताओं के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कारवाई होनी चाहिए। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य बसन्त राव ताटी, जिला पंचायत सदस्य सोमारू कश्यप, जिला पंचायत सदस्या श्रीमती पार्वती कश्यप, जिला पंचायत सदस्या श्रीमति सन्त मंडावी, जनपद अध्यक्ष भैरमगढ़ दशरथ कुंजाम, जनपद अध्यक्ष बीजापुर बोधि ताती, जनपद उपाध्यक्ष बीजापुर सोनू पोटाम, जनपद उपाध्यक्ष भैरमगढ़ सहदेव नेगी, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री शुखदेव नाग, जितेंद्र हेमला, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सुनील उद्दे, चापा सुरेंद्र,सुरेश सोढ़ी, ब्लाक अध्यक्ष तलाण्डी इस्तारी, लछु राम मौर्य, रमेश यालम, महिला कॉंग्रेस गीता कमल, शेख रजिया, संजना चौहान, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर, मनोज अवलम, कामेश मोरला, अंकित सिंह, पुरुषोत्तम खत्री, श्यामू गुप्ता, मगराज खत्री, बाबूलाल राठी, पार्षद कविता यादव, पार्षद साहिल तिग्गा, मिच्चा समैया, श्रीनिवास पिरला, अशोक करतम, किस्तैया मिच्चा के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### नशामुक्ति अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद स्कूल में ली गई शपथ




**बीजापुर 25 अगस्त।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में नशामुक्त भारत अभियान एवं ह्ष्ह्ह्रष्ठ के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम बीजापुर के स्कूली छात्र छात्राओं को नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे नशा क्या है नशा से होने वाले बीमारी इससे हम कैसे दूर रह सकते है पुनर्वास संबंधी जानकारी प्रदाय किया गया एवं नशे से दूर रहने नशा नहीं करने लोगों को नशा के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करने का संकल्प लिया गया।अंत में स्कूल परिसर के आसपास पान ठेला ,चाय दुकान एवं किराना दुकान को दल बल के साथ नशा सामग्री का चेकिंग किया गया 3 दुकानों में चालान की कार्यवाही भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया ।इस दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल एसडीओपी श्री विनीत साहू उपसंचालक समाज कल्याण श्री कमलेश कुमार पटेल डॉ मनोज लम्बाड़ी जिला चिकित्सालय नोडल बीजापुर सीएमओ श्री पाल दास तहसीलदार श्री डीआर ध्रुव प्राचार्य श्री अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे ।

### वन विभाग ने लगाए पुरेना में फलों के पौधे





**फिंगेश्वर 25 अगस्त।** एक पेड़ माँ के नाम महावृक्षारोपण अभियान के तहत परिक्षेत्र फिंगेश्वर उपवन मंडल राजिम वनमंडल गरियाबंद द्वारा कक्ष क्रमांक 4 (सामुदायिक वन संसाधन अधिकार क्षेत्र मडवाडीह) पुरेना में फलदार वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्पा जगन्नाथ साहू जनपद अध्यक्ष फिंगेश्वर, विशिष्ट तिथि जनपद सदस्य राधे श्याम साहू, देमीन पीलाचंद मांडले सरपंच ग्राम पंचायत बिजली केजऊ राम निषाद सरपंच बिनौरी,तारिणी सिन्हा,सरपंच बोरसी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूरनलाल साहू प्राचार्य बिजली, हुकुम लाल सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि बोरसी पीलाचंद मांडले सरपंच प्रतिनिधि बिजली,कस्तूरी तारक, ओमप्रकाश साहू शिक्षक,सेवन यादव शिक्षक,चितेश्वर साहू शिक्षक उपस्थित थे. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया. तत्पश्चात पुरेना में फलदार जिसमें आम, जामुन, अमरुद, आँवला आदि पौधा रोपण किया गया. इस अवसर पर पुष्पा जगन्नाथ साहू ने कहा कि पेड़ पौधे प्रकृति के अभिन्न मित्र होते है.पेड़ पौधे वातावरण को शुद्ध बनाए रखने में सहायक होते है. आजकल लगातार वनों की अंधाधुंध कटाई होने के कारण पर्यावरण असंतुलित हो गया है जिसके कारण भीषण गर्मी बढ़ने लगी है.अतः सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है.पेड़ हमें फल,फूल एवं औषधि देती है.राधेश्याम साहू ने कहा कि हमारे जीवन में वृक्षों का बहुत महत्व है. पेड़ हमारे जीवन के साथी है. अगर पेड़ पौधे नहीं होते तो पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं होता. पेड़ हमारी प्रकृति है जो पूरी पृथ्वी को हरा भरा और खुशहाल बनाकर रखते हैं.इस मौके पर वन परिक्षेत्र अधिकारी तरुण तिवारी ,मनीष वर्मा(स प अ), चित्रकुमार कंवर(स प अ),चंदू लाल कसेर(वनपाल),देवनारायण निषाद, अगेश्वर साहू,टोमन साहू, माधुरी यादव, मिथलेश यादव (क्क्नह)एवं लिखनराम रहंगडाले( लिपिक) उपस्थित थे।



**बीजापुर 25 अगस्त।** 229 बटालियन ने चिकित्सा शिविर के जरिए ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से अवगत कराया।

# सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 25 अगस्त।** जिला प्रशासन एवं कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के नवाचार पहल पर जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर का प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया है। प्रथम चरण की समाप्ति के बाद द्वितीय चरण प्रशिक्षण जारी है। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय प्रशिक्षण के दूसरे दिन 21 अगस्त को प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रशिक्षुओं को सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग के बारे में मार्गदर्शन दिया इस दौरान कलेक्टर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बीजापुर जैसे प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण जिला बहुत ही खूबसूरत है । नदी , पहाड़, जंगल, जलप्रपात सहित विशुद्ध आदिवासी संस्कृति विधमान है। छत्तीसगढ़ शासन और भारत सरकार के लोकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के फलस्वरूप बीजापुर जिला निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वहीं दूसरी ओर बीजापुर में माओवादियों के दहशत के कारण बीजापुर में सामान्य जिलों की भांति पूर्ण में प्रगति नहीं हो पाई जो अब प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। एसे में जिले के सकारात्मक पहलुओं को भी प्रसारित किया जाना आवश्यक है। सोशल मीडिया संचार के सशक्त साधन के रूप में शामिल है। युवा शक्ति ही देश और समाज में बदलाव ला सकते हैं। इसलिए सकारात्मक सोच और ऊर्जा के साथ स्वस्थ मानसिकता के बल पर सफलता पा सकते हैं और स्वयं को काबिल बना सकते हैं। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने कलेक्टर महोदय को सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर का प्रशिक्षण आयोजित करने पर आभार व्यक्त किया और प्रशिक्षुओं ने सकारात्मक कार्य करने की बात कही।

# फैशन अफिनिटी मिसेज़ छत्तीसगढ़-24 के लिए बीजापुर की राजकुमारी का चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 25 अगस्त।** बस्तर संभाग के बीजापुर जिले से ताल्लुक रखने वाली राजकुमारी सपके का चयन फैशन अफिनिटी मिसेज़ छत्तीसगढ़ 2024 सीजन 5 के लिए हुआ है। राजकुमारी सपके, जो वर्तमान में छत्तीसगढ़ महिला नगर सैनिक के रूप में नगर सेना कार्यालय बीजापुर में कार्यरत हैं, ने अपने क्षेत्र और सपनों को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। राजकुमारी सपके, उम्र 32, पति- श्री चिरंजीव सपके, बीजापुर के वार्ड क्र. 12, राउत पारा की निवासी हैं। उन्हें डांसिंग, एक्टिंग, ट्रेवलिंग और ग्रूमिंग का बहुत शौक है। बचपन से ही उनका सपना था कि वे फैशन शो और मॉडलिंग में अपनी पहचान बनाएं, लेकिन पिछड़े जिले से होने के कारण उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। परिवार की जम्मिेदारी के साथ साथ उनके इस संघर्ष की बदौलत वे आज फैशन इंडस्ट्री में अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही हैं। राजकुमारी सपके अपने जॉब के साथ-साथ वीएलसीसी से ब्यूटीशियन कोर्स भी कर रही हैं। फैशन अफिनिटी का हिस्सा बनकर उन्होंने अपने सपने को पूरा करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। उनका लक्ष्य है कि वे अपने क्षेत्र की उन महिलाओं की मदद करें, जिनमें प्रतिभा तो है लेकिन उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच की आवश्यकता है। फैशन अफिनिटी के निदेशक हर्षा राजपाल, डॉली शर्मा, रोहित त्रिपाठी, और आलोक गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का चयन अत्यंत कठिन कार्य है और सही प्रतिभाओं को चुनना और भी चुनौतीपूर्ण होता है। फैशन अफिनिटी का यह आयोजन उन लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो फैशन और मॉडलिंग की दुनिया में अपना नाम बनाना चाहते हैं। राजकुमारी सपके का इस प्रतियोगिता में चयन बीजापुर के लिए गर्व की बात है, उनके साहस, संघर्ष और संकल्प का प्रतीक है।

### हलषष्ठी का पर्व मनाया गया



**कुरूद 25 अगस्त।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार हलषष्ठी व्रत एवं भगवान बलराम जन्म उत्सव पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में बड़े ही उत्साह एवं विश्वास के साथ पारंपरिक रूप से मनाया गया। इसी क्रम में नगर कुरूद सहित नगर गुरूर में भी माताओं, बहनों के द्वारा अपने अपने पुत्र, पुत्रियों की सुख समृद्धि व उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं हेतु व्रत रखकर पूजा-पाठ करते हुए हलषष्ठी त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विदित हो कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहारो में एक हलषष्ठी पर्व जो भादो मास के कृष्ण पक्ष की छठी तिथि को मनाया जाता है। इस पर्व को गांव-गांव में कमरछठ पर्व के नाम से जाना जाता है। हलषष्ठी पर्व के दिन संतान की प्राप्ति तथा उनके सुख-समृद्धि के लिए महिलाएं व्रत रखती हैं। नवविवाहित स्त्रियां भी संतान प्राप्ति के लिए यह व्रत रखती हैं। इस अवसर पर कुरूद नगर पंचायत के अस्पताल वार्ड एवं ग्राम भरदा में भी हलषष्ठी (कमरछठ) पूजा का आयोजन किया गया जहां पर माताओं एवं बहनों के द्वारा विशेष रूप से व्रत रखकर सगरी बनाकर पूजा अर्चना किया गया। नगर कुरूद में इस हलषष्ठी पूजा-अर्चना कार्यक्रम महाराज श्रीमान डायमंड वैष्णव जी के सानिध्य में संपन्न हुआ जहां पर व्रत रख कर श्रीमती ज्योति चंद्राकर, भूमिका सिन्हा, दामिनी चंद्राकार, तुलसी सिन्हा, गुंजन चंद्राकर, रूखमणी देवांगन, नर्मदा चंद्राकर, चंद्रिका देवांगन, पूर्व पार्षद श्रीमती अहिल्या बाई ढीमर, राधिका साहू, कीर्ति बाला साहू, रूखमणी वर्मा, स्वाति वर्मा, नूतन साहू, जगदम्बा ठाकुर, दीपाली बंजारे, कुंती पांडेय, धन्त्री बाई कुर्रे, मंजू राजपूत, भेनू बाई साहू , कैलाश विश्वकर्मा, प्रेरणा साहू , राम्हीन बाई कुर्रे, भारती कुर्रे, लक्ष्मी सारथी, भुनेश्वरी ढीमर।

# सभी के परिश्रम से हम पुनः विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनेंगे:संतोष




**रायपुर 25 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान महापर्व की शुरुवात 1 सितंबर होने जो रही है जो 31 अक्टूबर तक विभिन्न माध्यमों से चलाया जायेगा जिसमे भारत के हर राज्य से सदस्य निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और प्रदेश भाजपा द्वारा सभी जिलों को भाजपा की सदस्यता दिलाने का निर्धारित लक्ष्य दिया गया है लोग मिस्ड कॉल , नमो एप , स्कैनर और साथ ही जहां फोन और नेटवर्क की व्यवस्था नहीं वहां फार्म भरवा कर लोगो को भाजपा की सदस्यता दिलाई जाएगी जिसमे भाजपा कार्यकर्ताओं की मुख्य भूमिका होगी और साथ ही उनके योगदान से तय होगा की कौन सक्रिय सदस्य बनने का पात्र है सदस्यता अभियान महापर्व के संदर्भ में आज रायपुर शहर जिला कार्यालय एकात्म परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे भाजपा जिला पदाधिकारियों सहित सभी मोर्चा प्रकोष्ठों के प्रमुख और मंडल अध्यक्ष महामंत्री शामिल हुए जहां राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय , महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने उपस्थित पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान के संदर्भ में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया । सांसद संतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन की शुरुवात में कहा की सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन आगामी सितंबर माह से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान महापर्व हेतु किया गया जिसका समापन 31 अक्टूबर को किया जायेगा उन्होंने कहा की सदस्यता अभियान किसी भी राजनीतिक दल की मजबूती के मापदंड का आधार है भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और इसके कार्यकर्ता मिलकर एक मजबूत सरकार का निर्माण करने में अपना अहम योगदान देते हैं जिसका प्रभाव भारत की वैश्विक स्वीकार्यता में देखा जा सकता है सदस्यता अभियान में पार्टी के सभी दायित्ववान पदाधिकारियों को अपना सम्पूर्ण योगदान देना है

सभी बूथों पर सांसदों, विधायकों, जि.पं. अध्यक्षों, महापौरों को भी लक्ष्य दिए जाएंगे।

# लीवर फाइब्रोस्कैन जांच एवं महिला रोग स्वास्थ्य परीक्षण निःशुल्क शिविर का आयोजन 1 सितंबर को




**खरसिया 25 अगस्त।** महिला जागरण मंडल द्वारा आगामी 1 सितंबर रविवार को अग्रसेन भवन खरसिया में सर्व समाज के लिए फ्रांस की उच्चतम क्वालिटी की मशीन द्वारा लीवर का निःशुल्क परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें लीवर की जांच मात्र 3 मिनट में होगी और समग्र रूप से सम्मानजनक व्यवस्था के अंतर्गत रिपोर्ट दी जावेगी। लीवर की समस्या का आरंभ में पता नहीं चलता और ना ही इसके कोई लक्षण दिखाई देते हैं। अतः हम निश्चिंत रहते हैं और जांच नहीं कराते परंतु किसी भी कारण से लिवर में कोई भी कमजोरी हो तो वह बाद में अत्यंत विकराल रूप ले लेती है और भारी खर्च और परेशानी के बावजूद जानलेवा भी बन जाती है।अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन दिव्यांग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के संयोजक राजेंद्र अग्रवाल (राजू) ने जानकारी में बताया कि लीवर फाइब्रोस्कैन जांच शिविर का आयोजन खरसिया में किया जा रहा है। जिसमें श्री राम केयर हॉस्पिटल के प्रमुख चिकित्सक डॉक्टर प्रतीक छाबड़ा के मार्गदर्शन में लीवर रोग परीक्षण किया जावेगा। महिला जागरण मंडह्यल की अध्यक्षा श्रीमती कौशल्या अशोक पत्रकार ने बताया की उपरोक्त शिविर में ही स्त्री रोग एवं निःसंतान से जुड़ी समस्याओं पर डॉक्टर श्रुति सिंघल निःशुल्क परामर्श एवं सेवाएं देवेंगी। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि इस शिविर में अग्रिम पंजीयन कराकर निःशुल्क श्रेष्ठ जांच एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों के निःशुल्क परामर्श का लाभ उठावें।

# पौंसरी स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**सिमगा, 25 अगस्त।** विकासखंड सिमगा के शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी में अंतरिक्ष दिवस के मौके पर बच्चों में विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति रूचि जागृत करने के लिए 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अंतरिक्ष से संबंधित विभिन्न विषयों पर पोस्टर और निबंध, मॉडल बिल्डिंग, क्विज एवं पेटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान संबंधित 30 मिनट का एक वीडियो स्कूलों में प्रदर्शित किया गया। शिक्षिका भारती वर्मा ने चंद्रयान 3 के बारे में बच्चों को बताया कि चंद्रयान -3 को 14 जुलाई 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अन्तरिक्ष केंद्र से लांच किया गया था। इस मिशन को साइंस आफ द मून का नाम दिया गया। 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान ने चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव में सफल लैंडिंग किया। इस ऐतिहासिक क्षण को चिर स्थायी बनाने के लिए और बच्चों में विज्ञान और अंतरिक्ष में रूचि जागृत करने के लिए 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया गया है। जिसमें हमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है और घर में भी अपने बड़ों से इस पल को साझा करना है। इस अवसर पर शाला में बच्चों के द्वारा चन्द्रमा पर आधारित गीत, कविता, कहानी आदि सुनाया गया और चंद्रयान से सम्बन्धित चित्रकारी भी किया गया। बच्चों के द्वारा चंद्रयान का पेपर मॉडल भी बनाकर प्रदर्शित किया गया। गाँव के बुजुर्गो द्वारा चन्द्रमा पर आधारित कहानी बच्चों को सुनाया गया। शाला की प्रधानपाठक पुष्पलता नायक, शिक्षिका लभाष जांगडे, आंगनवाडी कार्यकर्त्ता दुर्गा सेन का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### कलेक्टर ने 26 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित किया

**बलौदाबाजार, 25 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देश पर 26 अगस्त 2024 (सोमवार) को 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' के अवसर पर एक दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी ने आज आदेश जारी किया है। जिसके तहत जिले में संचालित समस्त देशी / विदेशी / कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों, आदि जैसे एफएल.-1 (घघ), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-अहाता), सी. एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफएल.1 (ख-अहाता) एवं मद्यभण्डारण-भाण्डागार को 26 अगस्त 2024 (कुल 01 दिवस) को संपूर्ण दिवस के लिये सीलबंद किया जाये तथा मदिरा के विक्रय / विनिर्माण/ संग्रहण / धारण / परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना सुनिश्चित् किया गया है।

### अवैध शराब परिवहन करते स्कूटी सहित 11 लीटर शराब जब्त



**बलौदाबाजार, 25 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी एल के गायकवाड़ के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब परिवहन करते हुए सिमगा से स्कूटी पेप सहित 11.700लीटर बल्क शराब जब्त किया गया है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी अनुसार 24 अगस्त को गस्त के दौरान अवैध रूप से मदिरा परिवहन की सूचना मिलने पर छापा मार कार्यवाही के दौरान सूरज यादव पिता गणेश राम यादव उम्र 28 वर्ष साकिन वार्ड न 04 सिमगा थाना सिमगा के संज्ञान आधिपत्य में कब्जे और वाहन की तलाशी लेने पर स्कूटी टीवीएस स्कूटी पेप प्लस वाहन क्रमांक सीजी 07 एलबी 0981 के बीच में एक बोरियो में रखे 65 पाव प्रत्येक क्षमता 180 एमएल कुल मात्रा 11.700बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला ज़ब्त किया गया.आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम-1915 की धारा- 34(2) 59(क) का प्रकरण कायम कर आरोपी को न्यायालयीन अभीरक्षा में भेजा गया एवं प्रकरण विवेचना में लिया गया है।उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार साहू, देवनन्दन सिंह टंडन, आबकारी प्रधान आरक्षक राधा गिरी गोस्वामी, मिर्जा जफर बेग, देवी प्रसाद तिवारी, नगर सैनिक कमल वर्मा, वाहन चालक अन्नू धीवर का विशेष योगदान रहा.

# संतान की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने रखा हलषष्ठी व्रत





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 25 अगस्त।** संतानों की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाने वाला पर्व हलषष्ठी व्रत जिसे कमरछठ भी कहा जाता है शनिवार 24 अगस्त को मनाया गया। इस पवित्र पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर रहा और गांव के चौक-चौराहों में पसहर चावल की बिक्री शुरू हो चुकी थी। पिछले साल की तुलना में इस चावल की कीमतों में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी जो कि इस पर्व की बढ़ती मांग को दर्शाता है। अंचल के ग्राम अंवरी, भैसबोड़, कुम्हारी, सेमरा बी, जोरातराई, पूरेना, सिर्वे, सुपेला, सिलतरा, भखारा, भठेली, भेड़सर, सिहाद, कोसमर्रा, सोनपुर, कोलियारी, नवागांव, बंजारी, बंगोली, बगौद, कल्ले, थूहा सहित सभी गांव की महिलाओं ने संतान की दीर्घायु एवं सुख समृद्धि के लिए व्रत रखी 7 व्रती ओमेश्वरी साहू एवं मंजुलता साहू ने हलषष्ठी के बारे में बताई कि भाद्रपद कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है, इसलिए इस वर्ष उदया तिथि को मानते हुए व्रत 24 अगस्त शनिवार को रखा गया। यह पर्व महिलाओं द्वारा पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस दिन माताएं पूजा करने के लिए सगरी खोदकर भगवान शंकर, माता गौरी और गणेशकी पूजा करती हैं। इस पूजा में पसहर चावल, भैंस का दूध, दही, घी, बेल पत्ती, कांशी, खमार, बांटी, भौरा सहित अन्य सामग्रियों का अर्पण किया जाता है। पूजा के बाद, माताएं बिना हल जोते उत्पादित पसहर चावल और छह प्रकार की भाजी का सेवन करके अपना उपवास समाप्त करती हैं। सुपेला निवासी टिकेश्वरी साहू ने कमरछठ का अनुष्ठान और 6 अंक का महत्व बताई कहा की महिलाएं इस व्रत को संतान प्राप्ति और उनकी सुख-समृद्धि के लिए करती हैं। इस दौरान, शिव और पार्वती की पूजा की जाती है। पूजा के दौरान गली मोहल्लों और घरों में सगरी यानी दो तालाब की आकृति बनाई जाती है। इसमें 6 अंक का विशेष महत्व होता है, जैसे सगरी में 6-6 बार पानी डाला जाता है, 6 खिलौने, 6 लाई के दोने और 6 चुकिया (मिट्टी के छोटे घड़े) चढ़ाए जाते हैं। इसके अलावा, 6 प्रकार के छोटे कपड़े सगरी के जल में डुबोए जाते हैं और संतान की कमर पर उन्हीं कपड़ों से 6 बार थपकी दी जाती है, जिसे पोती मारना कहते हैं।

## महिलाओं ने की श्रद्धा व उत्साह के साथ हलषष्ठी माता की पूजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 25 अगस्त।** हलषष्ठी ( कमरछठ ) का पर्व शनिवार को बडी श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया बलरामके जन्मदिन के अवसर पर महिलाओं ने हलषष्ठीमाता की पूजा अर्चना की संतान की दीर्घायु व परिवार की मंगलकामना को लेकर महिलाएं आज का व्रत रखती हैं, हलषष्ठी पूजा के लिए पांच प्रकार के अनाज फल मिष्ठान आदि के अलावा बिना हल चले अनाज पसहर चांवल और भैंस के दूध दही घी का विशेष महत्व है व्रती महिलाएं हलषष्ठी माता की पूजा अर्चना के बाद पसहर के चांवल से बना प्रसाद, भैंस के दूध दही आदि ग्रहण कर अपना व्रत खोलती है। हलषष्ठी की पूजा आज पूरे नगर मे कई स्थानो मे की गई मेन शहर मुख्य मार्ग महावीर वार्ड मे महिलाओं ने समूह मे पूजा की इस अवसर पर एक गड्ढानुमा सगरी बनाया गया और उसमे पानी भरकर कांशीफूल की डंगाल महुआ पत्ते को सगरीनुमा गड्ढे मे गडाकर विधिविधान से पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर उपस्थित व्रती महिलाओं को सूर्यकांती योगी ने हलषष्ठी माता की कथा सुनायी और आरती पूजन के बाद महिलाओं ने अपना व्रत खोला।

# महर्षि वेदव्यास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रासेयो कार्यकारिणी परिषद गठित,राहुल अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 25 अगस्त।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में प्राचार्य डॉ.संजय शर्मा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यकारिणी परिषद् के गठन हेतु कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की बैठक शुक्रवार को रखी गई। इस बैठक में स्वयंसेवकों द्वारा मतदान प्रक्रिया से रा.से.यो. इकाई की कार्यकारिणी परिषद् का गठन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे की अध्यक्षता में किया गया।राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यकारिणी परिषद् के अध्यक्ष राहुल कुमार (एम ए तृतीय सेमेस्टर, हिंदी ), उपाध्यक्ष ख्याति साहू (एम ए तृतीय सेमेस्टर, भूगोल), सचिव त्रिवेंद्र कुमार (बीएससी द्वितीय वर्ष), कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश (बी.कॉम तृतीय वर्ष), सांस्कृतिक प्रभारी राधिका साहू (बीएससी द्वितीय वर्ष), प्रतिवेदन प्रभारी वैष्णवी (बी.एस.सी तृतीय वर्ष), मीडिया प्रभारी लेखनी (बी.एस.सी द्वितीय वर्ष) व दीपक (बी.ए द्वितीय वर्ष) चुने गए।मनसंचालन हेतु सत्यभामा, वैष्णवी, जानवी, हेमलता ने अपना नाम दर्ज कराए। सत्र 2023-24 के एनएसएस कार्यकारिणी परिषद के पदाधिकारियों द्वारा नवगठित कार्यकारिणी परिषद के पदाधिकारियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी पदाधिकारियों ने अपना परिचय एवम् अनुभव स्वयंसेवकों के सम्मुख बारी बारी से रखे। परिषद् के गठन के पश्चात् एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे द्वारा स्वयंसेवकों को परिषद् के उद्देश्य, पदाधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। नवीन स्वयंसेवकों को एनएसएस बी एवम सी प्रमाण पत्र परीक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें एनएसएस मे आयोजित की जानी वाली नियमित गतिविधि, एनएसएस के नियम, एनएसएस शिविर इत्यादि के बारे मे बताया गया। प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा, समस्त प्राध्यापकगण एवम् एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। राष्ट्रगान से बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व हलषष्ठी पर्व पर आयोजित हुई विविध गतिविधियां**

# अंतरिक्ष दिवस पर चंद्रयान-3 की सफलता की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 25 अगस्त।** आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा में चंद्रयान-3 मिशन की अद्वितीय सफलता के एक वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मॉडल निर्माण, क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण, कविता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चंद्रयान 3, भारत का महत्वाकांक्षी एवं सफल चंद्र मिशन है।

चंद्रयान 3, दक्षिणी ध्रुव चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने का सफल प्रयास है। चंद्रमा के इस हिस्से पर पहुंचने वाला भारत एकमात्र देश है। बच्चों को इस ऐतिहासिक तकनीकी सफलता की गौरव गाथा को अवगत कराने, वैज्ञानिक सोच एवं सृजनशीलता को बढ़ावा देने के लिए विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विज्ञान के विशेषज्ञ शिक्षक मुरारी राम देवांगन ने बताया कि चंद्रयान 3 मिशन ने शिव शक्ति बिंदु पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग की और 23 अगस्त को प्रज्ञान रोवर को चंद्र सतह पर तैनात किया। देवांगन ने चंद्रयान 3 संबंधित तकनीकी अवधारणाओं को चलित मॉडल द्वारा समझाया।बड़ी संख्या में बच्चों ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लेकर डिजिटल प्रमाण पत्र अर्जित किया। आकांक्षा, क्षमा, निमिषा, हेमप्रभा, पंकज ने भाषण प्रस्तुत किया। लवकुमार, भावना, कोमेश्वरी, भूमिका, लकेश्वरी ने चित्रकला द्वारा चंद्रयान 3 की सफलता का प्रदर्शन किया। चिराग, लक्की, लाकेश, हेमराज, सौरभ, अर्जुन, फाल्गुनी, मानसी द्वारा मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रोजेक्टर द्वारा भी सफल लैंडिंग को दिखाया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं हलषष्ठी पर्व पर दही लूट, मटका फोड़, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित किया गया। ग्वालबाल की टोलियों द्वारा दोहा गाते हुए राऊत नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। प्रधान पाठक निर्भय राम ठाकुर ने हलषष्ठी एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की गाथा पर प्रकाश डाला। ठाकुर ने कृष्णकी बाल लीलाओं का वर्णन किया। संचालन करते हुए शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं प्रकृति पूजा के पर्व हलषष्ठी से जुड़े महत्वपूर्ण व रोचक तथ्यों को बताया।

बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक मदन लाल सेन, उमेश कुमार ढीढी, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, स्टाफ पीली बाई, कविता, रुक्मणी, प्रोतिमा, बाल संसद के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### महाश्वेता शिशु मंदिर के स्कूली बच्चों ने मटकी फोड़ मनाई कृष्ण जन्माष्टमी



**भखारा, 25 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला के स्कूली बच्चों ने शनिवार पूर्व संध्या कृष्ण जन्माष्टमी मनाया विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्कूली बच्चों के लिए दहीहांडी लूट, मटका फोड़, राधा-कृष्ण वेशभूषा, मटका सजाओ, कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, पेंटिंग, मेहंदी जैसे विविध प्रतियोगिता आयोजित किये गए थे जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिन्हें प्रोत्साहित करने के लिए चॉकलेट बांटे व उपहार भेंट किये वहीं स्कूल के छोटे बच्चें राधा कृष्ण की वेशभूषा में मनोहारी छंटा बिखेर रहे थे इस अवसर पर प्रधान पाठक हितेंद्र कुमार साहू ने बताया कि स्कूली बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए शाला परिवार द्वारा ऐसे आयोजन किये आते रहे है बच्चों की प्रतिभा निखारने व खेलों से जोड़ने के लिए विविध प्रतियोगिता रखकर बच्चों को कार्यक्रम में हिस्सा दिलाते है और उन्हें गिफ्ट भेंटकर प्रोत्साहित करते है कार्यक्रम में प्रधान पाठक हितेंद्र कुमार साहू, शिक्षक राजेश दुबे, ज्ञानेंद्र कुमार साहू, तेजनाथ निर्मलकर, शिक्षिका तृप्ति सिन्हा, दुलारी निषाद, चेतन मानिकपुरी, डिलेश्वरी विश्वकर्मा, चित्ररेखा साहू, नीलम निर्मलकर, वेणुप्रभा साहू सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### छात्रसंघ चुनाव के लिए अभाविप ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**सोनाखान/कसडोल, 25 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कसडोल इकाई के पदाधिकारियों द्वारा महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम स्ष्ठरूको ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि पूर्व में लगातार प्रति वर्ष छात्रसंघ चुनाव किये जाने के कारण शिक्षा के क्षेत्र में सुधार तथा विकास युवा नेतृत्व के माध्यम से सम्पन होता था परंतु 2016 के पश्चात प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा दिया गया जो निश्चित रूप से युवा नेतृत्व का दमन करने वाला निर्माण साबित हुआ है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव से छात्रसंघ चुनाव कराने के पक्ष में रही है पूर्व की सरकार से भी छात्रसंघ चुनाव की मांग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रान्त द्वारा की गई है। उक्त कार्यक्रम में प्रमुखरूप से नगर मंत्री मलय साहू, पूर्व नगरमंत्री ओम कुमार, नगर सह मंत्री बहन फाल्गुनी सोनी, नगर सह मंत्री अभिषेक नवरंगे, रामप्रसाद सोनी, ओम राज साहू, सुधांशु साहू, हिमांशु, गौतम साहू, याचना पटेल, ईशा वैष्णव, फुलेश्वरी बंजारे, प्रीतम जायसवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**सिमगा, 25 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जेडी कालोनी सिमगा के महिलों ने बड़े धूम धाम व परम्परा के अनुसार मनाया कमरछट का्याहार, सभी महिलों ने अपने बच्चों व परिवार के लिए लम्बी उम्र की प्राथना की और उपवास रखा ताकि कामना पूरी हो। इम मौके पर बच्चों ने भी कान्हा व राधा बनकर हिस्सा लिया।


## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जुनैद खान पिता अब्दुल सुबूर खान, निवासी- ए/8, विशाल नगर तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.) पिन 492001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम जुनैद अहमद खान पिता अब्दुल सुबुर खान रख लिया हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम जुनैद अहमद खान पिता अब्दुल सुबुर खान से ही जाना पहचाना जावे।

**जुनैद अहमद खान**
**ए/8 विशाल नगर तेलीबांधा**
**रायपुर (छ.ग.) 492001**

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सत्यव्रत वर्मा पिता ओमप्रकाश वर्मा निवासी गाजमर्रा पोस्ट भोथली तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़। मेरे बड़े भाई प्रभात वर्मा पिता ओमप्रकाश वर्मा की आर्मी भर्ती के दौरान भूलवश फैमिली वेरिफिकेशन कार्ड व सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम SATYAVVRAJ VERMA दर्ज हो गया है जबकि आधार कार्ड, 10वीं, 12वीं की अंकसूची में, जाति प्रमाण पत्र व निवास प्रमाण पत्र सहित सभी शासकीय दस्तावेजों में SATYAVRAT VERMA पिता ओमप्रकाश वर्मा निवासी गाजमर्रा, पोस्ट भोथली, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ पिन कोड 491445 दर्ज है, चूंकि सत्यव्रत और सत्यविराज दोनों एक ही व्यक्ति है जिसके प्रमाण के तौर पर शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ ताकि मेरा नाम सत्यव्रत वर्मा पिता ओमप्रकाश वर्मा ही पढ़ा, लिखा, सुना व माना जावे।जिस किसी को कोई उजर आपत्ति हो तो वो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे नोटरी के पास प्रस्तुत कर सकता है।

**आवेदक** — **सत्यव्रत वर्मा**
**निवेदक** — **संजीव गोमास्ता**, **नोटरी डोंगरगढ़**

## न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202408094500009-अ/27 वर्ष 2023-24

## ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक (1) युवराज माता/पिता/पति- नेमीचन्द (2) अंबिका माता/पिता/पति- कन्हैया (3) अमीला माता/पिता/पति कन्हैया प (4) कांती माता/पिता/पति - कन्हैया पता (5) गोमती माता/पिता/पति- कन्हैया पता (6) पुर्णिमा माता/पिता/पति- कन्हैया (7) पुष्पा माता/पिता/पति- कन्हैया (8) पोनेश्वरी माता/पिता/पति- कन्हैया (9) निलेश्वरी माता/पिता/पति- कन्हैया (10) योगेश माता/पिता/पति- कृष्ण कुमार (11) लता माता/पिता/पति कृष्ण कुमार (12) रश्मी माता/पिता/पति- कृष्ण कुमार (13) शशि माता/पिता/पति कृष्ण कुमार (14) हंसराज माता/पिता/पति- नेमिचन्द (15) दीप्ति माता/पिता/पति टीकम (16) हिमांशु माता/पिता/पति टीकम (17) माधुरी देवांगन माता/पिता/पति- हमीर (18) लोकेश कुमार माता/पिता/पति हमीर (19) भूपेंद्र कुमार माता/पिता/पति- हमीर (20) बीनूबाई माता/पिता/पति - हमीर (21) ललिता माता/पिता/पति मेहतर (22) देवकुमार माता/पिता/पति- मेहतर (23) ओमप्रकाश माता/पिता/पति मेहतर (24) तरुणदेवी माता/पिता/पति- बिहारी (25) तामेश्वरी माता/पिता/पति बिहारी (26) संतोषी माता/पिता/पति बिहारी (27) गायत्री माता/पिता/पति- बिहारी (28) जयंती माता/पिता/पति बिहारी (29) सेवक माता/पिता/पति- बिहारी (30) शांतिलाल माता/पिता/पति सुकलाल (31) ताराबाई माता/पिता/पति सुकलाल (32) बिटावन उर्फ दुर्गा माता/पिता/पति- सुकलाल (33) सुशीला माता/पिता/पति सुकलाल पता (34) मंजु माता/पिता/पति- कृष्ण कुमार (35) रजनी माता/पिता/पति कृष्ण कुमार ग्राम ठाकुरटोला खसरा न. 233 (0.0120), 234 (0. 0160), 277(0.0160), 192/1(0.1460), 129 (0.3480), 122 (0.4050), 149 (0.8090), 8 (2.4280) का खाता विभाजन (बंटवारा) के लिए आवेदन किये है। जिसमें साक्ष्य लेना उचित प्रतित होता है। इस कारण इस आवेदन को राजस्व न्यायालय में सुनवाई हेतु प्रेषित किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह फर्द बंटवारा का ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.08.2024 तक स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 07.08.2024 को मेरे हस्तारक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**ला.ब.नगर (छ.ग.)**

# लड़ने के लिये है, न नसीहत के लिये है... जिस उम्र में तुम हो, वो मोहब्बत के लिये है...






पीएम नरेंद्र मोदी का भाषण लिखने वाले आईएएस होते हैं! ये लोग सारे तथ्यों का विश्लेषण करने के बाद ही लिखतेहैं। भाषण में कोई त्रुटि हो जाय तो मजाक मोदी का बनता हैज्ये लोग तो साफ़बच निकल जाते है। लाल किले से मोदी ने कहा कि प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई हैज.? तो देश बेहोश होते होते बचाज। पता ही नहीं चला कि रातों रात उनकी इनकम डबल हो गईज.! मोदी के भाषण में जोड़ा गया, मुंडा बिरसा ने अपने जन्म से पहलेअंग्रेजों को 1857 की क्रांति के पहले ही नाकों चने चबवा दिए थे।ज़बकि बिरसाजी सन 1875 में पैदा हुए थे। पहले उनसे कहलवा था कि तक्षशिला बिहार में है? सिकंदर को बिहारियों ने भगाया था, मजाक किसका बना?ऐसे ही नानक, कबीर और गुरु गोरखनाथ को एक साथ बैठा करते थे, यह भी मोदी ने देश को बताया था। मोदी ने यशोदा बेन को देश के लिए छोड़ा, परिवार को छोड़ा, भीख मांगी, हिमालय चले गए, बुद्ध का त्याग कही नहीं लगता आदि आदिज.वैसे एक भाजपा के नेता का कहना है कि मोदीजी को उनकी गलती बताकर मरना किसको है?

### हिंदुस्तान का विभाजन और सरदार पटेल...

हिंदुस्तान के विभाजन विभीषिका को 'स्मृति दिवस' मनाने के बहाने तब के राष्ट्रीय नेताओं को कोसने वाली भाजपा तो सरदार पटेल का भी अपमान कर रही है। सरदार ने विभाजन के बारे में दिये गये एक भाषण के अंश पढ़ेंज्हमने हिंदुस्तान के टुकड़े किया जाना कबूल कर लिया। लोग कहते हैं कि हमने ऐसा क्यों किया और यह गलती थीज़? मैं अभी तक नहीं मानता कि हमने कोई गलती की। साथ ही मानता हूं कि अगर हिंदुस्तान के टुकड़े मंजूर नहीं किये होते तो आज जो हालात हैं उस से भी बहुत बुरी हालत होने वाली थी। हिंदुस्तान के दो नहीं बल्कि अनेक टुकड़े हो जाने वाले थे।हमने माना कि ठीक है, अलग घर लेकर अपना भाई शांत हो जाता है और अपना घर संभाल लेता है तो हम अपना घर संभाल लेंगेज!लेकिन यह उम्मीद की थी कि हमशांति से अपना काम करेंगे।उसमें हमारी गलती हुई। मैं यह नहीं कहता कि टुकड़े करने में हमारी गलती हुई, गलती इसमें हुई कि टुकड़े के बाद हमने वह काम किया जो नहीं करना था। आजादी के बाद दुनिया में हमारीइज्जत बढ़ी थी।15 अगस्त के बाद दुनिया में हमारी एक जगह बन गई थी। हम उससेबहुत नीचे गिर गये।(सरदार पटेल का यह भाषण 'भारत की एकता का निर्माण' पुस्तक से)।

### नक्सलियों के खिलाफ कड़े निर्णय की तैयारी...



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रायपुर में 6 नक्सल प्रभावित राज्यों के चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी की बैठक में नक्सलविरोधी अभियान में कड़ा निर्णय ले सकते हैं।उन्होंने पहले ही तीन साल के अंदर नक्सलियों को पूरी तरह से खत्म करने के रोड मैप का भी खुलासा किया था, उसका असर करीब 7 महीने में ही दिखने लगा है।छग में जवान हर महीने औसतन 21 नक्सलियों को मार गिराते हैं।सात महीनों में छग में 147 नक्सली मारे गए हैं, 648 नक्सली गिरफ्तार किये गये हैं, वहीं 1200 नक्सली आत्म सम र्पण कर चुके हैं।छग समेत देश में नक्सलवाद सिमट रहा है। 2015 में देश 11 राज्यों के 106 जिले नक्स लियों के प्रभाव में थे। वर्त मान में 9 राज्यों में से 38 जिलों में नक्सली प्रभाव है।उसमे 15 जिले छग के ही हैं जो सबसे ज्यादा हैं।

### बस्तर का सीएम अभी तक नहीं...

छत्तीसगढ़ बनने के पहले श्यामाचरण शुक्ला, मोती लाल वोरा के सीएम बनने के कारण रायपुर, दुर्ग जिला चर्चा में रहा था, कई मंत्रियों विधानसभा अध्यक्ष बनने के कारण बिलासपुर जिला भारी था। छ्ग बनने के बाद पहले सीएम अजीत जोगी बने और बिलासपुर का दब दबा फ्रि बढ़ गया था, बाद में भाजपा के डॉ रमन सिंह लगातार 15 साल सीएम रहे तो दुर्ग संभाग सहित कवर्धा, राजनांदगांव जिला चर्चा में रहा। बाद में कांग्रेस की सरकार बनी, दुर्ग जिले के पाटन के भूपेश बघेल सीएम बने तो भी फ्रि दुर्ग जिले का महत्व रहा, उनके मंत्रिमंडल में दमदार मंत्री ताम्रध्वज साहू, रविंद्र चौबे मो अकबर, रूद्र गुरु (दुर्ग संभाग के विधायक) वहीं के थे।सरगुजा से पहली बार विष्णुदेव साय सीएम बने हैं अब सरगुजा भी चर्चा में आ गया है, पहले डिप्टी सीएम, टीएस बाबा भी बन चुके हैं तो सारंगढ़ से ही कुछ दिनों के लिये ही सही राजा नरेशसिंह मप्र के सीएम रह चुके हैं। बस अब बस्तर ही बच जाता है जहां से अभी तक कोई सीएम नहीं बना हैज..?

### विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ़्तारी और...

कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी ने छत्तीसगढ़ की सियासत में भूचाल ला दिया है। बलौदा बाजार हिंसा को कानून- व्यवस्था से जुड़ा मसला बनकर भाजपा को घेरने में जुटी कांग्रेस अब खुद बैक फुट पर है। विधायक देवेंद्र यादव को बलौदाबाजार हिंसा मामले में कथित भूमिका को लेकर दुर्ग से गिरफ्तार किया था। देवेंद्र यादव पर आरोप है कि 10 जून को बलौदाबाजार में लोगों को भड़काया, जिसके चलते बड़े पैमाने पर हिंसा और आगजनी हुईज?कोर्ट ने देवेंद्र यादव को न्यायिक हिरासत में भेजा है। फ्लि हाल उन्हें रायपुर के सेंट्रल जेल में रखा गया है।कांग्रेस देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को कांग्रेस नेताओं ने छ्ग सरकार के इशारे पर ही उठाया कदम बताकर निशा ना साधा है।कांग्रेस जहां देवेंद्र यादव की गिरफ्तार को सियासी चश्मे से देख रही है तो उसने इसे बड़ा मुद्दा बनाने का भी फैसला कर लिया है।





### और अब बस...

- » क्या छग मंत्रिमंडल में रिक्त 2 मंत्रियों का फैसला अमित शाह लेनेवाले हैं?
- » सीएम विष्णुदेव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा- माओवादी के खिलाफ हमारी सरकार का रुख बिल्कुल साफ है। हम उन्हें बोली का जवाब बोली और गोली का जवाब गोली से देंगे ।
- » छग का किस मंत्री को केवल उद्योगपतियों का समर्थक कहा जाता है?
- » क्या बस्तर, सरगुजा के आईजी बदले जाएँगे?

## एक नजर

### राधा-कृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा कृष्ण जन्मोत्सव

**रायपुर, 25 अगस्त।** राधा कृष्ण मंदिर समता कॉलोनी में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व को धूमधाम से मनाने तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं सुसज्जित मंदिर परिसर में 26 अगस्त खोलवार को जन्माष्टमी उत्सव का शुभारंभ प्रातः 9 दुग्ध अभिषेक से होगा मंदिर के प्रचार-प्रसार प्रभारी सत्येंद्र अग्रवाल के अनुसार इस धार्मिक पर्व को यादगार बनाने के लिए इस वर्ष विशेष तैयारियां की जा रही हैं कोलकाता के हुनरमंद कारीगरों द्वारा प्रतिमा एवं संपूर्ण मंदिर परिसर का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है मंदिर समिति के अध्यक्ष घनश्याम पोद्दार कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल एवं सचिव रमाशंकर पांडे ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व पर सोमवार को सुबह 9 बजे से 101 किलो दूध से भगवान कृष्ण का अभिषेक किया जाएगा वही दोपहर 12 बजे से श्रृंगार भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा उपाध्यक्ष शिव सिंघानिया ने बताया कि सायं 4 बजे से कृष्ण का झांकी दर्शन प्रारंभ हो जाएगा, अर्ध रात्रि में भगवान का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा महा आरती में भक्तजन शामिल होकर पूजन आरती एवं प्रसादी का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

### श्री जैतूसाव मठ में जन्माष्टमी 26 अगस्त को मनाई जाएगी

**रायपुर, 25 अगस्त।** श्री ठाकुर रामचन्द्र जी स्वामी जैतूसाव मठ न्यास समिति के सचिव श्री महेन्द्र अग्रवाल एवं न्यासी अजय तिवारी ने एक संयुक्त ज्ञापन में जानकारी दी है कि प्रतिवर्षनुसार श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव आगामी सोमवार 26 अगस्त को मनाई जावेगी । इस दिन रात्रि में ठीक 12 बजे श्री कृष्णा जी के जन्म के समय महाआरती की जावेगी इसके लिए मठ पारंपरिक रूप से सजधज कर तैयार है तथा मंदिर में स्थापित सभी विग्रहों का दुग्धाभिषेक कर नवीन वस्त्र अलंकार से सुसज्जित कर महाआरती की जावेगी। इस कार्यक्रम को देखने आस पास के अनेक श्र?द्धालु आते है। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रात्रि 8 बजे से श्री लल्लू महराज जी एवं उनकी पार्टी द्वारा भजन कीर्तन एवं राधा कृष्ण की झांकी होगी जो रात्रि 12 बजे तक चलेगा । दुसरे दिन 27 अगस्त को दोपहर 1 बजे श्री राजभोग आरती होगा एवं प्रसाद वितरण संध्या 5 बजे से होगा इस वर्ष पुनः 11 क्विंटल मालपुआ एवं 51 किलो पंजरी का प्रसाद भगवान् को अर्पण किया जावेगा।

### कैलाशपुरी विकास परिषद ने मनाया कमरछठ



**रायपुर, 25 अगस्त।** कैलाशपुरी विकास परिषद की ओर से कैलाशपुरी में आयोजित हलषष्ठी व्रत अवसर पर महिलाएं सगरी खोदकर उसके चारों तरफबैठकर, कथा सुनकर संतान की लंबी आयु और समृद्धि की कामना के साथ विधि विधान से पूजा संपन्न किए। डॉ सविता मिश्रा ने बताया कि कथा का वाचन दीप्ति चंद्रा ने किया। उक्त अवसर पर डॉ सविता मिश्रा, शीला गोस्वामी, डॉ जयभारती चंद्राकर, श्यामलता साहू, दीप्ति चंद्रा, प्रमिला साहू, सुनीता पांडे, विजयलक्ष्मी साहू, राधिका वर्मा, भारती साहू, आयुषी पांडे, विनीता साहू सहित श्रद्धालु महिलाएं शामिल थी।

### पारवानी का सम्मान



**रायपुर, 25 अगस्त।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में अमर पारवानी को पुनः कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने पर टीम कैट एवं युवा टीम ने पारवानी स्वागत सम्मान किया गया। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि पारवानी को पुनः कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने पर स्वागत सम्मान किया गया।

### निधन

### सुधा उपाध्याय

**रायपुर, 25 अगस्त।** रामकुण्ड निवासी (कपसदा वाली) श्रीमती सुधा उपाध्याय पति तोषपाल उपाध्याय ( सत्तु )उम्र 75 वर्ष का स्वर्गवास हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज निवास स्थान रामकुण्ड से निकाली गई। महादेव मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे निधि, नीलिमा, निवेदिता की माता थी।



# शाह नक्सलवाद पर राजनीति कर रहे : कांग्रेस

**रायपुर, 25 अगस्त।** नक्सलवाद के मामले में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने अपने प्रेस कान्फ्रेस में तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आंकड़े बताते है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के दौरान नक्सली घटनाओं में कमी आई थी। स्वंय अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में आकर 5 अप्रैल 2021 को मीडिया में बयान दिया था कि राज्य की भूपेश सरकार और केन्द्र सरकार ने मिलकर नक्सलवाद को पीछे खदेड़ दिया है। राज्य में नक्सली घटनाओं में 80 प्रतिशत तक की कमी आई है। अमित शाह के सामने आरपीएफके डीजीपी ने कहा था छत्तीसगढ़ में नक्सलवादी पैकअप की ओर है। आज गृह मंत्री की कांग्रेस सरकार के प्रयासों पर ऊँगली उठा रहे।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कांग्रेस की सरकार बनने के बाद विश्वास विकास सुरक्षा के मूल मंत्र से नक्सलवादी घटनाओं और नक्सलवाद पर कमी आई थी। कांग्रेस की सरकार के समय दूरस्थ क्षेत्रों में कैंप बनाये गये पहुंच मार्ग बनाये गये। अबूझमाड़ में दो पुल बनाया गया। 300 से अधिक स्कूलों को खोला गया, राशन दुकान, अस्पताल खोला गया, 67 से अधिक वनोपजों की खरीदी की गयी। लोगो का भरोसा सरकार और सुरक्षा बलो के प्रति बढ़ा था। नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण हुआ था।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बस्तर में हो रहे फर्जी एन्काउंटर पर अमित शाह क्यों मौन रहे। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद से एक बार फ्रि आदिवासियों पर अत्याचार का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश में नक्सली बताकर स्थानीय आदिवासीयों के फर्जी एनकाउंटर की घटनाएं बढ़ गई है, बस्तर में विगत 8 महीने के भाजपा सरकार के दौरान 30 से अधिक स्थानीय आदिवासियों को फर्जी एनकाउंटर में मारा गया। बीजापुर के पीडिया में 10 मई को हुई कथित मुड़भेड़ में मारे गए 12 लोगों में से 10 स्थानीय निर्दोष ग्रामीण थे। जान बचाने पेड़ पर चढ़े आदिवासियों को भी घेर कर गोली मारी गई। मृतकों के परिजनों ने मनरेगा जॉब कार्ड आधार कार्ड और राशन कार्ड भी प्रस्तुत किये। न्यायिक जांच की मांग की गई लेकिन सरकार तैयार नहीं हुई।

# एजुकेशन हब नरदहा में शराब कोचियों का बोलबाला



**रायपुर, 25 अगस्त।** एजुकेशन हब के नाम से विख्यात विधानसभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नरदहा में शराब कोचियों का बोलबाला है। ग्रामीणों व पंचायत के लगातार मनाही के बाद भी बाज न आने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव के बाद ग्रामवासियों ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मोर्चा के प्रथम चरण में ग्रामसभा का प्रस्ताव ले पंचायत प्रतिनिधियों, शाला विकास समिति, महिला संगठनों सहित प्रबुद्ध ग्रामीणों ने पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, थाना प्रभारी मुकेश वर्मा को ज्ञापन सौंप अवैध शराब बिक्री पर स्थायी रोक लगाने व लिप्त तत्वों के खिलाफ ठोस व प्रभावी कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन की प्रति क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह व शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा को भी सौंप सहयोग का आग्रह किया गया है।

विधानसभा से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर रायपुर - बलौदाबाजार मार्ग पर स्थित है तकरीबन 8000 की आबादी वाला ग्राम नरदहा जो एजुकेशन हब के नाम से विख्यात है। शहरी परिवेश से जुड़ जाने के चलते यहां की ग्रामीण व्यवस्था चरमरा गया है और इसी के चलते ग्रामीणों व पंचायत के मनाही के बाद भी असमाजिक तत्व यहां हावी हो चले हैं जिसका खामियाजा ग्राम के सभ्य नागरिकों, महिलाओं व नौनिहालों को अशांति के रूप में भुगतना पड़ रहा है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने बीते 20 अगस्त को आयोजित ग्रामसभा की बैठक में अवैध शराब बिक्री स्थायी रुप से बंद कराने शासन -प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने व असफलता की स्थिति में आंदोलनात्मक रुख अपनाने का सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित किया है। इसी प्रस्ताव के अनुरूप ग्राम के एक प्रतिनिधि मंडल ने आईजी, एसपी व थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन उनके केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में व्यस्तता के चलते उनके कार्यालय को सौंपा है।

# लीडरशिप समिट में बदलते व्यावसायिक परिदृश्य पर चर्चा

**रायपुर, 25 अगस्त।** भारतीय प्रबंध संस्थान (भा.प्र.सं.) रायपुर ने 24 से 25 अगस्त तक अपने परिसर के मड़ई ऑडिटोरियम में 8वां लीडरशिप समिट आयोजित किया। बिल्डिंगबिज़नेस ओनर्स थीम पर आधारित इस दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न उद्योगों के प्रमुख कॉर्पोरेट नेता और विशेषज्ञ एकत्र हुए। उन्होंने बदलते व्यावसायिक परिदृश्य में नेतृत्व पर चर्चा की, जिसमें टिकाऊ और समावेशी प्रक्रियाओं पर विशेष जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रुपेश संघवी, संस्थापक और सीईओ, एर्गोड और विशिष्ट अतिथि, सुश्री कमोलिका गुप्ता पेरेस, पूर्व में सर्विसनाउ की वक्तृत्व से शोभायमान हुआ।



लीडरशिपसमिट की शुरुआत भा.प्र.सं. रायपुर की प्लेसमेंट चेयरपर्सन प्रो. रश्मि शुक्ला के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि मैं इस नेतृत्व शिखर सम्मेलन में सभी सम्मानित अतिथियों, वक्ताओं, संकाय सदस्यों और प्रिय विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत करती हूँ। प्रो. राम कुमार काकानी, निदेशक, भा.प्र.सं. रायपुर, ने संगठनात्मक मूल्य और कर्मचारियों के विकास में नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, नेतृत्व प्रभावी प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जो संगठन के संसाधनों का उपयोग करके उसके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। प्रभावशाली नेता कर्मचारियों को प्रेरित और मार्गदर्शन करते हैं, जो उनके करियर विकास के लिए भी लाभदायक है। मुख्य अतिथि रुपेश संघवी ने इस प्रतिष्ठित सम्मेलन के लिए आभार व्यक्त किया और उद्यमशील मानसिकता, सक्रिय नेतृत्व, स्व-अध्ययन की शक्ति और आधुनिक व्यवसाय में एआई के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, निर्णायक कार्रवाई करें, अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ और सुसंगत रहें। विशिष्ट अतिथि कमोलिका गुप्ता, ग्रुप वाइस प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर (पूर्व) सर्विसनाउ, ने हमारे सामने आने वाले अवसरों को अपनाने और अनजाने रास्तों पर चलने पर चर्चा की।

### आयकर की धारा 43बी (एच) को चर्चा उपरांत करें लागू

**रायपुर, 25 अगस्त।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय बजट 2024 के अंतर्गत आयकर अधिनियम 1961 की धारा 43 बी (एच) को व्यापारिक एवं औद्योगिक संस्थानों से परिचर्चा पश्चात लागू करने चेंबर ने केंद्रीय वित्त मंत्री माननीय निर्मला सीतारमण को पत्र के माध्यम से लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों पर पड़ रहे विपरीत प्रभाव को रोकने, अध्यादेश लाकर उक्त प्रावधान में संशोधन हेतु चेंबर ने निवेदन किया। परवानी ने बताया कि गरीबों, युवाओं, महिलाओं और अन्नदाताओं पर ध्यान केंद्रित करने वाले बजट 2024 के अंतर्गत पर्याप्त वित्त, प्रासंगिक प्रौद्योगिकियों और प्रशिक्षण प्रदान करने की प्रतिबद्धता के लिए चेंबर प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से माननीया निर्मला सीतारमण का हार्दिक आभार एवं हृदय से धन्यवाद करते हैं।

# नई शिक्षा नीति पर दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का समापन

**रायपुर, 25 अगस्त।** दिशा कॉलेज एवं विप्र कॉलेज द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 पर दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेस के समापन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर एस के सिंग एक्स वाइस चांसलर बस्तर यूनिवर्सिटी एवं प्रोफेसर प्रमोद कुमार नायक वाइस चांसलर आईसेक्ट यूनिवर्सिटी हजारीबाग झारखंड प्रमुख वक्ता थे।

डॉ पार्थोलॉट ओंकार असिस्टेंट प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ऑनलाइन शामिल हुए।समापन समारोह में डॉ ए के तिवारी प्रिंसिपल दिशा कॉलेज रायपुर एवं डॉ मेघेश तिवारी प्राचार्य विप्र कॉलेज मुख्य रूप से उपस्थित थे। समापन समारोह में मां सरस्वती के पूजा अर्चना उपरांत प्रोफेसर एस के सिंग एक्स वाइस चांसलर बस्तर यूनिवर्सिटी ने अपने उद्बोधन में कहा नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत हमारे देश की भाषा को महत्व दिया जाए जिसके बल पर आगे बढ़ सकते हैं और एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं हमें शिक्षा लेने हमें अपनी आंखों को खुला रखना है अर्थात देखने का नजरिया हमारा सही होना चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी काम को करने के लिए सिस्टम में बदलाव की जरूरत है।



इस अवसर पर डॉ ए के तिवारी प्राचार्य दिशा कॉलेज में अपने उद्बोधन में इंडियन नॉलेज सिस्टम के बारे में संपूर्ण जानकारी दी और और कहां की ग्रेजुएशन जीवन को अच्छे से जीना है नए पाठ्यक्रम को अडॉप्ट करें उसके साथ अपना सामंजस्य बिठाए और यह नीति विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास पर जोर देती है और विद्यार्थियों को अभी प्रेरित करते हुए कहा कि आप लोग कहां की आप ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन कोर्सेज ज्वॉइन करें जो आपको भविष्य में लाभ देंगे। डॉ मेघेश तिवारी प्राचार्य विप्र कॉलेज ने अपने उद्बोधन में नई शिक्षा नीति 2020 पर जोर देते हुए कहा नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम की संरचना पर चर्चा की उन्होंने कहा यह शिक्षा नीति स्किल डेवलपमेंट के अवसर प्रदान करती है।

# महिला डॉक्टर रेप के विरोध में कैंडल मार्च



**रायपुर, 25 अगस्त।** ब्राइट फाउंडेशन संस्था के तत्वाधान में विगत दिनों हुए कलकत्ता में महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना की घोर निन्दा करते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा हो, एवं दिवंगत चिकित्सक को श्रद्धांजलि देते हुए कैंडल मार्च किया गया, उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत, डॉ मनोज ठाकुर, बिहारी लाल शर्मा, प्रवक्ता चेतन चंदेल, राजू साहु, रोटरी क्लब के अध्यक्ष नामो चन्द मोरियानी, अन्नपुर्णा शर्मा, अरुणा यादव, राम भरोसा अग्रवाल, छबीलाल सोनी, छग हेयर गुरु, राज श्रीवास, राजु श्रीवास, रमेश दाऊलाल श्रीवास, नारायण प्रसाद सेन, शुशील शब्बीर सरेठे, शुशील कौशिक, के साथ सेन समाज के पदाधिकारी, व संस्था के सदस्य शामिल होकर डॉ मौमिता के साथ हुए जघन्य बलात्कार व हत्या से उनके परिजनों को तुरंत न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकाली गई।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26